वार्षिक रिपोर्ट
2014-15

राष्ट्रीय शैक्षिक योजना एवं प्रशासन विश्वविद्यालय

वार्षिक रिपोर्ट

2014-15

jk'Vªh; 'kS{kd ;kstuk ,oa
iz'kklu fo'ofo|ky;

17–बी, श्री अरविंद मार्ग, नई दिल्ली–110016

©jk"Vªh; 'kS{kd ;kstuk ,oa iz'kklu fo'ofo|ky; ¼200 izfr;k¡½ 2016
¼Hkkjr ljdkj }kjk fo'ofo|ky; vuqnku vk;ksx vf/kfu;e 1956 dh /kkjk 3 ds varxZr ?kksf"kr½

jk"Vªh; 'kS{kd ;kstuk ,oa iz'kklu fo'ofo|ky; ds fy, dqy lfpo] U;wik }kjk izdkf'kr rFkk y{; ehfM;k izk- fy-] ,&36] f}rh; eafty] lSDVj&4] uks;Mk&201301 }kjk fMtk;u ,oa foHkk iSM izk- fy-] vks[kyk esa U;wik ds izdk'ku ,dd }kjk eqfnzr A

विषय सूची

v/;k;

1.	विहंगावलोकन	1
2.	अध्यापन और व्यावसायिक विकास कार्यक्रम	23
3.	अनुसंधान	39
4.	सहचर्या और सहभागिता	75
5.	न्यूपा में नई पहल	81
6.	पुस्तकालय और प्रलेखन सेवाएं	89
7.	कंप्यूटर और सूचना प्रौद्योगिकी सेवाएं	95
8.	प्रकाशन	99
9.	न्यूपा में सहायता अनुदान योजना	103
10.	प्रशासन और वित्त	109

vuqyXud

I.	संकाय का अकादमिक योगदान	115

ifjf'k"V

I.	न्यूपा परिषद् के सदस्य	205
II.	प्रबंधन बोर्ड के सदस्य	207
III.	वित्त समिति के सदस्य	208
IV.	अकादमिक परिषद के सदस्य	209
V.	अध्ययन बोर्ड के सदस्य	211
VI.	संकाय और प्रशासनिक स्टाफ	213
VII.	वार्षिक लेखा	217

y$kkijh{kk fjiksVZ 265

1 विहंगावलोकन

विहंगावलोकन

राष्ट्रीय शैक्षिक योजना एवं प्रशासन विश्वविद्यालय (न्यूपा) राष्ट्रीय और अंतरराष्ट्रीय स्तरों पर अपने महत्वपूर्ण और व्यापक शैक्षणिक कार्यकलापों के साथ देश के शिक्षा संस्थानों के नेटवर्क में विशेष स्थान रखता है।

इसकी स्थापना आरंभिक रूप से फरवरी 1962 में यूनेस्को तथा भारत सरकार के बीच हस्ताक्षरित समझौते के अंतर्गत शैक्षिक योजनाकारों, प्रशासकों तथा पर्यवेक्षकों के लिये एशिया क्षेत्रीय केंद्र के रूप से हुई थी। इस केंद्र का मुख्य कार्य एशिया के शैक्षिक योजनाकारों, प्रशासकों तथा पर्यवेक्षकों के लिये शैक्षिक योजना, प्रशासन तथा विद्यालय पर्यवेक्षण से संबंधित समस्याओं पर अनुसंधान तथा अल्पकालीन प्रशिक्षण कार्यक्रम का आयोजन तथा सदस्य राज्यों को तकनीकी सहायता प्रदान करना था।

1 अप्रैल 1965 से शैक्षिक योजनाकारों, प्रशासकों तथा पर्यवेक्षकों के लिये एशिया क्षेत्रीय केंद्र का नाम बदलकर एशिया शैक्षिक योजना और प्रशासन संस्थान कर दिया गया। यूनेस्को तथा भारत सरकार के बीच दस वर्ष के समझौते के समाप्त होने के बाद, एशिया संस्थान को भारत सरकार द्वारा अधिग्रहित कर लिया गया और तत्पश्चात 1970 में शैक्षिक योजनाकारों तथा प्रशासकों के लिये राष्ट्रीय स्टाफ कालेज की स्थापना की गई। पुनः इस कालेज का पुनर्गठन किया गया और 31 मई 1979 को इसका विस्तार करते हुये इसको राष्ट्रीय शैक्षिक योजना एवं प्रशासन संस्थान (नीपा) के रूप में पुनः पंजीकृत किया गया।

शैक्षिक नीति, योजना तथा प्रशासन के क्षेत्र में नीपा द्वारा किये गये महत्वपूर्ण कार्यों को देखते हुये संस्थान को वर्ष 2006 में विश्वविद्यालय अनुदान आयोग अधिनियम 1956 की धारा 3 के अंतर्गत इसे 'मानद विश्वविद्यालय' का दर्जा प्राप्त हुआ जिसके अंतर्गत इसे डिग्री प्रदान करने की शक्ति प्रदान की गई और पुनः नाम परिवर्तन के बाद इसे राष्ट्रीय शैक्षिक योजना एवं प्रशासन विश्वविद्यालय (न्यूपा) कहा जाने लगा।

U; iwkdk fe'ku vkSj fotu

राष्ट्रीय शैक्षिक योजना एवं प्रशासन विश्वविद्यालय का उद्देश्य 'ज्ञान के उन्नयन से एक मानवीय अधिगम समाज का निर्माण करना है'। इस विज़न के अंतर्गत राष्ट्रीय विश्वविद्यालय शैक्षिक नीति, उच्च स्तरीय शिक्षण के साथ योजना तथा प्रबंधन, राष्ट्रीय तथा अंतरराष्ट्रीय संदर्भ में अनुसंधान तथा क्षमता निर्माण के क्षेत्र में उत्कृष्ट केंद्र के रूप में सेवायें प्रदान करने हेतु मिशन के रूप में कार्य कर रहा है।

इसे आगे 'राष्ट्रीय विश्वविद्यालय' के नाम से संबोधित किया जायेगा। अन्य केंद्रीय विश्वविद्यालयों की तरह यह पूर्णतः भारत सरकार द्वारा वित्त पोषित है।

राष्ट्रीय शैक्षिक योजना एवं प्रशासन विश्वविद्यालय का उद्देश्य 'ज्ञान के उन्नयन से एक मानवीय अधिगम समाज का निर्माण करना है'। इस विज़न के अंतर्गत राष्ट्रीय विश्वविद्यालय शैक्षिक नीति, उच्च स्तरीय शिक्षण के साथ योजना तथा प्रबंधन, राष्ट्रीय तथा अंतरराष्ट्रीय संदर्भ में अनुसंधान तथा क्षमता निर्माण के क्षेत्र में उत्कृष्ट केंद्र के रूप में सेवायें प्रदान करने हेतु मिशन के रूप में कार्य कर रहा है। राष्ट्रीय विश्वविद्यालय के मुख्य कार्यनीतिक उद्देश्य निम्नांकित हैं :

- शैक्षिक क्षेत्र के विकास लक्ष्यों तथा उद्देश्यों की प्राप्ति सुनिश्चित करने हेतु प्रभावी नीतियों, योजना तथा कार्यक्रमों के निर्माण और क्रियान्वयन हेतु राष्ट्रीय तथा संघ क्षेत्रों के स्तर पर सांस्थानिक क्षमता का सुदृढ़ीकरण तथा स्कूल, समुदाय, जिला, राज्य/संघ प्रदेशों तथा राष्ट्रीय स्तर पर एक त्वरित, सहभागिता और जवाबदेह शैक्षिक अभिशासन तथा प्रबंधन प्रणाली का सांस्थनीकरण;

- शैक्षिक सुधारों का अनुसमर्थन करने और शिक्षा क्षेत्र के विकास कार्यक्रमों की प्रभावी योजना, डिजाइन, कार्यान्वयन और अनुश्रवण को बढ़ावा देने के प्रयोजन से अपेक्षित ज्ञान और कौशलों से सुसज्जित शैक्षिक नीति, योजना और प्रशासन के क्षेत्र में युवा पेशेवरों सहित और शिक्षाविदों सहित विशेषीकृत मानव संसाधनों के समूह का विस्तार करना;

- शैक्षिक क्षेत्र में उभरती तथा वर्तमान चुनौतियों का सामना करने हेतु तथ्य आधारित जवाबदेही एवं प्रभावी कार्यक्रम क्रियान्वयन को बढ़ावा देने हेतु शैक्षिक नीति, योजना तथा प्रशासन एवं संबंधित विषयों के ज्ञान आधार में वृद्धि;

- शैक्षिक क्षेत्र विकास लक्ष्यों तथा उद्देश्यों की प्राप्ति हेतु प्रभावी शैक्षिक योजना तथा प्रबंधन व्यवहार तथा बेहतर शैक्षिक नीतियों के क्रियान्वयन हेतु शैक्षिक योजना तथा प्रबंधन व्यवहार, अनुसंधान परिणामों, नवाचारों तथा सर्वोत्तम व्यवहार समेत सूचना तथा ज्ञान की साझेदारी एवं पहुंच में सुधार;

- अंतरशास्त्रीय जिज्ञासाओं को प्रोत्साहन देते हुये शैक्षिक नीति निर्माण, शैक्षिक योजना तथा प्रबंधन व्यवहार/तकनीक शिक्षा के सभी चरणों तथा व्यवस्था में, तथा रणनीतिक उपागम शैक्षिक योजना प्रकियाओं, अभिशासन तथा प्रबंधन में सुधार हेतु तथा अंतरशास्त्रीय जिज्ञासाओं में नेतृत्वकारी भूमिका जो शैक्षिक नीति–निर्माण तथा देश में शैक्षिक योजना तथा प्रशासन व्यवहार का निर्माण करती है।

eq[; dk;Z

अपने मिशन को पूरा करने के उद्देश्य से राष्ट्रीय विश्वविद्यालय निम्नांकित मुख्य कार्यों में संलग्न है :

- शिक्षा के सभी चरणों में शैक्षिक नीति, योजना तथा प्रबंधन में नेतृत्वकारी भूमिका प्रदान करना;
- सर्वोत्तम प्रशिक्षित शैक्षिक योजनाकारों तथा प्रशासकों के कैडर के गठन हेतु प्री–डाक्टरल, डॉक्टरल तथा पोस्ट डॉक्टरल कार्यक्रमों और व्यावसायिक विकास कार्यक्रमों सहित अध्यापन के विकसित अंतरशास्त्रीय कार्यक्रमों का विकास तथा आयोजन और साथ में शैक्षिक नीतियों योजना तथा कार्यक्रमों की रूपरेखा, क्रियान्वयन, अनुश्रवण हेतु सतत् सांस्थानिक क्षमता का निर्माण करना;
- शैक्षिक लक्ष्यों और उद्देश्यों की प्राप्ति हेतु अनुसंधान एजेंडा तथा वचनबद्धता को स्वरूप देना, क्षमता निर्माण कार्यक्रम के लिये आवश्यक समर्थन हेतु नये ज्ञान का सृजन तथा तथ्य आधारित नीति निर्माण और बेहतर शैक्षिक योजना और प्रबंधन व्यवहार/तकनीक का प्रयोग करना;
- केंद्रीय तथा राज्य सरकारों को तथा राष्ट्रीय एवं राज्य स्तरीय संस्थानों को उनकी शैक्षिक योजना तथा प्रबंधन से संबंधित क्षमता निर्माण तथा अनुसंधान आवश्यकताओं को पूर्ण करने हेतु तकनीकी समर्थन प्रदान करना और उन्हें शैक्षिक नीतियों, योजनाओं तथा कार्यक्रमों की रूपरेखा, अनुश्रवण तथा मूल्यांकन में सुधार हेतु मदद करना;
- शैक्षिक क्षेत्र के विकास कार्यक्रमों के मूल्यांकन तथा निर्माण हेतु राष्ट्रीय तथा अंतर्राष्ट्रीय अभिकरणों को परामर्श सेवायें प्रदान करना;
- शिक्षा के क्षेत्र में वर्तमान तथा नवीन ज्ञान के सृजन हेतु सूचना तथा विचारों के समाशोधन गृह के रूप में कार्य, शैक्षिक नीतियों, योजना तथा प्रशासन में विशेष रूप से, विचारों/अनुभवों के आदान–प्रदान तथा नीति–निर्माताओं, शैक्षिक योजनाकारों तथा प्रशासकों के बीच नीतिगत चर्चा हेतु विचार मंच प्रदान करना, प्रभावी नीतियों तथा शैक्षिक योजना तथा प्रबंधन तकनीक/व्यवहार को शिक्षा क्षेत्र संबंधी चुनौतियों को सामना करने हेतु चिह्नित करना तथा शिक्षा क्षेत्र संबंधी विकास लक्ष्यों/उद्देश्यों को प्राप्त करना;
- शैक्षिक योजना तथा प्रबंधन में सुधार हेतु संयुक्त प्रयासों/कार्यक्रमों तथा अनुसंधान अध्ययनों को प्रोत्साहन देने के लिए संयुक्त राष्ट्र व्यवस्था के अंतर्गत कार्यक्रमों, निधि एवं एजेंसियों समेत राष्ट्रीय

तथा अंतरराष्ट्रीय संस्थानों एवं संगठनों के साथ नेटवर्किंग तथा सहयोग;

- शैक्षिक क्षेत्र के विकास में उभरती हुई प्रवृत्तियों का मूल्यांकन तथा विश्लेषण, शैक्षिक योजना तथा प्रबंधन में उभरती हुई चुनौतियों की पहचान तथा शैक्षिक क्षेत्र के विकास लक्ष्यों और उद्देश्यों की प्राप्ति हेतु उपयुक्त नीति निर्माण तथा कार्यक्रम हस्तक्षेप के निर्माण को सुगम बनाने के लिए शैक्षिक क्षेत्र विकास लक्ष्यों और उद्देश्यों की प्रगति का मूल्यांकन।

राष्ट्रीय विश्वविद्यालय के उपरोक्त कार्य राज्य तथा संघशासित प्रदेश एवं केंद्रीय स्तर पर सरकारों तथा संस्थानों के साथ निकटतम संपर्क तथा सहयोग द्वारा आयोजित किये जाते हैं। उच्च स्तरीय शिक्षा के साथ राष्ट्रीय विश्वविद्यालय कार्यक्रम क्रियान्वयन तथा मूल्यांकन एवं शिक्षा व्यवस्था की योजना तथा प्रबंधन से संबंधित मुद्‌दों को संबोधित करता है। विश्वविद्यालय का एक मुख्य पहलू जमीनी स्तर पर राष्ट्रीय विश्वविद्यालय का संबंध द्वि–रूप कार्य प्रणाली है। विश्वविद्यालय अपने ज्ञान आधार में वृद्धि वास्तविकता क्षेत्र में अनुसंधान तथा क्षेत्र कार्यकर्ताओं के साथ स्कूल, कालेज, राज्य तथा केंद्रीय सरकार के विभिन्न स्तरों पर विभागों के साथ संपर्क द्वारा करता रहा है। राष्ट्रीय संस्थान के रूप में, राष्ट्रीय विश्वविद्यालय राज्यों/संघशासित प्रदेशों की शैक्षिक योजना तथा प्रबंधन संबंधी क्षमता निर्माण को पूर्ण करने हेतु संसाधन व्यक्तियों को प्रशिक्षण, राज्य सरकारों तथा राज्य संस्थानों के साथ निकटवर्ती संपर्क, उनकी शैक्षिक व्यवस्था का समालोचनात्मक अध्ययन, नीतियां तथा कार्यक्रम एवं उन्हें व्यावसायिक परामर्श तथा तकनीकी समर्थन हेतु प्रयासरत है। विश्वविद्यालय अपने ऐसे कार्यक्रमों की शैक्षिक नीति, योजना और प्रशासन के क्षेत्र में एक थिंक टैंक (प्रसार केन्द्र) बना हुआ है। विश्वविद्यालय अपने अधिकांश क्षमता निर्माण के कार्यक्रमों के माध्यम से अपनी विशेषज्ञता, अनुभव और अन्तर्दृष्टि जमीनी स्तर के शैक्षिक कार्यकर्त्ताओं को हस्तान्तरित कर रहा है। इस प्रकार से विश्वविद्यालय की इस दोहरी भूमिका ने अपने अध्यापन तथा अनुसंधान के अकादमिक कार्य को व्यापक प्रामाणिकता प्रदान की है।

vdknfed <kpk rFkk leFkZ lsok,a

विश्वविद्यालय के अकादमिक ढांचे में विभाग, केंद्र, विशेष पीठ हैं जो शिक्षा के विशिष्ट पक्षों को संबोधित करते हैं तथा तकनीकी समर्थन एकक/समूह तथा अकादमिक समर्थन प्रणाली अपने संबंधित विषयगत क्षेत्रों से जुड़ी विकास तथा क्रियान्वयनकारी गविविधियों के प्रति उत्तरदायी हैं। विश्वविद्यालय के संकाय में प्रोफेसर, सह–प्रोफेसर, सहायक प्रोफेसर तथा राष्ट्रीय अध्येता सम्मिलित हैं जो शिक्षा नीति, योजना तथा प्रशासन के विभिन्न क्षेत्रों के विशेषज्ञ हैं। प्रत्येक विभाग अंतरशास्त्रीय विषयों के आधार पर संयोजित है और वे ज्ञान, विद्वता तथा अन्य अध्ययन कार्यक्रमों और अनुसंधान क्षेत्रों, सामान्यतः शिक्षा, और विशेष रूप से शैक्षिक नीति, योजना तथा प्रबंधन में विशेष तौर पर संसाधन प्रदान करते हैं। प्रत्येक विभाग के पास अनुसंधान/परियोजना सहायकों तथा अनुसचिवीय स्टाफ के अतिरिक्त विषय विशेषज्ञ के रूप में संकाय सदस्य हैं। अकादमिक विभाग का अध्यक्ष प्रोफेसर होता है। विभाग विभिन्न प्रशिक्षण तथा अनुसंधन कार्यक्रमों के निष्पादन और विकास तथा उनको प्रदान किये गये क्षेत्रों में परामर्श तथा सलाहकारी सेवाएं प्रदान करते हैं।

समीक्षाधीन वर्ष के अंतर्गत, विश्वविद्यालय के अकादमिक कार्यक्रमों का आयोजन आठ अकादमिक विभागों तथा विशेष पीठ विश्वविद्यालय मानक एवं मूल्यांकन एकक, परियोजना प्रबंधक एकक, भारत–अफ्रीका शैक्षिक योजना एवं प्रशासन संस्थान (आई.ए.आई.ई.पी.ए.) तथा दो केंद्रों द्वारा किया गया जिन्हें अकादमिक तथा प्रशासनिक सेवा एककों द्वारा समर्थन प्रदान किया गया।

v d kn fe d l a Bu

fo Hkkx

- शैक्षिक योजना
- शैक्षिक प्रशासन
- शैक्षिक वित्त
- शैक्षिक नीति
- विद्यालय एवं अनौपचारिक शिक्षा
- उच्चतर तथा व्यावसायिक शिक्षा
- शैक्षिक प्रबंधन सूचना प्रणाली
- शैक्षिक प्रशिक्षण एवं क्षमता विकास

d sUnz

- राष्ट्रीय विद्यालय नेतृत्व केन्द्र
- उच्च शिक्षा नीति अनुसंधान केन्द्र

, d d

- विद्यालय मानक एवं मूल्यांकन एकक

v kbZ v kbZ Z h,

- भारत–अफ्रीका शैक्षिक योजना एवं प्रशासन संस्थान

l e FkZ l sok, a

- पुस्तकालय तथा प्रलेखन केन्द्र
- कंप्यूटर केन्द्र
- प्रकाशन एकक
- परियोजना प्रबंधन एकक
- डिजीटल अभिलेखागार

i hB r Fkk j k'Vªh; v /; s r k

- मौलाना अबुल कलाम आज़ाद पीठ
- अध्यापक प्रबंधन एवं विकास पर राजीव गांधी सथापना पीठ
- न्यूपा राष्ट्रीय अध्येता

v d kn fe d

fo Hkkx

' kS{ kd ; kt u k fo Hkkx %केंद्रीकृत नियोजन से हटकर विकेंद्रीकृत योजनाओं पर बल के साथ, न्यूपा के प्रमुख विभागों में से एक यह विभाग, जिला, राज्य और राष्ट्रीय स्तर पर संस्थागत योजना के आगतों, प्रक्रियाओं, और उत्पादों के एकीकरण पर ध्यान केंद्रित करता है। पारंपरिक अर्थों में व्यापक योजना से हटकर आज, आर्थिक उदारीकरण की पृष्ठभूमि में, ध्यान रणनीतिक योजना पर स्थानांतरित हो गया है। हाल के दिनों में, गरीबी कम करने और स्थायी विकास को बढ़ावा देने के लिए एक साधन के रूप में शिक्षा पर दबाव के साथ न केवल शैक्षिक योजना का दायरा समष्टि स्तर पर रणनीतिक योजना के संस्थानीकरण को कवर करना है बल्कि विकेन्द्रीकरण को बढ़ावा देने और शिक्षा के क्षेत्र में निवेश की गुणवत्ता में सुधार लाने के लिए स्कूल मैपिंग, सूक्ष्म नियोजन और स्कूल सुधार योजना के रूप में स्थानीय स्तर की योजना तकनीकों का प्रयोग करना भी है। विभिन्न राष्ट्रीय और अंतरराष्ट्रीय निकायों को परामर्श उलब्ध कराने के साथ–साथ शिक्षण और प्रशिक्षण, शैक्षिक योजनाकारों के पेशेवर विकास, अनुसंधान और क्षमता विकास कार्यक्रमों के माध्यम से किया जाता है। विभाग शैक्षिक विकास में पहल का निदान और मूल्यांकन के लिए महत्वपूर्ण डेटा विश्लेषण और संकेतकों के प्रयोग हेतु शिक्षा पदाधिकारियों की क्षमताओं में सुधार करने में लगा हुआ है। विभाग एम.फिल. और पी–एच.डी. के विभिन्न केंद्रिक और वैकल्पिक पाठ्यक्रमों के संचालन, शैक्षिक योजना एवं प्रशासन में राष्ट्रीय डिप्लोमा (डेपा) और अंतरराष्ट्रीय डिप्लोमा (आईडेपा) शिक्षण कार्यक्रमों के संचालन में योगदान देता है।

' kS{ kd i z kk u fo Hkkx %शैक्षिक प्रशासन विभाग का मुख्य उद्देश्य प्रशासन और प्रबंधन के विविध आयामों अनुसंधान, अध्ययन, प्रशिक्षण तथा परामर्शकारी सेवाओं में सक्रिय रूप से बौद्धिक और अकादमिक संलग्नता है। विभाग का एक मुख्य शैक्षिक क्षेत्र सरोकार एक समृद्ध ज्ञान आधार का विकास करना और शैक्षिक प्रशासन तथा प्रबंधन के विविध आयामों पर शैक्षिक प्रशासकों तथा शोधार्थियों को एक मजबूत पेशेवर अनुसमर्थन का निर्माण करना है। अतः यह विभाग शैक्षिक प्रशासन और शासन की गतिशीलता को समझने और उसका विश्लेषण करने हेतु इसकी ठोस अवधारणा और ढांचा के विकास के लिए प्रयासरत है। यह विभाग विभिन्न स्तर के शिक्षा कर्मियों के लिये शैक्षिक प्रशासन और प्रबंधन के विविध पक्षों पर प्रशिक्षण कार्यक्रम और कार्यशालाएँ आयोजित करता है।

' kS{ kd fo Ùk fo Hkkx %इस विभाग का दोहरा उद्देश्य शिक्षा के सभी स्तरों –राष्ट्रीय, प्रादेशिक तथा विश्वस्तर पर आर्थिक तथा वित्तीय पक्ष पर अनुसंधान करना तथा उसे प्रोत्साहित करना है तथा विकासशील देशों और भारत में शिक्षा क्षेत्र की वित्तीय योजना तथा प्रबंधन से जुड़े कर्मियों के क्षमता निर्माण का सृजन करना है। विभाग के कार्यक्रम/गतिविधियां– अनुसंधान, अध्यापन, प्रशिक्षण तथा परामर्श हैं जो नीति, योजना तथा विकास, शिक्षा के सार्वजनिक तथा निजी वित्त पोषण, सरकारी तथा निजी संसाधनों की लामबंदी, शिक्षा के सभी स्तरों पर संसाधनों का आवंटन तथा उपयोग, प्राथमिक से उच्च, तथा संसाधन आवश्यकताओं के आकलन से

जुड़े मुद्दों के इर्द–गिर्द केंद्रित हैं। अधिकांशतः शोध के क्षेत्र शिक्षा के वित्त पोषण, कार्यक्रम और नीतिगत मुद्दों से संबंधित हैं। परामर्शकारी सेवाएँ नीतिगत मुद्दों पर केंद्रित हैं। अध्यापन के विषय में शिक्षा का अर्थशास्त्र और शैक्षिक वित्त पोषण से जुड़े मुद्दे शामिल हैं। प्रशिक्षण और अभिविन्यास कार्यक्रम के विषय योजना तकनीक और प्रबंधन प्रणाली पर आधारित हैं।

'kSf{kd uhfr foHkkx %यह विभाग नीतियों से संबंधित विभिन्न मसलों पर जिन दिशाओं की ओर शिक्षा व्यवस्था आगे बढ़ चुकी है, उन्हें ध्यान में रखते हुए शैक्षिक नीति संबंधी अध्ययन करता है। यह भारतीय परिप्रेक्ष्य में नीति–निर्माताओं के बीच नीति निर्माण के प्रति मूलभूत समझ विकसित करने का प्रयास भी करता है। यह विभाग नीति निर्माताओं, कार्यकर्त्ताओं और शैक्षिक नीति तथा सार्वजनिक नीति से जुड़े अन्य लाभार्थियों/व्यक्तियों के लिए नीति संबंधी विभिन्न मुद्दों पर परिसंवाद और प्रशिक्षण कार्य आयोजित करता है।

विभाग की प्रमुख गतिविधियों में प्रशिक्षण, अध्यापन, शोध और अकादमिक अनुसमर्थन शमिल हैं। यह विभाग राष्ट्रीय और अंतरराष्ट्रीय स्तरों पर शैक्षिक प्रशासकों और योजनाकारों के लिये अल्पावधि और दीर्घकालीन प्रशिक्षण कार्यक्रम आयोजित करता है। इसके अलावा यह विमर्श के लिये अल्पकालीन पाठ्यक्रम भी आयोजित करता है और पंचवर्षीय योजनाओं की तैयारी संबंधी मुद्दों पर सूचना आधार तैयार करता है। विभाग के प्रमुख शोध केन्द्र प्रायोजित शैक्षिक योजनाओं के मूल्यांकन और नीति तथा कार्य व्यवहार की समझ पर केंद्रित होता है।

यह विभाग राज्य, जिला और उप जिला स्तरों पर कार्यरत शैक्षिक योजनाकारों तथा प्रशासकों के लिये नीतिगत मुद्दों पर क्षमता विकास के लिये प्रशिक्षण कार्यक्रम आयोजित करता है। यह नीति के बहुस्तरीय अभिशासन को बल देता है जिसमें आधारभूत स्तर पर सहभागिता पूर्ण ढांचे पर फोकस किया जाता है। मिसाल के तौर पर शिक्षा की विकेंद्रीकृत योजना और स्कूली शिक्षा में समुदाय की भूमिका इसके शोध अध्ययनों से प्रकट होता है। यह विभाग राष्ट्रीय विश्वविद्यालय के एम.फिल., पी–एच.डी., डेपा और आईडेपा कार्यक्रमों के कुछ पाठ्यक्रमों सहित अध्यापन संबंधी सभी कार्यक्रमों में योगदान करता है। यह (क) सांस्थानिक निर्माण और (ख) क्षमता संवर्द्धन संबंधी कार्यक्रमों में राज्य सरकारों को परामर्शकारी सेवा भी प्रदान करता है।

fo|ky; vkSj vukSSpkfjd f'k{kk foHkkx % विद्यालय और अनौपचारिक शिक्षा विभाग व्यापक रूप से अधिकार–आधारित और समेकित ढांचे के अंतर्गत पूर्व–स्कूल शिक्षा, समग्र स्कूल शिक्षा, अनौपचारिक और प्रौढ़ साक्षरता से संबंधित महत्वपूर्ण मुद्दों पर विशेष बल देता है। यह गुणवत्ता, समता, सामाजिक न्याय और समेकन की सैद्धांतिक समझ विकसित करने का प्रयास करता है। यह विभाग संस्थान के रूप में स्कूलों और स्कूल तथा अनौपचारिक में हो रहे बदलावों पर नीतियों तथा व्यावहारिक हस्तक्षेपों हेतु अनुभवजन्य आधार प्रदान करने के उद्देश्य से शोध अध्ययन करता है। यह विभाग शैक्षिक योजना एवं प्रशासन में राष्ट्रीय और अंतरराष्ट्रीय डिप्लोमा कार्यक्रम एवं एम.फिल, पी–एच.डी. के कुछ पाठ्यक्रमों के अध्यापन सहित राज्य, जिला तथा उप–जिला स्तर के अधिकारियों के लिये कार्यशालाएं और क्षमता विकास के कार्यक्रम आयोजित करता है? यह योजनाओं तथा नीतियों के अध्ययन तथा निर्माण में केन्द्र तथा राज्य सरकारों को परामर्श सेवाएं प्रदान करता है। यह विभाग सह–क्रियात्मक संबंध स्थापित करने के उद्देश्य से राष्ट्रीय और अन्तरराष्ट्रीय स्तर के संस्थानों के साथ अनुभव और विशेष क्षमता साझा करता है। वर्तमान में व्यावहारिक ज्ञान के मद्देनजर यह विभाग कमोबेस सीमित चार क्षेत्रों– अधिकार आधारित ढांचे के अंदर स्कूली शिक्षा में समता गुणवत्ता और समावेशन, अध्यापक विकास और प्रबंधन, स्कूल नेतृत्व एवं स्कूली मानकों के मूल्यांकन पर विशेष बल दे रहा है। संकाय के सदस्य राष्ट्रीय विद्यालय नेतृत्व केंद्र में भी कार्य करते हैं और विद्यालय मानक और मूल्यांकन एकक में भी संबद्ध हैं।

mPp rj vkSj O;kolkf;d f'k{kk foHkkx %यह विभाग वर्षों से मानव संसाधन विकास मंत्रालय, भारत सरकार को लगातार अनुसंधानात्मक अनुसमर्थन और नीतिगत सुझाव प्रदान करता रहा है। विभाग के विश्व व्यापार संगठन कक्षा ने गेट्स के अंतर्गत प्राप्त अनुरोधों के विश्लेषण और भारत की सहमति की पुष्टि करने में महत्वपूर्ण भूमिका अदा की। विभाग ने उच्चतर शिक्षा के अंतरराष्ट्रीयकरण के विविध आयामों पर अध्ययन किया और उन पर विमर्श हेतु संगोष्ठियां आयोजित की तथा उनके निष्कर्षों का प्रसारण किया। यह विभाग उच्चतर शिक्षा के लिये विभिन्न पंचवर्षीय योजनाओं को अंतिम रूप देने में सहयोग करता रहा है। यह विभाग विषेषज्ञों, विश्वविद्यालयों के कुलपतियों, संकायाध्यक्षों और कुलसचिवों के सम्मेलन और संगोझिष्ठयों के आयोजन में यू.जी.सी. का सहयोग करता रहा है।

इस विभाग ने कार्य निष्पादन आधारित उच्चतर शिक्षा पर विश्व सम्मेलन आयोजित करने हेतु यूनेस्को क्षेत्रीय सम्मेलन के आयोजन और भारतीय उच्चतर शिक्षा में कार्य निष्पादन आधारित वित्त पोषण पर योजना आयोग – विश्व बैंक प्रायोजित संगोष्ठी के आयोजन में भी सहयोग किया है। कार्य निष्पादन आधारित विभाग के नियमित वार्षिक कार्यक्रमों में विभिन्न श्रेणी के कालेजों के प्राचार्यों के लिये नियमित प्रशिक्षण कार्यक्रम शामिल हैं। वार्षिक कार्यक्रमों के अंतर्गत यह विभाग विभिन्न श्रेणियों के कॉलेज प्राचार्यों के लिये नियमित प्रशिक्षण कार्यक्रम आयोजित करता रहा है। विभाग विश्वविद्यालयों तथा कालेजों को उच्च शिक्षा की गुणवत्ता और पहुंच के विभिन्न आयामों तथा अकादमिक सुधार पर संगोष्ठियां आयोजित करने में अकादमिक समर्थन प्रदान करता है। विभाग राष्ट्रीय विश्वविद्यालय के शैक्षणिक कार्यक्रम–एम.फिल तथा पी.एच.डी. कार्यक्रमों के केंद्रिक तथा वैकल्पिक पाठ्यक्रमों में सक्रिय रूप से भाग ले रहा है और इसके शोधार्थियों का अतिरिक्त शोधनिर्देशन कर रहा है।

'kS{kd i zf'k{k.k vkS {kerk fodkl foHkkx % यह विभाग विशेष रूप से नवनियुक्त एंव प्रोन्नत शैक्षिक प्रशासकों क्षमता में सुधार के लिये राष्ट्रीय और अंतरराष्ट्रीय स्तरों पर सहसंबंध विकसित करने पर विशेष बल देता है। शिक्षा प्रणाली और संस्थानिक स्तर के अधिकारियों के लिये विषयगत और संवर्ग आधारित पाठ्यक्रमों के द्वारा शिक्षा तथा विभागों के कार्य दल का विकास से स्थाई और समर्पित संस्थानिक व्यवस्था बनाने के उद्देश्य से इस विभाग ने कार्यक्रमों की रूपरेखा तैयार की है।

इसके अलावा यह विभाग लंबी अवधि के दो डिप्लोमा कार्यक्रम, एक राष्ट्रीय और दूसरा अंतरराष्ट्रीय शिक्षा कर्मियों के लिये आयोजित करता है। वर्ष 2013 में शैक्षिक योजना और प्रशासन में 34वां राष्ट्रीय डिप्लोमा कार्यक्रम आयोजित किया गया जिसमें भारत के 12 राज्यों के 25 शिक्षा अधिकारियों ने प्रतिभागिता की। शैक्षिक योजना और प्रशासन में 30वां अंतर्राष्ट्रीय डिप्लोमा कार्यक्रम फरवरी 2014 से आयोजित किया गया। इसमें 17 देशों के 27 अंतरराष्ट्रीय प्रतिभागियों ने हिस्सा लिया। इंडोनेशिया और भूटान के अनुरोध पर इन देशों के लिए क्षमता विकास पर दो क्षमता विकास कार्यक्रम आयोजित किए गए।

यह विभाग विशेष फोकस समूह जैसे अल्पसंख्यक प्रबंधित शिक्षा संस्थानों (विद्यालय और उच्चतर शिक्षा) के प्रमुखों, जनजातीय क्षेत्रों के आश्रम स्कूलों के प्राचार्यों और डाइट के योजना एवं प्रबंधन विभाग के संकाय के लिये क्षमता विकास कार्यक्रम भी आयोजित किये गये।

'kS{kd i zca/ku lwpuk iz.kkyh foHkkx % शैक्षिक प्रबंधन सूचना प्रणाली विभाग शोध और क्षमता विकास संबंधित कार्य करता है और भारत सहित विश्व के विभिन्न देशों की शिक्षा का आंकड़ा आधार और प्रबंधन सूचना प्रणाली को मजबूत बनाने के लिए तकनीकी परामर्श देता है। यह विभाग भारत में प्रारंभिक शिक्षा की प्रबंधन सूचना प्रणाली (एम आई एस) और आंकड़ा आधार को मजबूत बनाने में महत्वपूर्ण भूमिका अदा कर रहा है। विभाग मानव संसाधन विकास मंत्रालय और यूनीसेफ के सहयोग से जिला शिक्षा सूचना प्रणाली (डाइस) का प्रबंधन करता है। इसके अलावा यह विभाग शैक्षिक सांख्यिकी के मुद्दों और शिक्षा के समकालीन मुद्दों पर सम्मेलन/संगोष्ठियां और शैक्षिक योजना में मात्रात्मक विधियों पर कार्यशालाएं/ प्रशिक्षण कार्यक्रम आयोजित करता है और सांख्यिकी तथा प्रबंधन सूचना प्रणाली पर परामर्श प्रदान करता है। विभाग के संकाय सदस्य मानव संसाधन विकास मंत्रालय द्वारा स्कूल शिक्षा सांख्यिकी की एकीकृत प्रणाली के निर्माण हेतु गठित विशेषज्ञ समिति में सक्रिय रूप से शामिल हैं। तद्नुसार स्कूल शिक्षा सांख्यिकी की एकीकृत प्रणाली की दिशा में वर्ष 2012–13 से देशभर में समान आंकड़ा प्रपत्र में पहले कदम के रूप में डाइस और सेमीस का समेकित आंकड़ा संगृहित किया गया है। वर्ष 2014–15 के दौरान स्कूल शिक्षा प्रदान कर रहे 1.53 मिलियन स्कूलों से आंकड़ा एकत्र किए गए।

इस विभाग द्वारा आयोजित कुछ कार्यक्रमों/संगोष्ठियों/ कार्यशालाओं के विषय निम्नलिखित हैं : शैक्षिक योजना में मात्रात्मक तकनीकों का प्रयोग, एजुसेट द्वारा डाइस पर संवेदनशीलता कार्यक्रम, शैक्षिक शोध में डाइस आंकड़ों का उपयोग और स्कूल शिक्षा सांख्यिकी की एकीकृत प्रणाली आदि। यह विभाग तीसरी दुनिया के देशों के लिए ईएमआईएस पर सुनियोजित पाठ्यक्रम के साथ–साथ डेपा और आईडेपा में शैक्षिक योजना में मात्रात्मक विधि पर पाठ्यक्रम का अध्यापन करता है। विभाग का संकाय ईएमआईएस और स्कूली शिक्षा से संबंधित पक्षों पर भारत सरकार के साथ–साथ राज्य सरकारों को परामर्शकारी सेवाएं प्रदान करता है।

fo ' kś'k i hB

e kSy kuk v Ckqy d y ke v kt kn i hB % यह पीठ स्वतंत्र भारत के शिक्षा, विज्ञान और संस्कृति के पहले मंत्री मौलाना आज़ाद के योगदान को स्मरण करने के लिए मानव संसाधन विकास मंत्रालय द्वारा 2008 में स्थापित किया गया है। पीठ का मुख्य अनुसंधान क्षेत्र 1950 के दशक के अंतिम वर्षों के दौरान मौलाना आजाद के योगदान की खोज करते हुए एक ऐतिहासिक परिप्रेक्ष्य में शिक्षा, विज्ञान और संस्कृति के विकास पर अध्ययन करना है। यह पीठ राष्ट्रीय शिक्षा दिवस के अवसर पर प्रत्येक वर्ष, मौलाना आजाद स्मारक व्याख्यान का आयोजन करता है। यह पीठ मौलाना आज़ाद के दर्शन और वैश्विक विचारों व अन्य संबंधित मुद्दों पर राष्ट्रीय संगोष्ठियों का आयोजन भी करता है।

v /; ki d i zca/ku , oa fod kl i j jkt ho x ka/kh LFkki uk i hB % अध्यापक प्रबंधन एवं विकास पर राजीव गांधी स्थापना पीठ ने जून 2013 में प्रोफेसर और पीठ की नियुक्ति के साथ अपना कार्य आरंभ कर दिया। इस पीठ की स्थापना अध्यापक प्रबंधन एवं विकास पर केंद्रित कार्य को प्रोत्साहित करने के लिए तीन साल की अवधि (2012–15) हेतु की गई है। राजीव गांधी फाउंडेशन संकाय और शोध संबंध व्यय के लिए न्यूपा को निधि प्रदान करता है। राजीव गांधी फाउंडेशन द्वारा वित्त पोषित अध्यापक प्रबंधन और विकास पीठ ने भारत के नौ राज्यों– झारखंड, कर्नाटक, मध्य प्रदेश, मिजोरम, ओडिशा, पंजाब, राजस्थान, तमिलनाडु और उत्तर प्रदेश के प्रारंभिक तथा माध्यमिक विद्यालयों के अध्यापकों की कार्य दशाओं पर अध्ययन किया। इस अध्ययन में तकनीकी साझेदार के रूप में विश्व बैंक को भी आमंत्रित किया गया। इस अध्ययन केन्द्र में प्रारंभिक और माध्यमिक स्तर के राजकीय विद्यालय अध्यापक थे। यह अध्ययन जारी है। पीठ की गतिविधियों के अनुमोदन के लिए सलाहकार समिति का गठन किया गया है। जिसमें प्रख्यात शिक्षाविद् और प्रशासक शामिल हैं। इस पीठ की प्रथम मुख्य गतिविधि – भारत के नौ राज्यों में प्रारंभिक और माध्यमिक विद्यालयों के अध्यापकों की कार्य दशाओं का बहुराज्यीय अध्ययन जारी है। यह अध्ययन झारखंड, कर्नाटक, मध्य प्रदेश, मिजोरम, ओडिशा, पंजाब, राजस्थान, तमिलनाडु और उत्तर प्रदेश में जारी है। न्यूपा नीतिगत दस्तावेजों की व्यापक समीक्षा के लिए एससीईआरटी और गैर–सरकारी संगठनों के साथ कार्य कर रहा है। इसके बाद मुख्य हितधारकों के साथ चर्चा की जाएगी और उनके साक्षात्कार लिए जाएंगे। यह भी प्रस्ताव रखा गया है कि अध्यापकों से शिक्षा व्यवस्था के अंतर्गत अध्यापकों के प्रबंधन और उनके स्थान के बारे में उनके विचार और राय लिए जाएं। इसके बाद अध्ययन का तीसरा चरण शुरु होगा। इसमें न्यूपा शिक्षा व्यवस्था में संभावित सुधार के लिए कार्य करेगा।

v/;kid fodkl vkSj izca/ku dks c<+kok nsus ds fy, v/;;u ihB% अध्यापक विकास और प्रबंधन पर राजीव गांधी पीठ ने जून 2013 से कार्य आरंभ कर दिया। इसका मुख्य उद्देश्य अध्यापक विकास और प्रबंधन से जुड़े मुद्दों – देश भर में अध्यापक विकास और प्रबंधन प्रणाली को प्रभावी बनाने के लिए अपेक्षित नीति विकास और कार्य व्यवहार को उन्नत बनाने के न्यूपा के प्रयोजन को पूरा करना है।

शिक्षा प्रणाली की मांग को पूरा करने हेतु प्रावधान, गुणवत्तापूर्ण अध्यापकों का वितरण और उपयोग, मौजूदा अध्यापक संवर्ग को प्रभावी कार्य निष्पादन हेतु क्षमता विकास की जरूरतों को पूरा करना और स्कूल नेतृत्व का पेशेवर विकास और क्षमता विकास इसके परस्पर संबंधित मुद्दे हैं। यद्यपि नीति और कार्य व्यवहार के बीच मज़बूत संबंध होता है जो ब्लाक, जिला, राज्य और राष्ट्रीय स्तरों पर अध्यापक विकास और प्रबंधन से जुड़े विभिन्न पक्षों को संबोधित करता है। प्रो. विमला रामचंद्रन को इस पीठ का प्रभारी प्रोफेसर नियुक्त किया गया है।

bl ihB dh fof'k"V xfrfof/k;ka gSa%

- विभिन्न राज्यों/संघ क्षेत्रों में अध्यापकों की कार्य दशाओं और संबंधित शैक्षिक प्रबंधन मुद्दों पर स्वतंत्र और साहयोगिक शोध कार्य। यह आशा है कि इससे निर्णय कार्य और प्रभावी नीतिगत ढांचे के निर्माण में अपेक्षित ज्ञान आधार और सूचनाएं संबर्धित होंगे।
- अध्यापक विकास और प्रबंधन कार्य व्यवहार में सुधार हेतु राज्य सरकारों एवं राज्य/संघ क्षेत्र स्तर के संस्थानों को तकनीकी सहायता प्रदान करना।
- राज्य स्तर के शिक्षा प्राधिकरणों और अनुमोदित कार्य व्यवहार हस्तक्षेप से जुड़े हितधारकों को साथ में लेकर अध्यापक विकास और प्रबंधन संबंधी मुद्दों पर नीतिगत संवाद को बढ़ावा देना और उसे सुगम बनाना।
- राष्ट्रीय और राज्य स्तर के हितधारकों हेतु निर्णय कार्य के सूचना आधार को सुलभ बनाने के लिए शोध कार्यों और उत्कृष्ट कार्य व्यवहारों सहित ज्ञान और सूचनाओं का प्रलेखन और प्रसारण।
- प्रभावी अध्यापक विकास और प्रबंधन कार्य व्यवहार के अंगीकरण का समर्थन।

bl dsvarxZr tkjh nks ifj;kstuk v/;;u gSa%

9 राज्यों के शोध अध्ययन में सभी वर्ग के अध्यापकों (नियमित और संविदा अध्यापक) जो प्रारंभिक और माध्यमिक स्तरों पर राजकीय विद्यालयों में कार्यरत हैं उनकी भर्ती और विकास नीतियों तथा कार्य व्यवहारों, वेतन एवं कार्य दशाओं (स्थानांतरण, व स्थापन, व्यावसायिक संवृद्धि और विकास) संबंधी दस्तावेजों का विश्लेषण करना हैं। यह कार्य राज्य स्तरीय अध्ययनों जो राजकीय अधिसूचनाओं, आदेशों और अध्यापक प्रबंधन से जुड़े मुख्य प्रशासकों के साक्षात्कार के आधार पर किया जा रहा है।

dsUnz

jk"Vªh; fo|ky; usr`Ro dsanz¼,ulh,l,y½% राष्ट्रीय विद्यालय नेतृत्व केंद्र भारत में विद्यालयों के रूपांतरण के लिये प्रतिबद्ध है। इसके लिये यह चार घटकों– पाठ्यचर्या और सामग्री विकास, क्षमता विकास, नेटवर्क और संस्थानिक निर्माण और अंत में शोध एवं विकास पर कार्य कर रहा है। यह केंद्र व्यापक परिप्रेक्ष्य में बदलाव और विकास के लिये विद्यालय प्रमुखों के साथ–साथ प्रशासकों के नेतृत्व क्षमता विकास की परिकल्पना करता है। वर्तमान में यह केंद्र मौजूदा विद्यालयों प्रमुखों तथा नवनियुक्त विद्यालय प्रमुखों प्रारम्भिक तथा उच्चतर माध्यमिक स्तर के भावी एवं वरिष्ठ अध्यापकों जो सरकारी और सरकारी सहायता प्राप्त विद्यालयों में कार्यरत हैं, के क्षमता विकास कार्य पर विषेष बल दे रहा है।

यह केंद्र अपने मिशन को पूरा करने के लिए विद्यालय नेतृत्व विकास कार्यक्रम के माध्यम से नेतृत्व क्षमता निर्माण के कार्य से संलग्न है जिसमें विद्यालय रूपांतरण के रूप में विद्यालय आधारित बदलाव लाने के लिए विद्यालय प्रमुखों के साथ सतत रूप से जुड़ाव भी शामिल है। समीक्षाधीन वर्ष के दौरान राष्ट्रीय स्तर के दो दस्तावेज़– राष्ट्रीय कार्यक्रम की रूपरेखा और पाठ्यचर्या ढांचा एवं विद्यालय नेतृत्व विकास पर हस्त पुस्तिका का प्रकाशन किया गया। इसके साथ–साथ अनेक कार्यशालाएँ और बैठकें आयोजित की गईं। समीक्षाधीन वर्ष में 10 राज्यों–

आंध्र प्रदेश, छत्तीसगढ़, गुजरात, हिमाचल प्रदेश, केरल, मिज़ोरम, राज़स्थान, तमिलनाडु, उत्तर प्रदेश और पश्चिम बंगाल में इस कार्य का शुभारंभ किया गया। राज्य विशिष्ट नेतृत्व जरूरतों और चुनौतियों को संबोधित करने के लिये प्रत्येक राज्य की वास्तविक स्थितियों और विद्यालयों के संदर्भों के मद्देनज़र राज्य विशिष्ट कार्यवाही योजनाएँ तैयार की गईं। इस मिशन हेतु राज्यों तथा केंद्र के साथ सहयोगात्मक संबंध बनाने के साथ–साथ अंतरराष्ट्रीय संगठन के साथ साझेदारी की गई। यूकेरी के अंतर्गत भारत में विद्यालय नेतृत्व पर नेशनल कालेज फार टीचिंग एंड लीडरशिप के साथ एक समझौता ज्ञापन पर हस्ताक्षर किए गए हैं।

mPp r j f' k{kk u hfr v uq ákku d sæz % राष्ट्रीय विश्वविद्यालय ने भारत में उच्च शिक्षा के क्षेत्र में नीति संबंधी अनुसंधान को बढ़ावा देने और नीति तथा योजना का अनुसमर्थन करने के लिये एक विशिष्ट संस्थान के रूप में उच्च शिक्षा नीति अनुसंधान केंद्र (सीपीआरएचई) की स्थापना की है। सीपीआरएचई शिक्षा विभाग, मानव संसाधन विकास मंत्रालय, विश्वविद्यालय अनुदान आयोग के निकट सहयोग से कार्य कर रहा है। यह केंद्र उच्च शिक्षा के प्रावधानों के विस्तार और सुधार के मौजूदा राष्ट्रीय प्राथमिकताओं समता और समावेशन की सुनिश्चितता, उच्च शिक्षा की गुणवत्ता में सुधार, प्रासंगिकता और स्नातकों के रोजगार और इसके अभिविन्यास और प्रबंधन

को अंतरराष्ट्रीयकरण तथा सुधार कार्य पर विशेष बल दे रहा है। यह केंद्र शोध को बढ़ावा देने के लिये संस्थानों तथा विश्वविद्यालयों के विभागों का नेटवर्क विकसित कर रहा है। राज्य स्तरीय निकायों जैसे– राज्य उच्च शिक्षा परिषदों के साथ राज्य तथा संस्था स्तर पर उच्च शिक्षा की योजनाओं को बढ़ावा देने के लिए सक्रिय रूप से संलग्न है।

, d d

fo| ky ; e kud , oa eW; kadu , d d % न्यूपा ने मानव संसाधन विकास मंत्रालय, भारत सरकार के तत्वाधान में विद्यालय मानक एवं मूल्यांकन एकक स्थापित किया है। विद्यालय को सुधार की धूरी मानते हुए विद्यालय मानक एवं मूल्यांकन एकक की स्थापना का प्रमुख उद्देश्य विद्यालय का सर्वसम्मति से एक मानक और प्रक्रिया तंत्र का विकास करना है जिसे सभी विद्यालय प्राप्त करने का प्रयास करें। यह एकक प्रत्येक विद्यालय को पूरी जवाबदेही के साथ विद्यालय सुधार हेतु स्व एवं बाह्य मूल्यांकन के लिए स्पष्ट मार्गदर्शन प्रदान करेगा।

राज्यों और विशेषज्ञ के साथ आपसी परामर्श प्रक्रिया के माध्यम से एकक द्वारा निम्नांकित कार्य किए जाएंगे :

- विविधता और बदलते संदर्भों और स्थितियों के संदर्भ में प्राथमिक और माध्यमिक स्कूलों के लिये स्कूल के मानकों के सहमत ढांचे पर स्कूल मानक और मूल्यांकन (NFSSE) पर राष्ट्रीय ढांचे का विकास;
- स्कूल बाह्य मूल्यांकन के लिये पुस्तिका का विकास;
- एक आपसी परामर्श प्रक्रिया के माध्यम से राज्य विशेष स्कूल मानकों और मूल्यांकन को संस्थागत करना;
- नियमित रूप से और स्वतंत्र स्कूल मूल्यांकन और स्कूल सुधार हेतु प्रतिक्रिया के लिए प्रत्येक राज्य में संस्थागत तंत्र की रूपरेखा;
- मूल्यांकनकर्त्ताओं का प्रोफाइल बनाना और राज्य स्तर पर क्षमता विकास के लिये अवसर प्रदान करना;

- आवधिक समीक्षा करने के लिये एक राष्ट्रीय मंच बनाना और सभी संबंधित पक्षों के बीच अनुभवों को साझा करना।

इस प्रयास के एक भाग के रूप में, एक राष्ट्रीय तकनीकी समूह गठित किया गया है और स्कूल मानक और मूल्यांकन पर राष्ट्रीय फ्रेमवर्क के विकास हेतु प्रक्रिया की पहल की जा रही है।

ifj;kstuk izca/ku ,dd ¼ih-,e-;w½ राष्ट्रीय विश्वविद्यालय में परियोजना प्रबंधन इकाई (पीएमयू) समर्थन और प्रायोजित अनुसंधान के प्रबंधन के उद्देश्य से स्थापित किया गया है।

यह एकक शिक्षा नीति और शैक्षिक योजना एवं प्रशासन (व्यक्ति शोध) के क्षेत्र में अध्ययन के लिए न्यूपा सहायता योजना के कार्यान्वयन हेतु न्यूपा, मानव संसाधन विकास मंत्रालय और अध्ययन सेमिनार, मूल्यांकन आदि के लिये अनुदान सहायता योजना विभाग के सभी बाह्य वित्त–पोषित और आंतरिक अनुसंधान परियोजनाओं के उचित समन्वय के लिये प्रशासन की एक केन्द्रीयकृत प्रणाली के रूप में कार्य करता है।

यह एकक सामान्य रूप से, परियोजना अनुमोदन प्रक्रिया को सुविधाजनक बनाने के लिये परियोजना कार्यान्वयन में प्रगति की निगरानी और संबंधित समर्थन सेवाएँ प्रदान करने सहित न्यूपा में किए गए विभिन्न परियोजनाओं के प्रबंधन के लिये प्रशासनिक सहायता प्रदान करता है। यह सभी मामलों में धन और घरेलू व्यय के लेखा सहित न्यूपा – परियोजना भर्ती और नियुक्तियों से संबंधित मुद्दों को संबोधित करता है।

पीएमयू विभिन्न परियोजनाओं के लेखांकन, परियोजना स्टाफ की भर्ती, बजट के अलावा विश्वविद्यालय में चल रहे और पूर्ण अनुसंधान परियोजनाओं से संबंधित सभी कार्य का देखभाल करता है।

पीएमयू एकक में अध्यक्ष, कुलपति द्वारा चयनित किया जाता है। इसके अलावा पांच अन्य अकादमिक तथा समर्थन स्टाफ भी चयनित किये जाते हैं। समर्थन स्टाफ में परियोजना परामर्शदाता, परियोजना प्रबंधक तथा कनिष्ठ परामर्शदाता सम्मिलित हैं। एकक के अध्यक्ष प्रो. के. बिस्वाल हैं।

Hkkjr vÝhdk
l aLFkku

Hkkjr vÝhdk 'kS{kd ;kstuk ,oa iz'kklu laLFkku ¼vkbZ,-vkbZbZih,½% भारत अफ्रीका शैक्षिक योजना एवं प्रशासन संस्थान अप्रैल 2008 में आयोजित भारत–अफ्रीका मंच सम्मेलन के संकल्पों के कार्यान्वयन हेतु बनाई गई कार्यवाई योजना के ढांचे के अंतर्गत स्थापित एक अखिल अफ्रीकी संस्था है। यह संस्थान बुरूण्डी गणराज्य की राजधानी बुजुम्बुरा में स्थित है।

इसके प्रथम चरण में निम्नलिखित गतिविधियां शामिल होंगी (i) अफ्रीकी संघ सदस्य देशों की शैक्षिक योजनाकारों और प्रशासकों को प्रशिक्षण प्रदान करना (ii) शैक्षिक नीति शैक्षिक योजना और प्रशासन के क्षेत्र में अफ्रीकी संघ सदस्य देशों की शिक्षा प्रणाली से संबंधित मुद्‌दों पर शोध और केस अध्ययन (iii) देश और क्षेत्र/महाद्वीप स्तरों पर शिक्षा के विकास की प्रवृत्तियों का विश्लेषण और आकलन (iv) अफ्रीका संघ देशों को क्षमता विकास और शोध से संबंधित विशिष्ट शैक्षिक योजना तथा प्रबंधन की जरूरतों को पूरा करने में तकनीकी सहायता प्रदान करना। (v) अफ्रीकी संघ देशों में शैक्षिक योजना और प्रबंधन से जुड़ी चुनौतियों से निपटने के लिए परस्पर अनुभवों और कार्य व्यवहारों को साझा करना (vi) अफ्रीका और अफ्रीका के बाहर के शिक्षा शोध से जुड़े शोधकर्त्ताओं तथा संस्थानों का नेटवर्क बनाना। (vii) सामान्यतः शैक्षिक विभाग और विशेषकर अफ्रीका संघ सदस्य देशों में शैक्षिक योजना एवं प्रबंधन संबंधी मुद्दों पर नीतिगत परिसंवाद।

इसके प्रथम चरण के दौरान आयोजित कार्यक्रमों/गतिविधियों के विस्तार के साथ दूसरे चरण के दौरान संस्थान शैक्षिक योजना और प्रशासन पर लम्बी अवधि का उन्नत डिप्लोमा कार्यक्रम आयोजित करेगा जिसमें अफ्रीका संघ सदस्य देशों के प्रशिक्षित शैक्षिक योजनाकारों और प्रशासकों में बढ़ोतरी के लिये समिश्रित उपागम पर आधारित प्रशिक्षण कार्यक्रम भी शामिल किए जाएंगे।

v d kn fe d v u q e Fkk Z l so k , d d

i qLrd ky ; v kS i z y s[ku d sUnz% राष्ट्रीय विश्वविद्यालय में एक अत्याधुनिक पुस्तकालय है जिसमें शैक्षिक नीति, शैक्षिक योजना, शैक्षिक प्रशासन और अन्य सहायक विषयों से संबंधित पुस्तकों और अन्य सामग्री का समृद्ध संग्रह है। पुस्तकालय और प्रलेखन केंद्र अपने पाठकों को विभिन्न सेवाएं जैसे–सीएएस, एसडीआई, संदर्भ सेवाएं वेब ओपैक, प्रसारण और फोटोकापी की सुविधाएं प्रदान करता है। पुस्तकालय और प्रलेखन केंद्र राष्ट्रीय तथा अंतरराष्ट्रीय स्तरों पर संसाधनों की साझेदारी को बढ़ावा देने के उद्देश्य से डेलनेट का सदस्य भी है। वर्तमान में पुस्तकालय में अंतरराष्ट्रीय एजेंसियों, जैसे–यूएनओ, यूएनडीपी, यूनेस्को, आईएलओ, यूनीसेफ, विश्व बैंक, ओईसीडी आदि द्वारा आयोजित अंतरराष्ट्रीय सम्मेलनों और संगोष्ठियों की रिपोर्टों के अलावा 55000 से अधिक पुस्तकों/दस्तावेज़ों तथा 6,435 जर्नलों का समृद्ध संग्रह है। पुस्तकालय में शैक्षिक नीति, योजना और प्रबंधन तथा अन्य सहायक क्षेत्रों से संबंधित 240 जर्नल मंगाए जाते हैं। इसके अलावा पुस्तकालय पाठकों के लिए ऑन लाइन जर्नल डाटाबेस, जैसे–जेएसटीओआर, एलसेवियर और सेज भी मंगाता है। न्यूपा के प्रलेखन केंद्र में अधिकारिक रिपोर्टों, केंद्र तथा राज्य सरकारों के प्रकाशनों, शैक्षिक सर्वेक्षणों, पंचवर्षीय योजनाओं और जनगणना रिपोर्टों आदि सहित लगभग 18,500 दस्तावेज हैं। प्रलेखन केंद्र के पास महत्वपूर्ण अंतरराष्ट्रीय रिपोर्टें और शैक्षिक सर्वेक्षण रिपोर्ट हैं जो शैक्षिक शोध और नीति निर्माण के लिए जरूरी हैं। राष्ट्रीय विश्वविद्यालय में एक डिजीटल अभिलेखागार बनाया गया है। भारत में शिक्षा के सभी क्षेत्रों, स्तरों और पक्षों पर शोध और संदर्भ के स्रोत के रूप में एक स्थान पर सभी दस्तावेजों की साफ्टकापी सुलभ करवाई जा सके। इसका मुख्य उद्देश्य प्रयोक्ता समुदाय का निर्माण करना है जो कि विश्वविद्यालय के कार्यों का एक विस्तार है। नवीनतम सूचना संप्रेषण प्रौद्योगिकी के रूप में उच्च स्तरीय स्वचालित डिजीटल स्कैन का उपयोग डिजाइन, संग्रह और डिजीटल दस्तावेजों की पुनः प्राप्ति के लिए इस्तेमाल किया जा रहा है। इस डिजीटल अभिलेखागार में प्रयोक्ता सुलभ बहुखोजी विकल्पों के साथ अंतर्निहित उपयोगों सहित साफ्टवेयर उपलब्ध है।

वर्ष 2013 में शैक्षिक प्रलेखों का एक **fMt hVy v fHky s[kkxkj** स्थापित किया गया है। इसका मुख्य उद्देश्य सभी शैक्षिक प्रलेखों को एक स्थान पर डिजीटल रूप में संग्रहित करना है। डिजीटल अभिलेखागार में 8000 से अधिक अभिलेख संग्रहित हैं और सतत् इनकी संख्या में वृद्धि की जा रही है। प्रलेखों को मुख्यतः 18 श्रेणियों में वर्गीकृत किया गया है और इसी क्रम में आगे भी केंद्र, राज्य, जिला, ब्लॉक स्तर पर उप वर्ग बनाए गये हैं। डिजीटल अभिलेखागार में आज़ादी के बाद से शिक्षा प्रणाली के सभी स्तरों तथा क्षेत्रों से

संबंधित नीतिगत तथा अन्य अभिलेख सुलभ करवाए जाते हैं ताकि नीति विश्लेषकों, योजनाकारों, शोधार्थियों एवं अभिरूचि रखने वाले अन्य विद्वानों को एक स्थान पर आवश्यक सामग्री सुलभ करवाई जा सके और उन्हें संदर्भ सामग्री और आंकड़ों के लिए कहीं और नही जाना पड़े। डिजीटल अभिलेखागार न्यूपा का विस्तारित कार्य है जो प्रयोक्ता समुदाय को समर्पित है।

d a; Wj d anz % कंप्यूटर केंद्र विश्वविद्यालय की सूचना प्रौद्योगिकी संबंधी जरूरतें पूरा करता है। यह केंद्र विश्वविद्यालय के सभी प्रशिक्षणार्थियों और स्टाफ सदस्यों को कंप्यूटर और इंटरनेट की सुविधाएं प्रदान करता है। नेटवर्क संसाधन को पहुंचाने के लिए सभी संकाय और स्टाफ को नेटवर्क प्वांइट सुलभ किए गए हैं। न्यूपा डोमेन से सभी संकाय और स्टाफ सदस्यों के व्यक्तिगत ई–मेल खाता खोले गए हैं। सभी संकाय सदस्यों को 1 जीबीपीएस की इंटरनेट कनेक्टिविटी दी गई है। सभी स्टाफ सदस्यों को डेस्कटॉप और संकाय सदस्यों को लैपटाप आवंटित किए गए हैं। विश्वविद्यालय में समुचित नेटवर्क सुरक्षा का रखरखाव किया जा रहा है। केंद्र में आधुनिकतम सुविधाएं हैं, जैसे–आईबीएम–ई सिरीज सर्वर जो तीव्र अर्थनेट से जुड़ा है। वर्तमान में निम्नलिखित आधारभूत सुविधाएं हैं–उन्नत कैट–6 केबल, केंद्रीकृत कंप्यूटिंग सुविधा, जिसमें उच्च कार्यनिष्पादन वाले सर्वर्स, क्लाइंट पी सी, इंटरनेट से अपलिंक और अन्य सेवाएं और अति सक्षम बहुकल्पिक यू पी एस के जरिए पर्याप्त रूप में अनवरत पावर आपूर्ति उपलब्ध है।

i zd k'ku , d d % न्यूपा में शिक्षा के शोध और विकास के प्रसार– प्रचार हेतु प्रकाशन कार्यक्रम है। न्यूपा प्रकाशन एकक विभिन्न प्रशिक्षण कार्यक्रमों तथा अन्य संबंधित सामग्रीरिपोर्टों, पुस्तकों, जर्नलों न्यूज़लेटर, अनुसंधान आलेखों, तथा अन्य प्रकाशनों के माध्यम से शैक्षिक नीति, योजना तथा प्रशासन से संबंधित क्षेत्रों में अनुसंधान तथा विकास की सूचनाओं के प्रचार–प्रसार हेतु महत्वपूर्ण भूमिका अदा करता है। राष्ट्रीय विश्वविद्यालय के कुछ महत्वपूर्ण प्रकाशन हैं : जर्नल ऑफ एजुकेशनल प्लानिंग एंड एडमिनिस्ट्रेशन, 'परिप्रेक्ष्य' हिन्दी जर्नल तथा एंट्रीप न्यूज़लेटर इत्यादि। राष्ट्रीय विश्वविद्यालय का प्रकाशन एकक मानव संसाधन विकास मंत्रालय, भारत सरकार की विशिष्ट आवश्यकताओं को भी पूर्ण करता है।

fg anh d {k % यह कक्ष शैक्षिक योजना तथा प्रबंधन में व्यावसायिक प्रकाशनों के अनुवाद के माध्यम से अनुसंधान, प्रशिक्षण तथा प्रसार में अकादमिक सहायता प्रदान करता है। यह कक्ष राजभाषा नीति के क्रियान्वयन में भी प्रशासन और संकाय को सहयोग देता है।

v fHk' kkl u v kS i zca/ku

राष्ट्रीय शैक्षिक योजना एवं प्रशासन विश्वविद्यालय (न्यूपा) विश्वविद्यालय अनुदान आयोग अधिनियम 1956 के अंतर्गत घोषित एक मानद विश्वविद्यालय है जो सोसायटी पंजीकरण अधिनियम के अंतर्गत पंजीकृत है। इस राष्ट्रीय विश्वविद्यालय के प्राधिकारियों में शामिल हैं : अध्यक्ष, कुलाधिपति, कुलपति, परिषद, प्रबंधन बोर्ड, अकादमिक परिषद, वित्त समिति और अध्ययन बोर्ड तथा विश्वविद्यालय के प्रबंधन बोर्ड द्वारा घोषित ऐसे अन्य प्राधिकरण। विश्वविद्यालय के कुलपति प्रधान शैक्षणिक और कार्यकारी अधिकारी हैं।

U; iwk i fj 'kn % न्यूपा परिषद विश्वविद्यालय का सर्वोच्च निकाय है जिसका प्रमुख अध्यक्ष होता है। परिषद का मुख्य कार्य कार्यालय ज्ञापन में निर्धारित राष्ट्रीय विश्वविद्यालय के लक्ष्यों को कार्यान्वित करना है। न्यूपा परिषद राष्ट्रीय विश्वविद्यालय के सभी मामलों के सामान्य पर्यवेक्षण का उत्तरदायी है। माननीय मानव संसाधन विकास मंत्री, भारत सरकार न्यूपा परिषद के अध्यक्ष हैं। राष्ट्रीय विश्वविद्यालय के कुलपति इसके उपाध्यक्ष हैं। परिषद के पदेन सदस्य हैं : सचिव, भारत सरकार, उच्च शिक्षा विभाग, मानव संसाधन विकास मंत्रालय, सचिव, भारत सरकार, स्कूल शिक्षा और साक्षरता विभाग, मानव संसाधन विकास मंत्रालय, अध्यक्ष, विश्वविद्यालय अनुदान आयोग, निदेशक, राष्ट्रीय शैक्षिक अनुसंधान और प्रशिक्षण परिषद, और वित्त सलाहकार, मा.सं.वि. मंत्रालय, भारत सरकार। परिषद के अन्य सदस्य हैं– अध्यक्ष द्वारा नामित तीन विख्यात शिक्षाविद्, अध्यक्ष द्वारा नामित राज्य/संघ



क्षेत्र प्रतिनिधि (5 प्रभागों में से प्रत्येक प्रभाग से एक–एक प्रतिनिधि) और अध्यक्ष द्वारा नामित न्यूपा संकाय का एक सदस्य। राष्ट्रीय विश्वविद्यालय के कुलसचिव परिषद के सचिव हैं। दिनांक 31 मार्च 2015 के अनुसार न्यूपा परिषद के सदस्यों की सूची परिशिष्ट–I में प्रस्तुत है।

izca/ku cksMZ % प्रबंधन बोर्ड राष्ट्रीय विश्वविद्यालय का प्रमुख कार्यकारी निकाय है। राष्ट्रीय विश्वद्यिालय के कुलपति प्रबंध बोर्ड के पदेन अध्यक्ष हैं। अन्य सदस्य हैं : राष्ट्रीय विश्वविद्यालय के अध्यक्ष द्वारा नामित तीन सदस्य मा.सं.वि. मंत्रालय, भारत सरकार का एक नामिती, वि.अ.आ. के अध्यक्ष का एक नामिती, राष्ट्रीय विश्वविद्यालय के संकाय डीन, राष्ट्रीय विश्वविद्यालय के दो संकाय सदस्य (एक प्रोफेसर और एक सह–प्रोफेसर/सहायक प्रोफेसर), कुलसचिव, न्यूपा, प्रबंधन बोर्ड का सचिव होता है। 31 मार्च, 2015 के अनुसार प्रबंधन बोर्ड के सदस्यों की सूची परिशिष्ट–II में दी गई है।

foÙk lfefr % वित्त समिति की मुख्य भूमिका विश्वविद्यालय की लेखा की जांच करना और व्यय के प्रस्तावों की समीक्षा करना है। राष्ट्रीय विश्वविद्यालय की वार्षिक लेखा और वित्तीय आकलनों को वित्त समिति के सम्मुख रखा जाता है और समिति की टिप्पणियों के साथ इसे अनुमोदन के लिए प्रबंधन बोर्ड को प्रस्तुत किया जाता है। वित्त समिति विश्वविद्यालय की आय और संसाधनों के आधार पर वार्षिक आवर्ती और गैर आवर्ती व्यय की सीमाऐं तय करती है। विश्वविद्यालय के कुलपति वित्त समिति के पदेन अध्यक्ष हैं; इसके अतिरिक्त न्यूपा परिषद के अध्यक्ष द्वारा नामित दो व्यक्ति, कुलपति द्वारा नामित एक व्यक्ति, वित्तीय सलाहकार, मानव संसाधन विकास मंत्रालय और विश्वविद्यालय अनुदान आयोग का एक प्रतिनिधि होता है। वित्त अधिकारी, वित्त समिति के सचिव का कार्य करता है। 31 मार्च 2015 के अनुसार वित्त समिति के सदस्यों की सूची परिशिष्ट–III में दी गई है।

vdknfed ifj'kn % न्यूपा अकादमिक परिषद विश्वविद्यालय का शीर्षस्थ अकादमिक निकाय है। अकादमिक परिषद शिक्षा, प्रशिक्षण, शोध और परामर्श के स्तर पर सतत सुधार और अंतर–विभागीय सहयोग, परीक्षा और परीक्षण आदि के प्रति उत्तरदायी होता है। इसका पदेन अध्यक्ष कुलपति होता है। अकादमिक परिषद में शामिल हैं : विश्वविद्यालय के संकाय डीन, अकादमिक विभागों के अध्यक्ष, और अध्यक्ष द्वारा मनोनीत तीन शिक्षाशास्त्री जो विश्वविद्यालय की गतिविधियों से जुड़े हुए क्षेत्रों से संबंधित हों और विश्वविद्यालय की सेवा में न हों, कुलपति द्वारा चक्रानुसार नामित एक सहायक प्रोफेसर और तीन सहयोजित सदस्य जो शैक्षणिक स्टाफ के सदस्य न हों और अकादमिक परिषद द्वारा विषय विशेषज्ञ के आधार पर सहयोजित किए गए हों। न्यूपा का कुलसचिव परिषद का सचिव होता है। 31 मार्च 2015 के अनुसार सदस्यों की सूची–IV में दी गई है।

v/;;u cksMZ % न्यूपा के कुलपति अध्ययन बोर्ड के पदेन अध्यक्ष हैं। इसके सदस्य हैं: संकाय–डीन, विभागाध्यक्ष, कुलपति द्वारा नामित एक सह–प्रोफेसर, और एक सहायक प्रोफेसर और कुलपति द्वारा सहयोजित अधिकतम दो विषय विशेषज्ञ। अध्ययन बोर्ड के सदस्यों की सूची 31 मार्च, 2015 के अनुसार परिशिष्ट–V में दी गई है।

dk;Zy vkSj lfefr;ka % कुलपति द्वारा विशिष्ट कार्यक्रमों के लिए समय–समय पर विशेष कार्यबलों और समितियों का गठन किया जाता है। विभिन्न परियोजनाओं के लिए विशेषज्ञों को शामिल करके परियोजना सलाहकार समितियां गठित की जाती हैं। कुलपति की अध्यक्षता में शोध अध्ययन सलाहकार बोर्ड गठित किया गया है। इसमें अन्य विशेषज्ञों के साथ–साथ सभी विभागाध्यक्ष इसके सदस्य होते हैं। कुलसिचव इस समिति के सदस्य सचिव हैं जो सहायता योजना के अंतर्गत शैक्षिक योजना और प्रशासन के क्षेत्र में प्राप्त प्रस्तावों पर विचार करती है।

i z'kklu vkSj

foÙk

राष्ट्रीय विश्वविद्यालय के प्रशासनिक ढांचे में तीन अनुभाग–अकादमिक प्रशासन, कार्मिक प्रशासन, सामान्य प्रशासन और दो कक्ष–प्रशिक्षण कक्ष और समन्वय कक्ष हैं। कुलसचिव के सभी अनुभागों के प्रभारी हैं। कुलसचिव न्यूपा परिषद, प्रबंधन बोर्ड और अकादमिक परिषद के सचिव भी हैं। कुलसचिव को प्रशासनिक कामकाज में प्रशासनिक अधिकारी और अनेक अनुभाग अधिकारी अनुसमर्थन प्रदान करते हैं।

कुलसचिव अकादमिक अनुसमर्थन सेवा एककों, जैसे–पुस्तकालय और प्रलेखन केंद्र, कंप्यूटर केंद्र, प्रकाशन एकक, मानचित्रण और हिंदी कक्ष के कार्यकलापों के प्रति उत्तरदायी हैं। वित्त अधिकारी वित्त और लेखा अनुभाग के प्रभारी है। अनुभाग अधिकारी (लेखा) वित्त अधिकारी का अनुसमर्थन करता है।

LVkQ dh la[;k ¼2014&15½

31 मार्च, 2015 के अनुसार विश्वविद्यालय की कुल स्टाफ संख्या 162 थी।

वर्ष 2014–15 के दौरान विश्वविद्यालय को कुल 2718.57 लाख रुपये का अनुदान मिला (गैर–योजना मद में 1511.60 लाख रुपये और योजना मद में 1206.97 लाख रु. प्राप्त हुए। वर्ष के आरंभ में विश्वविद्यालय के पास योजना और गैर–योजना, दोनों मदों में 142.50 लाख रुपये शेष थे। वर्ष के दौरान कार्यालय और छात्रावास से 71.75 लाख रुपए की प्राप्ति हुई। योजना और गैर–योजना मदों में इस वर्ष का व्यय 2882.75 लाख रुपये था।

दूसरे संगठनों द्वारा प्रायोजित कार्यक्रमों/अध्ययनों की मद में इस वर्ष के दौरान विश्वविद्यालय के पास 268.02 लाख रुपये थे और 987.95 लाख रुपए की अतिरिक्त राशि प्राप्ति हुई। प्रायोजित कार्यक्रमों/अध्ययनों पर वर्ष में कुल 579.69 लाख रुपये खर्च किए गए। (परिशिष्ट–VII)

i fj l j v k$ Hkou v kèkkj Hkw l fo èkk

विश्वविद्यालय के पास एक चार–मंजिला कार्यालय, सुसज्जित स्नानघरयुक्त 60 कमरों वाला एक सात मंजिला छात्रावास और एक आवास–क्षेत्र है। इस आवास क्षेत्र में टाइप–I के 16, टाइप–II से V तक के 8–8 क्वार्टर और एक कुलपति आवास हैं।

विश्वविद्यालय के पास बिंदापुर, द्वारका में टाइप–III के 25 क्वार्टर हैं।

विश्वविद्यालय परिसर में प्रशिक्षण कक्ष, कंप्यूटर केंद्र, अंतरराष्ट्रीय डायनिंग हाल, जिम और क्लास रूम हैं।

विश्वविद्यालय ने परिसर में हाल ही में अर्जित 2100 वर्ग मीटर के भूखंड में नया अकादमिक भवन के निर्माण के लिये अपेक्षित कदम उठाए हैं। इसके लिए दिल्ली विकास प्राधिकरण ने लीज डीड जारी कर दिया है।

2 अध्यापन और व्यावसायिक विकास कार्यक्रम

v/;kiu vkSj Q;kolkf;d fodkl dk;Øe

,e-fQy vkSj ih&,p-Mh-

,e-fQy vkSj ih&,p-Mh- dk;Øe foftkUu i`"BHkwfe ds 'kks/kkdfe;ksa dh 'kks/k {kerk ds fuekZ.k ds fy, fMtkbu fd, x, gSa tks 'kSf{kd uhfr] ;kstuk iz'kklu rFkk foÙk ds lacaf/kr {ks=ksa esa O;kid Kku vkSj dkS'ky iznku djrs gSaA

शैक्षिक प्रशासन के लिए विद्वान तैयार करना

राष्ट्रीय विश्वविद्यालय एक फीडर संस्थान है जो प्राथमिक, माध्यमिक और उच्च शिक्षा के स्तरों पर शैक्षिक प्रशासन से संबंधित जरूरत के अनुसार शैक्षिक नीति, योजना और प्रशासन में विशेषज्ञता से युक्त मानव संसाधनों का विकास करता है। ऐसे विशेषज्ञ जो अंतरशास्त्रीय कार्यक्रमों/एम.फिल. और पी–एच. डी. उपाधियों के पाठ्यक्रमों या प्रशिक्षण कार्यक्रमों के द्वारा तैयार किये जाते हैं वे व्यापक एवं गतिशील संदर्भों में समुचित योजनाओं और कार्यनीतियों के निर्माण या सांस्थानिक प्रबंधन के सीमित भूमिकाओं से जुड़े मामलों के समाधान हेतु पूर्णतः सक्षम होते हैं। वस्तुतः विश्वविद्यालय की एम.फिल. और पी–एच.डी. उपाधियाँ विशेष रूप से शैक्षिक नीति, योजना और प्रशासन पर केंद्रित हैं। इसके द्वारा विश्वविद्यालय युवा शोधकर्त्ताओं को सशक्त और सक्षम बनाता है और शैक्षिक योजना और प्रशासन के क्षेत्र में उनका करियर तैयार करता है। न्यूपा यह कार्य कर रहा है और इसके माध्यम से यह शैक्षिक नीतियों, योजनाओं और कार्यक्रमों की डिजाइन, कार्यान्वयन और अनुश्रवण करने हेतु विशेषज्ञ और सक्षम मानव संसाधन के विकास में महत्वपूर्ण योगदान कर रहा है। पूर्व डाक्टोरल और डाक्टोरल कार्यक्रमों का महत्व इसमें अंतर्निहित गतिशील और लचीले उपागम के द्वारा है जिसमें यह शिक्षा और सामाजिक विकास की अन्य सहायक क्षेत्रों से जुड़कर नवाचारी बहुशास्त्रीय पाठ्यक्रमों का विस्तार करता है।

विश्वविद्यालय द्वारा संचालित पूर्व डाक्टोरल और डाक्टोरल कार्यक्रम में शामिल हैं: (i) पूर्णकालिक एम.फिल. कार्यक्रम (ii) पूर्णकालिक पी–एच.डी. कार्यक्रम और (iii) अंशकालिक पी–एच.डी. कार्यक्रम। ये कार्यक्रम वर्ष 2007–08 में आरंभ किए गए थे। एम.फिल और पी–एच.डी. कार्यक्रम विभिन्न पृष्ठभूमि के शोधकर्मियों की शोध क्षमता के निर्माण के लिए डिजाइन किए गए हैं जो शैक्षिक नीति, योजना प्रशासन तथा वित्त के संबंधित क्षेत्रों में व्यापक ज्ञान

और कौशल प्रदान करते हैं। एम.फिल और पी–एच.डी. कार्यक्रमों के अंतर्गत पूरे किए गए शोध अध्ययनों से अपेक्षा की जाती है कि ये नीति निर्माण, शिक्षा सुधार कार्यक्रमों तथा क्षमता विकास संबंधी गतिविधियों में महत्वपूर्ण योगदान देने के साथ–साथ ज्ञान आधार को समृद्ध करने में भारी योगदान करेंगे। एम.फिल. और पी–एच.डी. कार्यक्रमों के अंतर्गत शोध के व्यापक क्षेत्रों में शामिल हैं–शैक्षिक नीति, शैक्षिक योजना, शैक्षिक प्रशासन, शैक्षिक वित्त, शैक्षिक प्रबंधन, सूचना प्रणाली, स्कूल शिक्षा, उच्च शिक्षा, शिक्षा में समता और समावेशन, शिक्षा में लैंगिक मुद्दे, अल्पसंख्यक शिक्षा, तुलनात्मक शिक्षा और शिक्षा का अंतरराष्ट्रीयकरण।

एम.फिल. डिग्री कार्यक्रम की अवधि दो वर्ष है। इस दो वर्षीय एम.फिल. डिग्री कार्यक्रम के अंतर्गत एक वर्ष का पाठ्यक्रम कार्य (30 क्रेडिट) है। इसके बाद एक वर्ष लघु शोध प्रबंध (30 क्रेडिट) के लिए है। दो वर्ष के एम.फिल. पाठ्यक्रम को सफलतापूर्वक पूरा करने के उपरांत और निर्धारित आर्हता (वर्तमान में 10 प्वाइंट स्केल पर) 6 एफ जी पी ए या इससे अधिक का ग्रेड पाने वाले शोधार्थी पी–एच.डी. कार्यक्रम में दाखिला प्रक्रिया में हिस्सा ले सकते हैं। पी–एच.डी. कार्यक्रम में दाखिला लेने की तिथि के दो वर्ष बाद ही शोधार्थी अपने शोध प्रबंध जमा करा सकते हैं।

पी–एच.डी. में सीधे दाखिला लेने वाले शोधार्थियों को दाखिला की पुष्टि हेतु एक वर्ष का प्रारंभिक पाठ्यक्रम पूरा करना पड़ता है। इसके बाद वे दो वर्ष के शोध कार्य के उपरांत ही वे उपाधि हेतु शोध प्रबंध विश्वविद्यालय में जमा कर सकते हैं।

अंशकालिक पी–एच.डी. में सीधे दाखिला लेने वाले शोधार्थियों को पी–एच.डी. में दाखिला की पुष्टि से पहले एक वर्ष का प्रारंभिक पाठ्यक्रम पूरा करना पड़ता है। अंशकालिक पी–एच.डी. के शोधार्थी दाखिला की पुष्टि के कम से कम चार वर्ष बाद अपना शोध प्रबंध विश्वविद्यालय में जमा कर सकते हैं।

foojk	,e-fQy-	ih&,p-Mh- iw.kZdkfyd	ih&,p-Mh- va'kdkfyd	;ksx
वर्ष 2014–15 में नामांकन	19	11	02	32
वर्ष 2014–15 के दौरान विभिन्न पाठ्यक्रम कर रहे विद्यार्थियों की संख्या	25 (वर्ष 2013–14 में नामांकित 8 विद्यार्थियों सहित)	30 (वर्ष 2007–08 से नामांकित विद्यार्थियों सहित)	03 (वर्ष 2007-08 से 2014-15 तक नामांकित विद्यार्थी)	68
वर्ष 2014–15 के दौरान उपाधि योग्य घोषित विद्यार्थियों की कुल संख्या	09	05	0	14

fMIy kek dk;Øe

राष्ट्रीय विश्वविद्यालय वर्ष 1982–83 से शैक्षिक योजना एवं प्रशासन में विशेष रूप से डिजाइन, डिप्लोमा कार्यक्रम आयोजित कर रहा था। आरंभ में यह कार्यक्रम विभिन्न राज्यों/संघ क्षेत्रों के जिला शिक्षा अधिकारियों के लिए पूर्व प्रवेश पाठ्यक्रम के रूप में डिजाइन किया गया था।

'kS{kd ;kstuk vkS iz'kklu esa LukrdksÙkj fMIyksek ¼ih th Mhbik½

यद्यपि वर्ष 2014–15 से इस कार्यक्रम के पाठ्यक्रम को संवर्धित करके इसे परिवर्तन किया गया है और इसके मूलभूत डेपा से पीजीडेपा (पोस्ट ग्रेजुएट डिप्लोमा इन एजुकेशनल प्लानिंग एण्ड एडमिनिस्ट्रेशन)– शैक्षिक योजना और प्रशासन में पोस्ट ग्रेजुएट डिप्लोमा) में बदल दिया गया है। प्रतिभागियों के कार्य और भूमिकाओं तथा उनकी संस्थाओं जैसे एससीईआरटी/सीमेट/डाइट/डीईओ/बीईओ और राज्य सरकारों के शिक्षा निदेशालयों की जरूरतों को ध्यान में रखते हुए इस कार्यक्रम को संबर्धित किया गया है।

पीजीडेपा कार्यक्रम को मौजूदा डेपा में व्यापक रूपांतरण के बाद निर्मित किया गया है जो एक सघन दीर्घकालिक कार्यक्रम है जो देश में पेशेवर रूप से शैक्षिक प्रशासकों का संवर्ग का विकास सुनिश्चित करेगा। इसके निम्नलिखित उद्देश्य हैं :

(i) शैक्षिक योजना और प्रबंधन की मूलभूत अवधारणाओं से प्रतिभागियों को अवगत कराना।

(ii) शैक्षिक प्रशासन के क्षेत्र में बेहतर निर्णय कार्य के लिए प्रतिभागियों में योजना और प्रबंधन कौशल के विकास हेतु सक्षम बनाना।

(iii) प्रतिभागियों में योजना निर्माण, कार्यक्रम निरूपण और कार्यक्रम कार्यान्वयन प्रबंधन संबंधी कौशल और योग्यता का विकास करना।

(iv) प्रतिभागियों में शैक्षिक कार्यक्रमों और परियोजनाओं की निगरानी तथा मूल्यांकन की क्षमता का विकास करना।

पीजी डिप्लोमा कार्यक्रम के छ : घटक हैं: (I) पाठ्यक्रम तैयारी कार्य (II) आमने–सामने पाठ्यक्रम कार्य (III) परियोजना कार्य (IV) परियोजना कार्य का मूल्यांकन और अंतरिम प्रमाण पत्र विवरण और (V) उन्नत पाठ्यक्रम कार्य और (VI) अंतिम मूल्यांकन और पीजी डिप्लोमा प्रमाण पत्र वितरण।

पीजी डिप्लोमा कार्यक्रम का निरूपण करते समय मूलतः इस बात का ध्यान दिया गया था कि प्रतिभागी को इस पाठ्यक्रम के लिए न्यूपा में तीन माह से अधिक अवधि के लिए प्रवास न करना पड़े और वह अपने कार्य स्थल पर पाठ्यक्रम का अध्ययन कर सके। इसके अनुसार इसे 12 महीने के पी.जी. डिप्लोमा कार्यक्रम में रूपातंरित किया गया है। अनेक शिक्षा विभाग इस पाठ्यक्रम हेतु अपने अधिकारियों को लंबी अवधि के लिए प्रतिनियुक्त नहीं कर सकते हैं इसलिए पीजीडेपा कार्यक्रम को इस रूप में नियोजित किया गया है कि आमने–सामने पाठ्यक्रम कार्य हेतु प्रतिभागियों को न्यूपा में 3 महीने से अधिक अवधि के लिए प्रवास न करना पड़े। इस पाठ्यक्रम में निम्नलिखित कार्य शामिल हैं: कार्यस्थल पर पाठ्यक्रम तैयारी कार्य, न्यूपा में आमने–सामने पाठ्यक्रम कार्य, कार्यस्थल पर परियोजना कार्य, मुक्त और दूरवर्ती

r kfy d k 2.1

' kS{ kd ; kst uk v kS Á' kk u es a j k'Vªh; fMIy kse k ¼Mi s k½ d k; Øe ea j kT; @l ak {ks= o kj Hkkx hn kj h

j kT; @ l ak {ks=	34 o ka Mi s k	ÁFke i ht h Mi s k	; ksx
आंध्रप्रदेश	-	1	1
अरूणाचल प्रदेश	1	1	2
असम	-	4	4
बिहार	3	3	6
हरियाणा	-	1	1
हिमाचल प्रदेश	2	2	4
जम्मू और कश्मीर	2	1	3
कर्नाटक	1	-	1
मध्यप्रदेश	4	4	8
मणिपुर	3	3	6
मिजोरम	2	-	2
नागालैंड	1	2	3
पंजाब	-	1	1
तमिलनाडु	-	5	5
राजस्थान	1	-	1
सिक्किम	2	-	2
उत्तराखंड	3	2	5
उत्तरप्रदेश	-	1	1
पश्चिम बंगाल	-	1	1
दिल्ली	-	1	1
; ksx	**25**	**33**	**58**

अधिगम प्रणाली के द्वारा उन्नत पाठ्यक्रम और न्यूपा में संगोष्ठी सहित कार्यशाला में परियोजना कार्य प्रस्तुति।

पीजीडेपा के पाठ्यक्रम कार्य निम्नलिखित चरणों में संपादित किए जाते हैं :

चरण 1 : पाठ्यक्रम तैयारी कार्य (कार्य स्थल)

चरण 2 : आमने–सामने पाठ्यक्रम कार्य (न्यूपा)

चरण 3 : परियोजना कार्य (कार्य स्थल)

चरण 4 : परियोजना कार्य का मूल्यांकन और अंतरिम प्रमाण पत्र वितरण (न्यूपा)

चरण 5 : उन्नत पाठ्यक्रम कार्य (कार्य स्थल)

चरण 6 : अंतिम मूल्यांकन और पीजीडेपा प्रमाण पत्र वितरण (न्यूपा)

प्रथम पीजी डिप्लोमा कार्यक्रम में 16 राज्यों/संघ क्षेत्रों के 33 प्रतिभागी शामिल हुए। इसका प्रथम चरण कार्य स्थल पर पाठ्यक्रम की तैयारी कार्य 1–30 सितंबर 2014 को आयोजित किया गया।

वर्ष 2014–15 के दौरान विश्वविद्यालय ने 34वें डिप्लोमा कार्यक्रम के तीसरे घटक का आयोजन 5–9 मई 2014 (5 दिन) को किया जिसका पहला घटक 1 सितंबर–30 नवंबर 2014 तक (91 दिन) आयोजित किया गया था। 34वें डिप्लोमा कार्यक्रम के तीसरे घटक को 25 प्रतिभागियों ने पूरा किया।

प्रथम घटक के अंतर्गत 1 सितंबर से 30 नवंबर 2014 तक (91 दिन) अध्यापन–अधिगम कार्य किया गया और दूसरा घटक 1 दिसंबर 2014 से 28 फरवरी 2015 तक किया गया।

डिप्लोमा कार्यक्रम का संयोजन शैक्षिक प्रशिक्षण और क्षमता विकास विभाग ने किया। शैक्षिक योजना एवं प्रशासन में राज्यवार भागीदारी का विवरण तालिका 2.1 में प्रदर्शित है :

' kS{ kd ; kst uk v kS i z'kk u es a v a rjk'Vªh; fMIy kse k ¼v kbZMi s k½

राष्ट्रीय विश्वविद्यालय 1985 से विकासशील देशों के पेशेवरों के लिए शैक्षिक योजना एवं प्रशासन में 6 माह का अंतरराष्ट्रीय डिप्लोमा कार्यक्रम आयोजित कर रहा है। शैक्षिक योजना एवं प्रशासन में अंतरराष्ट्रीय डिप्लोमा कार्यक्रम के विद्यार्थी एशिया, अफ्रीका, मध्य एशियाई गण

राज्यों, दक्षिणी अमरीका और कैरिबियाई क्षेत्रों के देशों से आते हैं। इस कार्यक्रम के तीन घटक हैं– (i) सघन पाठ्यचर्चा कार्यक्रम; (ii) अनुप्रयुक्त कार्य और (iii) लघु शोध प्रबंधन। आईडेपा की अवधि छः माह है और यह दो चरणों में पूरा किया जाता है। पहले चरण में तीन माह का सघन पाठ्यचर्या है जो राष्ट्रीय विश्वविद्यालय, नई दिल्ली में आयोजित किया जाता है। यह चरण आवासीय है और प्रतिभागियों से अपेक्षा की जाती है कि वे इस चरण के दौरान परिसर में निवास करें। दूसरे चरण में प्रतिभागी को स्वदेश में राष्ट्रीय विश्वविद्यालय के संकाय सदस्य के मार्गदर्शन में क्षेत्र आधारित शोध परियोजना अध्ययन करना होता है।

आईडेपा कार्यक्रम की पाठ्यचर्या में केंद्रिक पाठ्यक्रम और वैकल्पिक पाठ्यक्रम, प्रायोगिक अभिविन्यास और अप्रयुक्त कार्य शामिल हैं। पाठ्यचर्या कार्य के विषय हैं : शिक्षा और विकास से संबंधित अध्ययन, विकासशील देशों में शैक्षिक विकास के महत्वपूर्ण क्षेत्र, शैक्षिक योजना और प्रशासन परियोजना नियोजन, शिक्षा में व्यष्टि स्तरीय योजना शिक्षा में, वित्तीय योजना और प्रबंधन, जनशक्ति योजना, शैक्षिक योजना में मात्रात्मक तकनीकें, शैक्षिक प्रबंधन, शोध प्रविधि और सांख्यिकी और शैक्षिक प्रबंधन और सूचना प्रणाली। अनुप्रयुक्त कार्य में शामिल हैं : विषयगत संगोष्ठियां डिप्लोमा कार्यक्रम के अभिन्न घटक हैं जो प्रत्येक प्रतिभागी या प्रतिभागियों के समूह को शैक्षिक योजना और प्रशासन से संबंधित विषयों से जुड़े वस्तुगत आंकड़ा और अनुभवों के आधार पर अपने विचार व्यक्त करने और उनका परस्पर आदान–प्रदान करने के अवसर प्रदान करती हैं। संगोष्ठी प्रस्तुतिकरण के एक भाग के रूप में प्रतिभागियों को अपने देश की शिक्षा प्रणाली की विशिष्ट प्रवृत्तियों को प्रस्तुत करने और परस्पर आदान–प्रदान करने का अवसर प्रदान किया जाता है। यह कार्यक्रम प्रतिभागियों को स्वदेश में उनके कार्यों की प्रासंगिकता और जरूरतों के विशिष्ट क्षेत्र में शोध परियोजना की रूपरेखा बनाने में सैद्धांतिक ज्ञान और व्यावहारिक कौशलों के बीच संबंध स्थापित करने का अवसर प्रदान करता है। इस कार्यक्रम में चरण–II के दौरान प्रत्येक प्रतिभागी के लिए एक शोध निर्देशक नियुक्त किया जाता है जो दूसरे चरण के कार्यक्रम के दौरान प्रतिभागी के परियोजना कार्य का निर्देशन करता है।

कार्यक्रम का दूसरा चरण प्रतिभागी के स्वदेश में आयोजित होता है। इसमें प्रत्येक प्रतिभागी को प्रथम चरण के दौरान निर्धारित क्षेत्र कार्य आधारित शोध परियोजना पर कार्य करना पड़ता है। शोध परियोजना कार्य (तीन माह की अवधि) पूरा करने के बाद प्रतिभागी को अपना लघुशोध प्रबंध विश्वविद्यालय को प्रस्तुत करना पड़ता है। लघु शोध प्रबंध की प्राप्ति और तदुपरांत राष्ट्रीय विश्वविद्यालय के संकाय द्वारा उसके मूल्यांकन के बाद प्रतिभागी को डिप्लोमा की उपाधि प्रदान की जाती है।

वर्ष 2014–15 के दौरान विश्वविद्यालय ने 30वें अंतरराष्ट्रीय डिप्लोमा का दूसरा चरण पूरा किया जिसका प्रथम चरण 1 फरवरी से 30 अप्रैल 2014 को आयोजित किया गया था। उसमें 17 देशों के 27 प्रतिभागी शामिल हुए। 30वें अंतरराष्ट्रीय डिप्लोमा कार्यक्रम का दूसरा चरण 1 मई से 31 जुलाई 2014 के दौरान आयोजित किया गया।

31वें अंतरराष्ट्रीय डिप्लोमा कार्यक्रम का प्रथम चरण 1 फरवरी 2015 को शुरु हुआ और इसके प्रथम घटक की अध्यापन–अधिगम गतिविधियां 30 अप्रैल 2015 तक पूरी की गईं। 31वें अंतरराष्ट्रीय डिप्लोमा कार्यक्रम में 15 देशों से कुल 28 प्रतिभागी शामिल हुए। इसका दूसरा चरण 1 मई से 31 जुलाई 2015 के दौरान प्रतिभागियों के स्वदेश में नियत किया गया जो परियोजना कार्य पर आधारित था।

अंतरराष्ट्रीय डिप्लोमा कार्यक्रम का संयोजन शैक्षिक प्रशिक्षण और क्षमता विकास विभाग करता है।

शैक्षिक योजना एवं प्रशासन में अंतरराष्ट्रीय डिप्लोमा कार्यक्रमों की देशवार भागीदारी का विवरण तालिका 2.2 में प्रदर्शित है।

rkfydk 2.2

30oas vkSj 31oas varjjk"Vªh; fMIyksek dk;Øeksa esa ns'kokj Hkkxhnkjh			
ns'k	30 okW vkbZMhih	31 okW vkbZMhih	;ksx
बांग्लादेश	3	3	6
भूटान	3	-	3
कंबोडिया	-	1	1
इथियोपिया	-	2	2
फिजी	-	2	2
घाना	1	2	3
लाइबेरिया	1	-	1
मलेशिया	1	-	1
मालदीव	1	-	1
मारीशस	-	1	1
मंगोलिया	-	1	1
म्यांमार	-	4	4
नेपाल	-	1	1
नाइजीरिया	-	1	1
नाइजर	2	2	4
फिलीस्तीन	1	-	1
पपुआ न्यू गिनी	1	-	1
फिलीपीन्स	2	-	2
रवान्डा	1	-	1
श्रीलंका	2	2	4
दक्षिण सूडान	1	-	1
तंजानिया	1	3	4
तुनिशिया	-	2	2
यूगांडा	2	-	2
उज़्बेकिस्तान	1	-	1
यमन	-	1	1
जाम्बिया	3	1	4
;ksx	27	29	56

rkfydk 2.3

lHkh dk;Øeksa esa ns'kokj Hkkxhnkjh		
Ø-la	ns'k	Hkkxhnkjksa dh la[;k
1.	आस्ट्रेलिया	1
2.	बांग्लादेश	3
3.	भूटान	3
4.	ब्राजील	1
5.	कनाडा	1
6.	चीन	1
7.	घाना	1
8.	इंडोनेशिया	11
9.	केन्या	1
10.	लाइबेरिया	1
11.	मलाया	1
12.	मालदीव	1
13.	नेपाल	1
14	नाइजीरिया	1
15.	नीदरलैंड	1
16.	नाइजर	2
17.	पाकिस्तान	2
18.	फिलीस्तीन	1
19.	पपुआ न्यू गिनी	1
20.	फिलीपीन्स	2
21.	रवान्डा	1
22.	रूस	1
23.	श्रीलंका	2
24.	दक्षिण सूडान	1
25.	तंजानिया	1
26.	यूगांडा	4
27.	संयुक्त राज्य अमेरिका	3
28.	यूनाईटेड किंगडम	12
29.	उज़्बेकिस्तान	1
30.	जाम्बिया	4
	;ksx	67

r kfy d k 2.4

Q;kol kf; d fod kl d k;Øe ka e a jkT; @ l a?k 'kkfl r {ks=ka o kj Hkkx hn kj h

Ø- l a	jkT; @l a?kh; {ks=	Hkkx hn kj ka d h l a ; k
1.	आंध्र प्रदेश	136
2.	अरुणाचल प्रदेश	14
3.	असम	372
4.	बिहार	248
5.	छत्तीसगढ़	131
6.	गोवा	8
7.	गुजरात	140
8.	हरियाणा	285
9.	हिमाचल प्रदेश	150
10.	जम्मू और कश्मीर	74
11.	झारखण्ड	67
12.	कर्नाटक	220
13.	केरल	66
14.	मध्य प्रदेश	64
15.	महाराष्ट्र	197
16.	मणिपुर	26
17.	मेघालय	13
18.	मिजोरम	17
19.	नागालैण्ड	14
20.	ओडिशा	94
21.	पंजाब	284
22.	राजस्थान	412
23.	सिक्किम	28
24.	तेलगांना	34
25.	तमिलनाडु	48
26.	त्रिपुरा	20
27.	उत्तराखंड	32
28.	उत्तर प्रदेश	417
29.	पश्चिम बंगाल	53
30.	अंडमान और निकोबार द्वीप समूह	1
31.	चंडीगढ़	26
32.	दादरा और नगर हवेली	5
33.	दमन और दीव	8
34.	दिल्ली	531
35.	पुडुचेरी	5
; ksx		**4,240**

व्यावसायिक विकास कार्यक्रम

शैक्षिक योजना और प्रशासन में सुधार हेतु सांस्थानिक क्षमता निर्माण के लिए विभिन्न वर्गों के शिक्षाकर्मियों के लिए व्यावसायिक विकास कार्यक्रम विश्वविद्यालय के प्रमुख कार्यकलाप के रूप में सतत जारी है। वर्ष 2014–15 के दौरान राष्ट्रीय विश्वविद्यालय ने शिक्षा के विभिन्न विकास क्षेत्रों से संबंधित मुद्दों और शिक्षा नीति योजना, प्रशासन के विविध पक्षों से जुड़े 104 अभिविन्यास/प्रशिक्षण कार्यक्रम, कार्यशालाएं, संगोष्ठियां, सम्मेलन और बैठकें आयोजित किए। इन कार्यक्रमों के विषय थे : स्कूलों की योजना और प्रबंधन, उच्च शिक्षा की योजना और प्रबंधन, माध्यमिक स्तर पर स्कूल प्रावधानों का आकलन, शैक्षिक वित्त की योजना और प्रबंधन, और स्कूल नेतृत्व आदि। इन कार्यक्रमों के प्रतिभागी थे जिला और राज्य स्तर के शिक्षाकर्मी, शिक्षा निदेशक और राज्य स्तर के अन्य अधिकारी, केंद्र, राज्य और जिला स्तर के शैक्षिक संस्थानों के प्रमुख, विश्वविद्यालयों के कुलपति, कुलसचिव और अन्य प्राधिकारी, कालेज प्राचार्य और कालेजों तथा उच्च शिक्षा के वरिष्ठ प्रशासक, विश्वविद्यालय तथा समाजविज्ञान शोध संस्थानों के नवनियुक्त प्राध्यापक आदि। ये कार्यक्रम विश्वविद्यालय के विभिन्न विभागों द्वारा आयोजित किए जाते हैं। वर्ष 2014–15 के दौरान राष्ट्रीय विश्वविद्यालय के विभिन्न

विभागों द्वारा निम्नलिखित प्रशिक्षण कार्यक्रम, संगोष्ठियां, सम्मेलन और बैठकें आयोजित की गईं :

'kS{kd ;kstuk fo Hkkx

- उत्तर पूर्वी राज्यों में माध्यमिक शिक्षा की योजना में अनुवर्ती मास्टर ट्रेनर्स का प्रशिक्षण कार्यशाला, गुवाहाटी (असम), 08–12 सितम्बर, 2014
- जिला माध्यमिक शिक्षा योजना के विकास पर प्रशिक्षण कार्यक्रम, चेन्नई (तमिलनाडु), 08–13 दिसम्बर, 2014
- जिला माध्यमिक शिक्षा योजना के विकास पर प्रशिक्षण कार्यक्रम, ओडिशा, भुवनेश्वर (ओडिशा) 22–27 दिसम्बर, 2014
- शिक्षा में मात्रात्मक अनुसंधान के तरीके पर प्रशिक्षण कार्यक्रम, 05–15 जनवरी, 2015

'kS{kd izkd u fo Hkkx

- जेपी स्कूलों के प्रधानाध्यापकों के लिए शैक्षिक पर्यवेक्षण पर प्रशिक्षण कार्यक्रम (अनुरोध कार्यक्रम), 09–13 जून, 2014
- जिला और उप जिला स्तर के शैक्षणिक प्रशासकों के सुदृढ़ीकरण पर राष्ट्रीय कार्यशाला 20–22 अगस्त, 2014
- जिला शिक्षा अधिकारियों के लिए शैक्षिक प्रशासन के क्षेत्र में नेतृत्व पर अभिविन्यास कार्यक्रम, 08–12 सितम्बर, 2014

- राज्य–स्तर शैक्षणिक प्रशासकों के लिए प्रबंधन विकास पर अभिविन्यास कार्यक्रम, 22–26 सितम्बर, 2014
- जनजातीय क्षेत्रों में शिक्षा की योजना और प्रबंधन पर कार्यशाला, 12–14 नवम्बर, 2014 साथ ही तृतीय अखिल भारतीय सर्वेक्षण के लिए अध्यक्ष का दौरा, 12–14 फरवरी, 2015
- सार्वजनिक प्रणाली में नवाचार केन्द्र (सीप्स), हैदराबाद भारत सरकार के सहयोग से शैक्षिक योजना और प्रशासन में नवाचार हेतु राष्ट्रीय पुरस्कार योजना के अंतर्गत राष्ट्रीय सम्मेलन, विज्ञान भवन, नई दिल्ली, 28–29 नवम्बर, 2014
- व्यावसायिक शिक्षा और प्रशिक्षण की योजना और प्रबंधन में अभिविन्यास कार्यक्रम, 01–05 दिसंबर, 2014
- तृतीय अखिल भारतीय शैक्षिक प्रशासनिक सर्वेक्षण की क्षेत्रीय कार्यशाला हैदराबाद, 15–17 दिसम्बर, 2014
- तृतीय अखिल भारतीय शैक्षिक प्रशासन सर्वेक्षण, 12–14 फरवरी, 2015 को क्षेत्रीय कार्यशाला
- विश्वविद्यालयों और कालेजों में विविधता और समता का प्रबंधन पर अभिविन्यास कार्यक्रम, 16–20 मार्च, 2015
- सीमांत समूहों की शिक्षा की नीतियां, कार्यक्रम और चुनौतियां पर अंतराष्ट्रीय क्षेत्रीय कार्यशाला शिक्षा, 25–27 मार्च, 2015

'kS{kd fo Ùk fo Hkkx

- स्कूल वित्त की योजना और प्रबंधन पर अभिविन्यास कार्यक्रम, 01–05 सितंबर, 2014
- दक्षिण एशिया की उच्च शिक्षा के वित्त पोषण में वैश्विक रूझान पर अंतर्राष्ट्रीय संगोष्ठी, 23–25 फरवरी, 2015

'kS{kd uhfr foHkkx

- शिक्षा का अधिकार के अंतर्गत सीडब्ल्यूएसएन के लिए समावेशी शिक्षा, पीडब्ल्यूडी 2012 विधेयक पर अभिविन्यास कार्यशाला, 30 जून – 4 जुलाई 2014
- शिक्षा में 'गुणात्मक अनुसंधान की विधियां पर उन्मुखीकरण कार्यशाला, 21 जुलाई से 8 अगस्त 2014
- प्राथमिक स्तर वंचित बच्चों की शिक्षा (अनुसूचित जाति और अनुसूचित जनजाति) पर नीतिगत मुद्दों और कार्यक्रम हस्तक्षेप पर अभिविन्यास कार्यक्रम 25–29 अगस्त, 2014

- शिक्षा के क्षेत्र में लोकनीति बनाने पर अभिविन्यास कार्यक्रम, 17–21 नवम्बर, 2014
- शिक्षा के क्षेत्र में नीति प्रक्रियाओं के साथ रचनात्मक संलग्नता पर परामर्शदात्री बैठक, 24–25 नवम्बर, 2014
- माध्यमिक विद्यालयी शिक्षा के स्तर पर सामाजिक रूप से वंचित समूह की शिक्षाः नीतिगत मुद्दों और कार्यक्रम हस्तक्षेप पर कार्यशाला, 08–12 दिसम्बर, 2014
- उत्तर पूर्वी राज्यों में प्रारंभिक शिक्षा के प्रबंधन में स्थानीय प्राधिकारी और स्वायत्त परिषद के कार्य पर अभिविन्यास कार्यक्रम, गुवाहाटी/कोहिमा, 2–6 फरवरी, 2015
- जनभागीदारी और विकेंद्रित शैक्षिक अभिशासन नीतिगत सुधार और कार्यक्रम कार्यान्वयन पर द्वितीय अनिल बोर्डिया संगोष्ठी, 16–17 फरवरी, 2015

fo|ky; vkSj vukSpkfjd f'k{kk foHkkx

- डीईओ और बीइओ के राज्य स्तरीय सम्मेलन भुवनेश्वर, ओडिशा, 08–09 मई, 2014
- राष्ट्रीय तकनीकी समूह के साथ बैठक 19 जुलाई, 2014
- समुदाय संलग्नता के द्वारा शिक्षा का रूपांतरण पर संगोष्ठी, 22 जुलाई, 2014
- उत्तर–पूर्वी राज्यों के लिए प्रारंभिक स्तर, पर बच्चों की स्कूल भागीदारी में सुधार पर कार्यशाला 4–8 अगस्त, 2014
- दक्षिणी राज्यों के लिए प्राथमिक स्तर पर बच्चों की स्कूल भागीदारी में सुधार पर कार्यशाला, 08–12 सितम्बर, 2014
- शिक्षा का अधिकार पर दो अभिविन्यास कार्यक्रम, 15–19 सितम्बर, 2014 और 13–17 अक्टूबर, 2014

- विद्यालय मानक और मूल्यांकन पर लघु समूह कार्यशाला, 12 सितम्बर, 2014
- विद्यालय मानक और मूल्यांकन पर तीन कार्यशाला 30–31 अक्टूबर, 2014
- प्रारंभिक विद्यालयों के बच्चों की भागीदारी पर कार्य परियोजना के लिए अनुवर्ती कार्यशाला, 10–14 नवंबर 2015।
- स्कूल मानक और मूल्यांकन पर राष्ट्रीय कार्यशाला, 27–28 नवंबर, 2014
- ईसीसीई और स्कूल शिक्षा के बीच संबंध पर कार्यशाला, 29 दिसंबर, 2014 से 2 जनवरी 2015

- एन पी एस एस ई पर राष्ट्रीय बैठक और एसएलई फ्रेमवर्क का उद्घाटन, इंडिया हैबिटेट सेंटर, नई दिल्ली, 10–11 फरवरी 2015

mPp r j , oa Q ko l kf; d f' k{kk fo Hkkx

- पूर्वोत्तर राज्यों के कालेज प्राचार्यों के लिए उच्च शिक्षा की योजना और प्रबंधन पर अभिविन्यास कार्यक्रम, नेहू, शिलांग, 16–20 जून 2014
- महिला कॉलेजों के प्रधानाध्यापकों के लिए उच्च शिक्षा संस्थाओं की योजना और प्रबंधन पर ए एस सी, जबलपुर में पुनश्चर्या कार्यक्रम, 17–21 नवम्बर, 2014
- पूर्वोत्तर भारत में शिक्षण–अधिगम क्षमता विकास पर पी जी अध्यक्षों/संकायाध्यक्षों की कार्यशाला, पटना विश्वविद्यालय, 8–12 दिसंबर, 2014
- उच्च शिक्षा में 'निजीकरण पर कार्यशाला', 25 भागीदार, 15–18 दिसंबर, 2014
- उच्च शिक्षा संस्थानों की स्वायत्तता और अभिशासन पर कार्यशाला, 19–21 दिसम्बर, 2014
- उच्च शिक्षा में शिक्षण और अधिगम पर राष्ट्रीय कार्यशाला, 12–14 जनवरी, 2015
- उच्च शिक्षा में शिक्षण और अधिगम पर राष्ट्रीय कार्यशाला, 12–14 मार्च, 2015

' kS{ kd i z ák u l pu k i z kky h fo Hkkx

- शैक्षिक विकास सूचकांक पर राष्ट्रीय कार्यशाला (ईडीआई)
- यूनिफाइड–डाईस पर कार्यशाला
- स्कूल के बाहर बच्चों पर तकनीकी परामर्श, 29 अगस्त 2014
- माध्यमिक शिक्षा की योजना और निगरानी में संकेतकों का प्रयोग पर प्रशिक्षण कार्यक्रम, गांधीनगर (गुजरात), 15–19 दिसम्बर, 2014

' kS{ kd i f' k{k. k v kS {ke r k fod kl fo Hkkx

- इंडोनेशिया के शिक्षक प्रशिक्षकों के लिए शैक्षिक प्रबंधन पर लघु कोर्स, 14–25 अगस्त, 2014
- एकलव्य आदर्श आवासीय संस्थानों के प्रधानाध्यापकों (ईएमआरआईएस) और अंग्रेजी माध्यम के स्कूलों, नासिक (महाराष्ट्र) के लिए मॉडल संस्थागत योजनाओं के विकास पर प्रशिक्षण कार्यक्रम, 22–27 सितम्बर, 2014
- डीईओ/बीईओ/डीआईओएस के लिए, शैक्षिक योजना एवं प्रशासन पर राज्य स्तरीय सम्मेलन, हरियाणा– 03–04 जनवरी, 2015, गुवाहाटी (असम)– 21–22 जनवरी, 2015 और मोहाली (पंजाब)– 28–29 जनवरी, 2015
- असम शिक्षा सेवाओं के नव नियुक्त अधिकारियों के लिए शैक्षिक योजना एवं प्रशासन में क्षमता निर्माण कार्यक्रम, गुवाहाटी, 06–11 जनवरी, 2015

j k'Vh; fo| ky ; us Ro d sanz

केंद्र की 2014–15 में स्तर–वार गतिविधियां निम्नलिखित हैं:

Lr j &1 %i kB~; p ; kZ v kS l ke x h fod kl

- हिंदी में राष्ट्रीय कार्यक्रम डिजाइन एवं पाठ्यचर्या की रूपरेखा और हैंडबुक के अनुवाद के लिए कार्यशाला, न्यूपा, 05–12 मई, 2014
- पीजी डिप्लोमा कार्यक्रम के बारे में चर्चा के लिए राष्ट्रीय संसाधन समूह कार्यशाला, 13 मई, 2014
- गुजराती में राष्ट्रीय कार्यक्रम डिजाइन एवं पाठ्यचर्या की रूपरेखा और हैंडबुक के अनुवाद और संदर्भीकरण के लिए कार्यशाला, गुजरात 19–23 मई, 2014
- पश्चिम बंगाल में बांग्ला में राष्ट्रीय कार्यक्रम डिजाइन एवं पाठ्यचर्या की रूपरेखा और हैंडबुक के अनुवाद और संदर्भीकरण के लिए कार्यशाला, 14–18 जुलाई, 2014

- राष्ट्रीय कार्यक्रम डिजाइन एवं पाठ्यचर्या की रूपरेखा और हैंडबुक के कन्नड़ में अनुवाद और संदर्भीकरण के लिए कार्यशाला, कर्नाटक, (प्रथम चरण) 5–7 अगस्त, 2014
- राष्ट्रीय कार्यक्रम डिजाइन एवं पाठ्यचर्या की रूपरेखा और हैंडबुक के तेलुगू में अनुवाद और संदर्भीकरण के लिए कार्यशाला, आंध्र प्रदेश और तेलंगाना (द्वितीय चरण) 12–18 अगस्त, 2014
- कर्नाटक में राष्ट्रीय कार्यक्रम डिजाइन एवं पाठ्यचर्या की रूपरेखा और पुस्तिका के कन्नड़ में अनुवाद और संदर्भीकरण के लिए कार्यशाला, आंध्र प्रदेश और तेलंगाना (द्वितीय चरण) 2–4 सितम्बर, 2014
- राष्ट्रीय कार्यक्रम डिजाइन एवं पाठ्यचर्या की रूपरेखा और हैंडबुक की समीक्षा और संपादन के लिए कार्यशाला, गुजरात 22–27 सितम्बर, 2014
- राष्ट्रीय कार्यक्रम डिजाइन एवं पाठ्यचर्या की रूपरेखा और पुस्तिका के तेलुगू में अनुवाद और संदर्भीकरण के लिए कार्यशाला, आंध्र प्रदेश और तेलंगाना (द्वितीय चरण) 18–22 अकटूबर, 2014
- कर्नाटक में राष्ट्रीय कार्यक्रम डिजाइन एवं पाठ्यचर्या की रूपरेखा और हैंडबुक के अनुवाद और संदर्भीकरण के लिए कार्यशाला, (तृतीय चरण) 25–26 अक्टूबर, 2014
- कर्नाटक में राष्ट्रीय कार्यक्रम डिजाइन एवं पाठ्यचर्या की रूपरेखा और हैंडबुक के मिजो में अनुवाद और संदर्भीकरण के लिए कार्यशाला, मिजोरम दिसंबर 2014 (5 प्रतिभागी) और राष्ट्रीय कार्यक्रम डिजाइन एवं पाठ्यचर्या की रूपरेखा और हैंडबुक के पंजाबी में अनुवाद और संदर्भीकरण के लिए कार्यशाला, पंजाब दिसंबर, 2014 (3 दिन)
- राष्ट्रीय कार्यक्रम डिजाइन एवं पाठ्यचर्या की रूपरेखा और हैंडबुक के कोकबोरोक में अनुवाद और संदर्भीकरण के लिए कार्यशाला, त्रिपुरा, 5–12 जनवरी, 2015
- ओडिशा में राष्ट्रीय कार्यक्रम डिजाइन एवं पाठ्यचर्या की रूपरेखा और पुस्तिका के ओड़िया में अनुवाद और संदर्भीकरण के लिए कार्यशाला, 14 जनवरी, 2015
- राष्ट्रीय कार्यक्रम डिजाइन एवं पाठ्यचर्या की रूपरेखा और पुस्तिका के मणिपुरी में अनुवाद और संदर्भीकरण के लिए कार्यशाला, मणिपुर, 27–31 जनवरी, 2015

Lrj 2%{kerk fodkl

- राज्य संसाधन समूहों की क्षमता निर्माण के लिये कार्यशाला, कुल्लू हिमाचल प्रदेश, 14–23 जुलाई, 2014
- राज्य संसाधन समूहों के क्षमता निर्माण के लिये कार्यशाला, लखनऊ, उत्तर प्रदेश, 04–13 अगस्त, 2014
- राज्य संसाधन समूहों के क्षमता निर्माण के लिये कार्यशाला, कोलकाता, पश्चिम बंगाल, 08–17 सितम्बर, 2014
- राज्य संसाधन समूहों के क्षमता निर्माण के लिये कार्यशाला, पटना, बिहार, 19–28 सितम्बर, 2014।
- राज्य संसाधन समूहों के क्षमता निर्माण के लिये कार्यशाला, राजस्थान, अक्टूबर, 2014
- राज्य संसाधन समूहों के क्षमता निर्माण के लिये कार्यशाला, देहरादून, उत्तराखण्ड, 09–18 अक्टूबर, 2014
- राज्य संसाधन समूहों के क्षमता निर्माण के लिये कार्यशाला, लुधियाना, पंजाब, 26 अक्टूबर – 4 नवंबर, 2014
- राज्य संसाधन समूहों के क्षमता निर्माण के लिये कार्यशाला, केरल, 04–07 नवम्बर, 2014 और नवंबर 2014 के अंत में दूसरा दौर
- महाराष्ट्र में राज्य संसाधन समूहों के क्षमता निर्माण के लिये कार्यशाला, 10–12 नवबर, 2014
- उत्तराखण्ड के गढ़वाल क्षेत्र के स्कूल प्रमुखों के क्षमता निर्माण के लिये कार्यशाला, 10–19 नवम्बर, 2014

- राज्य संसाधन समूह के क्षमता निर्माण के लिये कार्यशाला, भुवनेश्वर, ओडिशा, 20–29 नवंबर, 2014
- त्रिपुरा में राज्य संसाधन समूह के क्षमता निर्माण के लिये कार्यशाला, 24 नवबर – 03 दिसम्बर 2014
- एस.सी.ई.आर.टी. गुड़गांव, हरियाणा में राज्य संसाधन समूह के क्षमता निर्माण के लिये कार्यशाला, 29 नवबर – 08 दिसम्बर 2014 (37 प्रतिभागी)।
- राजस्थान में राज्य संसाधन समूह के क्षमता निर्माण के लिये कार्यशाला (द्वितीय बैच), नवंबर–दिसम्बर 2014
- पुड्डुचेरी में राज्य संसाधन समूह के क्षमता निर्माण के लिये कार्यशाला, (पहला दौर, नवंबर 2014) और 19–24 जनवरी 2015 (दूसरा दौर)
- गुजरात में राज्य संसाधन समूह के लिए क्षमता निर्माण कार्यशाला का दूसरा बैच, 08–18 दिसम्बर, 2014
- कर्नाटक में राज्य संसाधन समूह के लिए क्षमता निर्माण कार्यशाला, (बैच–1) 15–24 दिसम्बर, 2014
- मणिपुर में राज्य संसाधन समूह के लिए क्षमता निर्माण कार्यशाला, 15–24 दिसम्बर, 2014।
- रायपुर छत्तीसगढ़ में राज्य संसाधन समूह की क्षमता निर्माण कार्यशाला, 22–28 दिसम्बर, 2014
- कर्नाटक में राज्य संसाधन समूह की क्षमता निर्माण कार्यशाला, (द्वितीय बैच) 19–28 दिसम्बर, 2014
- मिजोरम में राज्य संसाधन समूह की क्षमता निर्माण कार्यशाला, 28 जनवरी–7 फरवरी, 2015
- आंध्र प्रदेश में राज्य संसाधन समूह की क्षमता निर्माण कार्यशाला, 29 जनवरी–7 फरवरी, 2015
- तेलंगाना में राज्य संसाधन समूह की क्षमता निर्माण कार्यशाला, 03–12 फरवरी, 2015
- शिलांग, मेघालय मर्सी 30 में राज्य संसाधन समूह की क्षमता निर्माण कार्यशाला, मार्च 30 – 9 अप्रैल, 2015

jk'Vªh; Lrj ij Ldwy izeq[kksa dk {kerk fuekZ.k

- सात हिंदी भाषी राज्यों के माध्यमिक स्कूल प्रमुखों के लिए स्कूल नेतृत्व पर एक माह का सर्टिफिकेट कार्यक्रम, 2–27 जनवरी, 2015
- दिल्ली के माध्यमिक विद्यालय प्रमुखों के लिए स्कूल नेतृत्व पर दो दिवसीय क्षमता निर्माण कार्यशाला, 09–10 जनवरी, 2015
- विद्यालय नेतृत्व और प्रबंधन पर एक वर्ष का स्नातकोत्तर डिप्लोमा 1 सितंबर 2014 से 30 जून, 2015
- स्कूल प्रमुखों के क्षमता विकास के लिये दो पायलट कार्यक्रम– एक इलाहाबाद, उत्तर प्रदेश के प्राथमिक विद्यालय प्रमुखों के लिये (50 प्रतिभागी) और दूसरा दमन दीव, दादरा और नागर हवेली के माध्यमिक विद्यालय प्रमुखों के साथ (41 प्रतिभागी)
- एनसीटीएल, ब्रिटेन के सहयोग से राजस्थान और तमिलनाडु के माध्यमिक विद्यालय प्रमुखों के लिये संकुल आधारित क्षमता विकास कार्यशालाएं (1400 प्रतिभागी)

Lrj 3 %usVodZ vkSj laLFkk fodkl

- विद्यालय नेतृत्व विकास के लिए केन्द्रीय विद्यालय संगठन के अधिकारियों के साथ बैठक, 9 अप्रैल 2014
- शिक्षा संस्थानों, एनीसईआरटी, आरआईई, न्यूपा–एनसीएसएल की विद्यालय नेतृत्व विकास पर साहयोगिक बैठक, 29 अप्रैल, 2014
- महाराष्ट्र, मुंबई, में विद्यालय नेतृत्व विकास पर बैठक 1 जुलाई, 2014
- पुड्डुचेरी, में विद्यालय नेतृत्व विकास पर परामर्शकारी बैठक 24–25 जुलाई, 2014
- उत्तराखण्ड में विद्यालय नेतृत्व विकास पर परामर्श 19 अगस्त, 2014
- ओडिशा में विद्यालय नेतृत्व विकास पर राज्य परामर्श 27–28 अगस्त, 2014
- बिहार में विद्यालय नेतृत्व विकास पर राज्य परामर्श 03–04 सितम्बर, 2014
- तृतीय चरण के लिए 14 राज्यों हेतु विद्यालय नेतृत्व विकास पर राज्य परामर्श 15–16 सितम्बर, 2014, आई.आई.सी., नई दिल्ली।
- राष्ट्रीय सलाहकार समूह की बैठक, 28 फरवरी, 2015
- आईएचसी, नई दिल्ली, 16–17 मार्च, 2015 में विद्यालय नेतृत्व विकास पर दूसरा राष्ट्रीय समीक्षा और योजना कार्यशाला

- विद्यालय नेतृत्व विकास पर छत्तीसगढ़ और उत्तराखण्ड के एंकर संस्थानों के साथ सहयोग के लिए सलाहकार बैठक, 30 मार्च 2015

Lrj 4 %vuqákku ,oa fodkl

- विद्यालय नेतृत्वः नीति, अभ्यास और अनुसंधान पर अंतरराष्ट्रीय संगोष्ठी : आईआईसी, नई दिल्ली, 17–18 नवम्बर, 2014
- एनसीएसएल–न्यूपा, नई दिल्ली और एडिनबर्ग विश्वविद्यालय, यूनाईटेड किंगडम के संयुक्त तत्वावधान में विद्यालय शिक्षा में महिला नेतृत्व पर अंतरराष्ट्रीय विचार मंच, 12–13 फरवरी, 2015

mPp f'k{kk esa uhfr vuqákku dsUnz

- बड़ी शिक्षा प्रणाली में उच्च शिक्षा के सार्वभौमीकरण की चुनौतियां पर अंतरराष्ट्रीय संगोष्ठी, नई दिल्ली 10–11 नवंबर, 2014

vU; dk;Øe

- लिंग और शिक्षा पर प्रशिक्षण पाठ्यक्रम, नई दिल्ली (निरंतर, नई दिल्ली के सहयोग से) 20–30 जनवरी, 2014

- मूडल एलएमएस का उपयोग शुरु करने ऑनलाइन शिक्षण पर आईसीटी कार्यक्रम व्यावसायिक विकास कार्यक्रम, नई दिल्ली, 2–4 मार्च, 2015।

वर्ष 2014–15 के दौरान राष्ट्रीय विश्वविद्यालय ने डिप्लोमा कार्यक्रमों के अलावा राष्ट्रीय और अंतरराष्ट्रीय स्तर पर अभिविन्यास/प्रशिक्षण कार्यक्रम/कार्यशालाएं, संगोष्ठियां, सम्मेलन और बैठकों सहित कुल 102 कार्यक्रम आयोजित किए। इन कार्यक्रमों में कुल 4305 प्रतिभागी शामिल हुए। जिनमें 4241 प्रतिभागी भारतीय थे (तालिका 2.4) और शेष 67 प्रतिभागी अन्य दूसरे देशों और अंतरराष्ट्रीय एजेंसियों के थे।

fo'ofo|ky; LFkkiuk fnol

विश्वविद्यालय प्रत्येक वर्ष 11 अगस्त को स्थापना दिवस मनाता है। प्रथम स्थापना व्याख्यान वर्ष 2007 में 'आलर्टनेटिव पर्सपेक्टिव्स आन हायर एजुकेशन इन द कंटेक्स्ट आफ ग्लोबजाईजेशन' पर प्रो. प्रभात पटनायक, उपाध्यक्ष, केरल राज्य योजना बोर्ड द्वारा दिया गया। द्वितीय व्याख्यान 'डिजाईनिंग आर्किटेक्चर फार ए लर्निंग रिवाल्यूशन बेसड आन ए लाईफ साइकल एप्रोच' पर प्रो. एम.एस. स्वामीनाथन, संसद सदस्य, राज्य सभा, इकोटैक्नालॉजी पर यूनेस्को पीठ के अध्यक्ष, एम.एस. स्वीनाथन अनुसंधान फाउण्डेशन द्वारा दिया गया। तृतीय व्याख्यान वर्ष 2009 में 'यूनिवर्सटीज़ इन द ट्वेन्टी फर्स्ट सेंचुरी' पर प्रो. आंद्रे बेते, राष्ट्रीय अध्येता तथा प्रोफेसर एमिरेटस, सामाजिक विज्ञान, दिल्ली विश्वविद्यालय द्वारा दिया गया। वर्ष 2010 में चतुर्थ व्याख्यान प्रो. मृणाल गिरी, अध्यक्ष, शासी निकाय, विकासशील समाज अध्ययन केन्द्र द्वारा 'एजुकेशन, ऑटोनामी एंड अकाउन्टेबिलिटी' पर दिया गया। सातवां स्थापना दिवस व्याख्यान 'एजुकेशन एंड मार्डिनिटी इन मार्डन इंडिया' पर प्रो. कृष्ण कुमार, शिक्षा शास्त्र प्रोफेसर, दिल्ली विश्वविद्यालय द्वारा दिया गया। समीक्षाधीन वर्ष में आठवां स्थापना दिवस व्याख्यान अगस्त 2014 में 'इमेजिंग नॉलेज : ड्रीमिंग डैमोक्रेसी'' विषय पर प्रो. शिव विश्वनाथन, प्रोफेसर, जननीति एवं शासकीय विद्यालय विभाग, ओ.पी. जिंदल ग्लोबल विश्वविद्यालय द्वारा दिया गया।


भारत
राज्यवार भागीदारी
2014-15
जम्मू और कश्मीर
74
हिमाचल प्रदेश
150
पंजाब
284
चंडीगढ़
26
उत्तराखण्ड
32
हरियाणा
285
दिल्ली
531
राजस्थान
412
उत्तर प्रदेश
417
बिहार
248
सिक्किम
28
अरुणाचल प्रदेश
14
असम
372
नागालैण्ड
14
मेघालय
13
मणिपुर
26
त्रिपुरा
20
मिजोरम
17
झारखण्ड
67
पश्चिम बंगाल
53
गुजरात
140
मध्य प्रदेश
64
छत्तीसगढ़
131
ओडिशा
94
दमन एवं दीव
8
दादरा एवं नगर हवेली
5
महाराष्ट्र
197
तेलंगाना
34
अरब सागर
गोवा
8
कर्नाटक
220
आन्ध्र प्रदेश
136
बंगाल की खाड़ी
पांडिचेरी
5
तमिलनाडु
48
केरल
66
लक्षद्वीप (भारत)
अंडमान और निकोबार द्वीप समूह (भारत)
1
हिन्द महासागर
(इंदिरा प्वांइट)
Map not to scale

3 अनुसंधान

अनुसंधान

राष्ट्रीय विश्वविद्यालय, शिक्षा क्षेत्र में विकासात्मक लक्ष्यों की प्राप्ति को सुनिश्चित करने हेतु तथ्यों आधारित विकल्पों और रणनीतियों को बनाने के लिए नवीन ज्ञान जुटाने हेतु, शैक्षिक नीति, योजना तथा प्रबंधन को विशेषकर ध्यान में रखते हुए, विभिन्न विषयों में पारस्परिक शोध और अध्ययनों को बढ़ावा और सहायता प्रदान करता आ रहा है। राष्ट्रीय विश्वविद्यालय भारत के विभिन्न राज्यों और अन्य देशों में भी गुणात्मक तथा गणनात्मक दोनों प्रकार के शोध, वर्तमान नीतियों, योजनाओं एवं कार्यक्रमों का पुनरीक्षण और मूल्यांकन की तकनीकों तथा प्रशासनिक ढ़ांचों एवं प्रविधियों में

तुलनात्मक अध्ययन करता है। अध्ययनों सहित ऐसे कार्य–शोध पर जोर दिया जाता है, जो शैक्षिक नीति, योजना और प्रबंधन में सुधार के लिए मुख्यं क्षेत्रों में नवीन ज्ञान को सृजित कर सकता है। राष्ट्रीय विश्वविद्यालय एम.फिल. और पी–एच. .डी. कार्यक्रमों के अतिरिक्त, संकाय सदस्यों द्वारा किए जाने वाले शोध अध्ययनों, अन्य ऐजेंसियों द्वारा प्रायोजित शोध अन्तरर्राष्ट्रीय सहयोग प्राप्त अध्ययनों कार्यक्रम मूल्यांकन अध्ययनों और आंकड़ा प्रबंधन अध्ययनों जैसे शोध कार्यक्रम को भी सहायता प्रदान करता है। शिक्षा प्रणाली में उठने वाले संभावित प्राथमिकता के मुद्दों अथवा भारतीय शिक्षा प्रणाली वास्तव में जिन मुद्दों से जूझ रही है, उनसे संबंधित शोध अध्ययन होते हैं। समीसाधीन वर्ष के दौरान, 10 शोध अध्ययन पूर्ण हुए थे, जबकि 38 अध्ययन प्रगति पर थे।

i wkZgkspqds s ' kksèk v è; ; u

(31 मार्च, 2015 तक)

1- Hkkjr esa fo|ky; ekufp=.k ¼foÙk i kS'k.k jfgr ' kksèk&i =½

अन्वेषक : प्रो. के. बिस्वाल

fu "d 'kkZd k l kj

जिम्मेदार विद्यालय प्रणाली बनाने का आरम्भिक बिन्दु साम्याात्मक विद्यालयी तंत्र का निर्माण करना है, जो देश की शिक्षा नीति को अनुदेशात्मक कार्यक्रम की आवश्यकताओं में परिवर्तित करने के लिए विद्यालय स्तर पर सहायक वातावरण बनाता है, जिसका अर्थ है समान शिक्षा के अवसर प्रदान करने और साधनों, कार्मिकों तथा प्रक्रियाओं में न्यूनतम मानक बनाए रखने हेतु विद्यालयों के स्थान और उनकी संरचना की योजना बनाना ताकि राष्ट्र की विद्यालय प्रणाली को कुशल और प्रभावी बनाया जाए। भारत के राज्यों में भू–स्थानिक विभिन्नता तथा असमान सामाजिक–आर्थिक और शैक्षिक विकास के प्रदत्त परिस्थितियों में, साम्यात्मक और कुशल राष्ट्रीय शिक्षा प्रणाली बनाने का लक्ष्य एक बड़ा कार्य है। राज्यों में मानव–विकास के संबंध में बृहत भिन्नताएं हैं। एक असाम्य विद्यालय प्रणाली भारत में सामाजिक और आर्थिक विभेद की प्रक्रिया को और अधिक पोषित करेगी, अतएव साम्य, कुशल और प्रभावी विद्यालय प्रणाली की आवश्यकता है।

इस संदर्भ में, यह केस अध्ययन विद्यालय तंत्र को इष्टतम आकार और समान शिक्षा के अवसर को सुनिश्चित करने हेतु विद्यालय मानचित्रण को क्रियान्वित करने में भारत के अनुभवों और परम्पराओं की जांच–पड़ताल करता है। इस रिपोर्ट को परिचय भाग सहित आठ भागों में प्रस्तुत किया गया है। भाग–2 में विद्यालय मानचित्रण के उद्भव पर स्थानीय स्तर की योजना तकनीक के रूप में चर्चा की गई है। भाग–3 में विद्यालय मानचित्रण की भारतीय व्याख्या दी गई है। भाग–4 भारत में विद्यालय मानचित्रण को निर्देषित करने वाले मानदण्डों और मानकों की जांच–पड़ताल करता है। भाग–5 भारत के विकेन्द्रित शैक्षिक ढ़ांचे में विद्यालय मानचित्रण का पड़ताल करता है। भाग–6 भारत की वर्तमान विद्यालय मानचित्रण की कार्यप्रणाली और संस्थात्मक व्यवस्थाओं की जांच–पड़ताल करता है और भाग–7 में तमिलनाडु के सलेम जिले में माध्यमिक स्तर पर आंतरिक–आव्यूह आधारित मानचित्रण के उद्धरण प्रस्तुत किए गए हैं। भाग–8 में समापन होता है।

d\$ v/;;u d s fu "d 'kZfu Eu çdkj gSa %

'यदि शिक्षा के अवसर में कोई समानता नहीं होगी तो कोई शैक्षिक विकास नहीं होगा।' हाल के वर्षों में इस कथन का महत्व भारत के कार्यक्रम योजना लेखों और शैक्षिक नीति में धीरे–धीरे बढ़ रहा है। नीति और कार्यक्रम योजना हेतु शिक्षा संबंधी स्थान–विषयक, लैंगिक, सामाजिक, आर्थिक, भौतिक तथा भाषाई बाधाओं से पार पाना और समान अवसरों को उपलब्ध कराना महत्वपूर्ण है। शिक्षा को समावेशी कैसे बनाया जाए? शिक्षा प्रदान करने में प्रभावी होने हेतु विद्यालय का मानक आकार क्या होना चाहिए? शैक्षिक विकास की परिधि क्या होनी चाहिए अर्थात विस्तार बनाम समेकन पर चर्चा? शिक्षा संबंधी व्यवस्थाओं, प्रक्रियाओं तथा परिणामों के शहरी–ग्रामीण अन्तराल को कैसे पाटा जाए? वंचितों को कैसे शैक्षिक प्रक्रिया की मुख्यधारा में लाया जाए? विद्यालयी शिक्षा में निजी क्षेत्र की क्या भूमिका हो सकती है? शिक्षा में सार्वजनिक व्यय की गुणवत्ता

को कैसे सुधारा जाए। ये कुछ मुद्दे हैं जिन पर भारत में मुख्य तौर पर चर्चा होती है। भारत में, प्राथमिक शिक्षा अधिकार बन चुकी है और राज्य तथा केन्द्र शिक्षा के अनिवार्योत्तर स्तरों के लिए समान अवसरों के सृजन के लिए एकजुट हो गए हैं। वृहद पैमाने के विकास कार्यक्रम यथा एसएसए, आरएमएसए और आरयूएसए (उच्च शिक्षा में) भारत में भाषा शिक्षा योजना को पुनर्परिभाषित कर रहे हैं। उप–राष्ट्रीय स्तर पर योजना बनाने की एक संस्कृति निर्मित की जा रही है और अब सरकारी विभाग देश में शिक्षा पर सरकारी व्यय की मात्रा के बजाय गुणवत्ता को लेकर अधिक चिंतित हो गए हैं। शैक्षिक योजना और प्रबंधन में लोकतांत्रिक विकेन्द्रीकरण विकास की विचारधारा बन चुकी है। विद्यालय और उच्च शिक्षा के क्षेत्रों में देशीय स्तर के ईएमआईएस के रूप में साक्ष्य एकत्र किए जा रहे हैं तथा नीति एवं कार्यक्रम योजना निर्माण में प्रयुक्त किए जा रहे हैं। जिला योजना, सूक्ष्म योजना, विद्यालय मानचित्रण और विद्यालय सुधार योजना की आवश्यकता को कानून पास करके (यथा शिक्षा का अधिकार अधिनियम 2009 तथा उसके नियम) और कार्यक्रम योजना रूपरेखाओं द्वारा संस्थात्मक रूप दिया जा रहा है। वास्तव में गत कुछ दशकों में उभरकर आई इन बातों से शिक्षा के क्षेत्र में योजना और प्रबंधन का शैक्षिक धरातल बदल चुका है। उप–राष्ट्रीय स्तर के शैक्षिक कार्यकर्ताओं ने शैक्षिक योजना की भाषा को समझना और बोलना शुरू कर दिया है। यद्यपि, भारत में शैक्षिक योजना को व्यवसायीकृत और परिणामोन्मुख बनाना अभी बाकी है। देश की वर्तमान शैक्षिक योजना की परम्पराएं संपूर्ण क्षेत्र पर जोर देने वाले दृष्टिकोण वाले मॉडलों के बजाय परियोजनात्म्क योजना मॉडलों से अधिक मेल खाती हैं । इस प्रकार, योजना परंपराएं प्रायः संसाधनों तक पहुंच बनाने की स्वीकृतियों का रूप ले लेती हैं, विशेषकर संघ सरकार से मिलने वाली। इसी कारण से राज्य सरकारों ने 2010 में शिक्षा का अधिकार अधिनियम 2009 के लागू होने से पूर्व विद्यालय मानचित्रण को एक योजना तकनीक के रूप में कभी गंभीरता से नहीं लिया। इसी प्रकार, आरएमएसए की अपेक्षाओं के अनुरूप अनुपालना के रूप में विद्यालय मानचित्रण को संघ सरकार से संसाधनों का प्राप्त करने हेतु माध्यमिक स्तर के लिए किया जा रहा है जबकि अब प्राथमिक स्तर पर विद्यालय मानचित्रण को संचालित करना राज्यों के लिए सरकारी आदेशानुसार आवश्यक हो गया है, तो आरएमएसए के तहत इसे करना एक जरूरत बन चुका है। तथापि, शैक्षिक योजनाकारों और प्रबंधकों के लिए विद्यालय मानचित्रण की कार्यप्रणाली और अवधारणा के गुणागुणों को जानना और पूरी तरह से समझना अभी बाकी है। विद्यालय मानचित्रण, विशेषकर जीआईएस आधारित विद्यालय मानचित्रण ने समस्याऔ को और अधिक जटिल बना दिया है जिसके परिणामस्वरूप विभिन्न राज्यों में विद्यालय मानचित्रण की अवधारणा की विभिन्न व्याख्याएं की जा रही हैं। इतना ही नहीं, जबकि विद्यालय मानचित्रण में जीआईएस एप्लीकेशन को बढ़ावा दिया जा रहा है तो ऐसे समय पर अपेक्षित हल प्रस्तुत करने में विद्यालय मानचित्रण के साथ प्रौद्योगिकी को ढालने तथा प्रयुक्त करने की योग्यता की कमी लगभग सभी राज्यों में है। साथ ही साथ, डिस्टेंस मैट्रिक्स (अन्तराल आव्यूह) आधारित विद्यालय मानचित्रण यद्यपि विद्यालय मानचित्र का विश्लेषण करने और विद्यालय मानचित्रण के हलों तथा इसकी विशिष्टिताओं की दृश्यमान चित्रावली प्रस्तुत करने हेतु ईएमआईएस आंकड़ों के साथ स्थान संबंधी आंकड़ों का मिलान एवं सहक्रिया कराने में कार्यप्रणाली स्तर पर विफल प्रतीत होता है, जिसके कारण वास्तव में जीआईएस आधारित विद्यालय मानचित्रण अधिक लोकप्रिय प्रतीत होता है। इतना ही नहीं, प्रौद्योगिकी ज्ञान, गहन कौशल आधारित और तुलनात्मक रूप से महंगी होने के कारण, जीआईएस विद्यालय मानचित्रण और शैक्षिक प्रबंधन प्रक्रिया में केवल एक टूल के रूप में काम आई है। कहने की आवश्यकता नहीं कि जीआईएस विद्यालय मानचित्रण निर्णय लेने में सहायक टूल के रूप में बहुत ही अधिक उपयोगी है बशर्ते कि यह सही कार्यविधि और ईएसआईएस तथा भूस्थानिक आंकड़ों का सही समुच्चय अपनाए। यदि जीआईएस आधारित विद्यालय मानचित्रण आधारित परतें बनाता है, युक्लेडियन दूरी के आधार पर विद्यार्थियों को प्रवेश देने के संदर्भ में विद्यालय के अधीन आने वाले क्षेत्र को आधार बनाता है और विद्यालयों के मध्य नेटवर्क विश्लेषण करता है तथा विद्यालय के आस–पड़ोस को समुचित रूप से चिह्नित करने में सक्षम नहीं है (क्योंकि वर्तमान भारत में जीआईएस इस कार्य के लिए ऐरियल दूरी पर निर्भर करता है) और नए विद्यालयों के स्थलों अथवा विद्यालयों को अपग्रेड करने के निर्णय, पहुंच बढ़ाने से संबंधित इष्टतम निवेश के मुख्य सिद्ध ांतों को लागू करने के बजाय योजनाकार की बुद्धि के आधार पर लेता है तो जीआईएस आधारित विद्यालय मानचित्रण, चाहे जैसे भी प्रस्तुत किया गया हो, निश्चित रूप से अशुद्ध और इष्टतम से निचले स्तर का होगा, जिसके कारण पूर्व–निर्धारित स्तर के विद्यालयी नेटवर्क के विस्तार के संबंध में अपेक्षित अतिरिक्ति विद्यालयों की कम अथवा अधिक इकाइयों का आकलन होगा।

राज्यों में विद्यालय मानचित्रण के किसी दस्तावेजी साक्ष्य के अभाव में, और वास्तविक 'वॉकिंग डिस्टेंस' आंकड़ों का प्रयुक्त करने के योग्य न होने के कारण, वर्तमान में, विद्यालयी शिक्षा तक पहुंच संबंधी योजना के लिए अपेक्षित निर्णय सहायता उपलब्ध कराने में राज्यों का जीआईएस आधारित विद्यालय मानचित्रण सक्षम प्रतीत नहीं होता है। कतिपय कार्यप्रणाली संबंधी मुद्दों की ओर ध्यान दिलाने हेतु, प्रथमतः जीआईएस आधारित विद्यालय मानचित्रण एक प्रदत्त क्षेत्र में मानचित्रण का कार्य करने के लिए 'विद्यालय' को एक इकाई के रूप में लेता है जबकि 'निवास स्थान' इसके लिए उचित इकाई होती है, यदि निवास स्थानों के लिए विद्यालयों को आवंटित किया जाना हो बजाय विद्यालयों के लिए निवास स्थानों को। द्वितीय, पहुंच के लिए योजना बनाते समय जीआईएस आधारित विद्यालय मानचित्रण विद्यालय के लिए निवास स्थान को आवंटित करता है, और तदनुसार, विद्यालय से निवास स्थानों तक की दूरी को मापता है; उचित तरीका निवास स्थानों के लिए विद्यालयों को आवंटित करना और निवास स्थान से निवास स्थान की दूरी के आंकड़े एकत्र करना है क्योंकि सामान्यतया विद्यालय एक अथवा अन्य निवास स्थान के क्षेत्र में स्थित होते हैं। तृतीय, क्योंकि नए विद्यालय की स्थापना करने अथवा वर्तमान विद्यालय का स्तर ऊंचा उठाने संबंधी निर्णय किन्हीं अन्य स्थानों पर शिक्षा संबंधी सुविधाओं की आवश्यकता का कोई संदर्भ लिए बिना लिया जाता है, इसलिए भारतीय परिस्थितियों में जीआईएस आधारित विद्यालय मानचित्रण का वर्तमान रूप विद्यालय के नेटवर्कों को इष्टतम करने में पूरी तरह से विफल है। तब प्रश्न उठता है कि भारत में विद्यालयों के मानचित्रण में सुधार करने हेतु जीआईएस आधारित विद्यालय मानचित्रण में सुधार करने हेतु जीआईएस आधारित विद्यालय मानचित्रण और डिस्टेंस मैट्रिक्स आधारित विद्यालय मानचित्रण एक दूसरे के पूरक अथवा वैकल्पिक साधन हैं? इस प्रश्न का उत्तर यह है कि यदि उचित रूप से सहयोजित किए जाते हैं तो ये विद्यालय मानचित्रण के पूरक साधन हैं। ये भारत में विद्यालय मानचित्रण को बहुत बड़े स्तर पर सुधार सकते हैं। विद्यालय मानचित्रण में जीआईएस एप्लीकेशन डिस्टेंस मैट्रिक्स आधारित एसएम प्रक्रिया की कार्यप्रणाली को अपनाकर बहुत बड़ा सुधार ला सकते हैं। विद्यालय मानचित्रण (एसएम) के वर्तमान जीआईएस समाधानों को साफ्टवेयर में डिस्टेंस मैट्रिक्स माड्यूल से सहयोजित करके आशोधित किए जाने की आवश्यकता है इसलिए भारत में डिस्टेंस मैट्रिक्स आधारित विद्यालय मानचित्रण की मुख्य विशिष्टताओं को जीआईएस आधारित एसएम को प्रायोगिक तौर पर चलाने की आवश्यकता है।

निष्कतर्षतः, संशोधित मानकों तथा मानदण्डों के आधार पर विद्यालयों के तंत्रों के पुनर्गठन से संभवतया समान अवसर उत्पन्न हों, परन्तु यह जरूरी नहीं कि इससे सभी को शिक्षा के अवसर उपलब्ध हो जाएंगे। शिक्षा की सुविधाओं की आपूर्ति शायद बराबर की मांग उत्पन्न कर पाए। दूरस्थ और दुर्गम क्षेत्रों, नागरिक दबावों से प्रभावित क्षेत्रों में शिक्षा की मांग उत्पन्न करना, और पात्र जनसंख्या के अंतिम हिस्से तथा सामाजिक रूप से वंचित समुदायों को तथा विषम परिस्थितियों में घिरे बच्चों तक विद्यालयी शिक्षा की पहुंच बनाना शिक्षा की मांग से संबंधित मुख्य चुनौतियां हैं। विद्यालयी शिक्षा को उपलब्ध कराने और इस तक पहुंच बनाने के लिए वंचितों तक जाने संबंधी नीतियों की आवश्यकता होगी। एसएम को और अधिक प्रासंगिक तथा परिणामोन्मुख बनाने के विषयों को शामिल करना पड़ेगा। जो भी हो, एसएम स्थानीय स्तर की योजना तकनीक के रूप में विकेन्द्रीकृत शैक्षिक योजना के सशक्तिकरण और शिक्षा के अवसरों के साम्यीकरण को आसान बनाने में बहुत बड़ा योगदान देती है।

2- 'kS{kd : i l sfiNM+ft ykas d ks fpfg~ur djus d s oSfYid –f"Vd ks.k ¼eksuk [kjs½

अन्वेषक : प्रो. मोना खरे

fu"d"kZ d k l kj

शैक्षिक विकास की क्षेत्रीय विषमताओं ने भारतीय अर्थव्यवस्था को 60 वर्षों के नियोजित विकास और शिक्षा में साम्यता एवं गुणवत्ता के लक्ष्य के प्रति निष्ठा के बावजूद बुरी तरह से प्रभावित किया हुआ है। शैक्षिक रूप से पिछड़े राज्यों पर विशेष ध्यान देने और प्रोत्साहन देने के लिए हस्तक्षेप की रणनीति के रूप में सरकार द्वारा इन्हें चिहि्नत किया गया। शैक्षिक विकास की विकेन्द्रित योजना के सिद्धांत के अनुरूप, इन विषमताओं को कम करने पर केन्द्रित हस्तक्षेप हेतु विभिन्न कारकों के आधार पर तुलनात्मक छोटी क्षेत्रीय इकाइयों यथा विशेष ध्यान केन्द्रित किए जाने वाले जिलों (258 की संख्या में), शैक्षिक रूप से पिछड़े ब्लॉकों (3479 की संख्या में) को चिहि्नत किया गया था। तथापि, अनेक राज्यों और जिलों में अभी भी बड़े पैमाने का अन्तर है। जैसाकि 11वीं पंचवर्षीय योजना में बताया गया है कि अंतिम ऐसे 6–7 प्रतिशत बच्चों 'जिन तक पहुंचना कठिन है' को शिक्षा की सुविधाएं प्रदान करना एक चुनौती है।

11वीं पंचवर्षीय योजना पर वर्किंग समूह की रिपोर्ट में ध्यान दिलाया गया कि अन्तर्राज्य, अन्तर–जिला और अन्तर–ब्लॉक विषमताओं को कम करना आगामी वर्षों की चुनौती होगी। 12वीं पंचवर्षीय योजना में इन चिंताओं को दोहराया गया। इसलिए वर्तमान पिछड़े/विकसित क्षेत्रों की पहचान ध्यानपूर्वक समग्र दृष्टिकोण अपनाते हुए करनी पड़ेगी। शैक्षिक विकास/पिछड़ेपन को बहुआयामी अवधारणा होने के कारण शिक्षा के सभी स्तरों के स्तर पर अनेक मानदण्डों को सम्मिलित करते हुए शैक्षिक विकास को बहुचलकारकीय सूचकांकों को एक अलग नजरिये से देखने की आवश्यकता है। इस प्रकार का बहुआयामी सूचकांक शैक्षिक रूप से पिछड़े क्षेत्रों की पहचान करने में सबसे अधिक न्यायोचित संकेतक हो सकता है। एक संयुक्त संकेतक अथवा संश्लिष्ट सूचकांक सभी आयामों, उद्देश्यों, व्यैक्तिक संकेतकों तथा प्रयुक्त चलकारकों का एक समुच्चय होता है। इसका अर्थ यह है कि संयुक्त संकेतक की औपचारिक परिभाषा इसके सामुहिक समुच्चय के अंतर्गत विशेषताओं के एक समूह के रूप में दी जा सकती है। इस प्रकार के सूचकांकों को विकसित करने की प्रक्रिया के दौरान ऐसे प्राथमिकता के क्षेत्रों को चिहि्नत करना संभव है जो इन विषमताओं की व्याख्या करने में अधिक उत्तरदायित्वपूर्ण हैं।

संयुक्त सूचकांक संस्थानों/क्षेत्रों के निष्पादन की कसौटी के लिए उत्तरोत्तर अधिक उपयोग किए जा रहे हैं। संगठन यथा संयुक्त राष्ट्र, यूरोपियन संघ, यूनेस्को, भारत सरकार तथा अन्य संस्थानों और देशों को श्रेणीक्रम प्रदान करने हेतु संयुक्त सूचकांकों का प्रयोग कर चुके हैं। माध्यमिक शिक्षा में गुणवत्ता मूल्यांकन के विभिन्न साधनों में श्रेणीक्रम संभवतया जनता का सबसे अधिक ध्यान खींचता है। इसी प्रकार, यूनएनडीपी देशों को एचडीआई के आधार पर श्रेणी प्रदान करता है और इएफए जीएमआर इडीआई का प्रयोग करता है। विभिन्न प्रसिद्ध वैश्विक संगठनों द्वारा विकसित किए गए ऐसे अनेक सूचकांक यथा विश्व प्रतिस्पर्धा सूचकांक, नवोन्मेष सूचकांक, संधारणीयता सूचकांक आदि चलन में हैं। यह सूची लम्बी है परन्तु एक चीज साझी है कि ये सभी विविध उप–संकेतकों/चलकारकों के माध्यम से अनेक आयामों के आधार पर मापे जाने वाले संयुक्त सूचकांक हैं।

उद्देश्य : यह एकल विषयक लेख शैक्षिक विकास/पिछड़ेपन के सूचकांक को विकसित करने की विभिन्न तकनीकों को समझने के लिए एक कार्यप्रणाली के प्रदर्शक के रूप में कार्य करने हेतु तैयार किया गया है। यद्यपि ये तकनीकें गणितीय और सांख्यिकीय प्रकृति की हैं, यह एकल विषयक लेख गणितज्ञ–इतरों तथा सांख्यिकीविद–इतरों के लिए एक साधन–प्रदर्शक के रूप में कार्य करने के प्राथमिक दृष्टिकोण से उन्हें प्रस्तुत करेगा।

मूल उद्देश्य पाठक में निम्नलिखित के बारे में समझ विकसित कराना है :

1. शैक्षिक विकास के विविध संकेतकों की समझ और पहचान करना;
2. विविध संकेतकों के समूहन से संबंधित समस्याओं को समझना और उन्हें हल करना;
3. बहुचलकारकीय सूचकांक को विकसित करने की वैकल्पिक तकनीकों को सीखना;
4. शैक्षिक विकास के एक बहुचलकारकीय सूचकांक को बनाने की विभिन्न कार्य प्रणालियों को अनुप्रयुक्त करना और शैक्षिक रूप से पिछड़े जिलों को चिह्नित करना;
5. इस प्रकार का सूचकांक विकसित करने में सजीवन व्यवहारिक आंकड़ों के समूहों का प्रयोग करना।

y{kdksrhu HkkxksaesackaVkx;kgS%

भाग–1 में शैक्षिक विकास की बहुआयामी प्रकृति की चर्चा है इस भाग में मुख्य रूप से ध्यान शैक्षिक विकास को एक समग्र दृष्टिकोण से देखने पर केन्द्रित किया गया है ताकि आंतरिक कुशलता के संकेतकों के साथ–साथ क्षेत्र विशेष में शैक्षिक विकास को प्रभावित करने वाले बाह्य वातावरण की पहचान उनको समावेशित करने के औचित्य सहित की जा सके।

भाग–2 में बहुचलकारकीय सूचकांक तैयार करने की विधियों से संबंधित अवधारणाओं तथा प्रेमेयों पर चर्चा है। इस भाग का ध्यान विविध चलकारकों को प्रयुक्त करने में आने वाली समस्याओं का अध्ययन करने पर और विविध आंकड़ों के समूहों से संबंधित साधनों पर केन्द्रित है ताकि समूहन तकनीकी रूप से संभव हो सके। यह उपलब्ध साहित्य में इसी प्रकार के किए गए कार्यों का उदाहरण देकर विभिन्न अवधारणाओं की व्याख्या करता है।

भाग–3 भाग–2 में विकसित की गई पूर्वापेक्षाओं का प्रयोग बहुचलकारकीय सूचकांक तैयार करने की तकनीकों की और अधिक गहन व्याख्या करने में करता है। यह भाग व्यवहारिक अभिवृति वाला और भाग–2 में

चर्चित वैकल्पिक दृष्टिकोणों को एक ईडीआई विकसित करने हेतु शैक्षिक आंकड़ा समूह पर अनुप्रयुक्त करने और ईडीआई का प्रयोग शैक्षिक रूप से पिछड़े क्षेत्रों को चिह्नित करने पर केन्द्रित है। यह भाग बहुचलकारकीय सूचकांक तैयार करने की विभिन्न कार्यविधियों के ऐतिहासिक विकास क्रम की तह में जाने का प्रयास करता है।

3- tut kr h; {ks=ka esa çkFkfed vkSj mPp çkFkfed f'k{kk d s fy , mi y Cèk l fo èkkv ka d k e Y; kad u

अन्वेषक : प्रो. के. सुजाता

fu "d "kZ d k l kj

इसमें नौ राज्यों अर्थात आन्ध्र प्रदेश, असम, ओडिशा, झारखण्ड, मध्य प्रदेश, छत्तीसगढ़, महाराष्ट्र, गुजरात और राजस्थान के 25 विशिष्ट ध्यायनाकर्षित जिलों को शामिल किया गया है। इस अध्ययन के मुख्य उद्देश्य है : (i) प्रधानतः जनजातीय क्षेत्रों में जनजातीय बच्चों की भागीदारी तथा प्राथमिक और उच्च प्राथमिक शिक्षा की सुविधाओं की उपलब्धता और पहुंच की जांच करना (ii) यह जांच करना कि क्या उपलब्ध शैक्षिक सुविधाएं जनजातीय बच्चों की लैंगिक भिन्नता संबंधी, भाषाई और सामाजिक–सांस्कृतिक आवश्यकताओं की पूर्ति करती हैं और (iii) जनजातीय बच्चों के संबंध में अध्यापकों के परिप्रेक्ष्य के अतिरिक्त, अभिभावकों के अपने बच्चों की शिक्षा और उपलब्ध शिक्षा की सुविधाओं के बारे में दृष्टिकोण का अध्ययन करना।

मुख्य् संस्तुतियां

1. प्राथमिक स्तर की आरम्भिक कक्षाओं में जनजातीयों के लिए अनुदेशों के माध्यम के रूप में मातृभाषा के संबंध में एक राष्ट्रीय और राज्य नीति अपनाये जाने की आवश्यकता है। तत्पश्चात, अगले स्तर पर क्षेत्रीय भाषा की ओर अविरत संक्रमण की संस्तुति की जाती है।
2. आंध्र प्रदेश के समान मुख्यतः जनजातीय क्षेत्रों से अध्यापकों की भर्ती की नीति की आवश्यकता है। परन्तु विविधता सुनिश्चित करने और प्रतिस्पर्धात्मकता को बनाए रखने के हित में एक चौथाई अध्यापक गैर–जनजातीय श्रेणी से लेने की आवश्यकता है।
3. विद्यालयों की अच्छी स्थिति को सुनिश्चित करने हेतु विद्यालय की संरचना की गुणवत्ता में सुधार करना और सुविधाओं विशेषकर चहारदीवार, प्रयोग करने योग्य शौचालयों, लड़कियों के लिए अलग शौचालयों, पेयजल, कक्षाओं में फर्नीचर तथा उपकरणों का निर्माण प्राथमिकता के आधार पर किया जाना चाहिए। विद्यालय के भवनों के निर्माण की गुणवत्ता में सुधार किया जाना और स्थानीय मौसम की स्थितियों के लायक बनाया जाना आवश्यक है।
4. बाधाएं उत्पन्न करके अभिभावकों द्वारा अप्रत्यक्ष रूप से किए जाने वाले विभेद (जनजातीय परिवारों में लड़कियों को घरेलू कार्य, भाई–बहनों की देखभाल में लगाने की उच्च प्रवृत्ति है) और विद्यालय में अदृश्य भेदभाव (उपयोग योग्य शौचालयों की कमी, महिला अध्यापकों की अनुपस्थिति, अध्यापकों का अनुपस्थित रहना आदि) से पार पाने हेतु विद्यालयों में बेहतर सुविधाएं, प्रभावी प्रोत्साहन और लड़कियों के लिए और अधिक आश्रम विद्यालय उपलब्ध कराने की आवश्यकता है।
5. महाराष्ट्र, ओडिशा, गुजरात और असम की तरह शिक्षा विभाग को सभी जनजातीय केन्द्रित/अनुसूचित क्षेत्रों में विद्यालयों की स्थापना, अनुवीक्षण और प्रशासन/प्रबंधन का कार्य करने की जिम्मेदारी लेनी चाहिए ताकि जनजातीय कल्याण और शिक्षा विभागों के दोहरे प्रशासन की समस्या से बचा जा सके।
6. विद्यालय अनुवीक्षण प्रणाली में सुधार किया जाना चाहिए और सूचना प्रौद्योगिकी (आईटी) का उपयोग अध्यापकों की अनुपस्थिति को नियंत्रित करने के लिए किया जाना चाहिए।
7. जनजातीय क्षेत्रों के अधिकतर विद्यालयों का आकार छोटा होने के कारण, संरचना की गुणवत्ता और मात्रा तथा अध्यापकों की संख्या एक मुद्दा बना रहता है। अतः आवासीय आश्रम स्कूल और स्कूल काम्प्लेक्स प्रणाली बनाने संबंधी एक वैकल्पिक व्यवस्था की योजना बनाने की आवश्यकता है।
8. वार्षिक विद्यालय समय–सारणी, विद्यालय का समय, अवकाश और छुट्टियों को स्थानीय भौगोलिक और सांस्कृतिक संदर्भ की जरूरतों के अनुसार होना चाहिए और स्थानीय जनजातीय त्यौहारों एवं मेलों का भी ध्यान रखना चाहिए।
9. अधिकतम ग्रामीण जनजातीय विद्यालय आकार में छोटे होते हैं और सुसज्जित नहीं होते हैं, अतः सुझाव दिया जाता है कि ऐसे विद्यालयों के बजट में उच्चतर प्रति विद्यार्थी लागत के आधार पर वृद्धि

कर देनी चाहिए। कठिन भूभाग और खराब सड़कों के कारण सामान्यतया विद्यालयों तक भौतिक पहुंच समस्याओं से भरी होती है, अतः जहां अपेक्षित हो वहां विद्यार्थियों के लिए विद्यालयों तक परिवहन की व्यवस्था की जानी चाहिए।

11. दूरस्थ निवास स्थानों के मामले में जहां विद्यालय प्रभावी रूप से काम नहीं कर पाते हैं और लाभप्रद नहीं हैं, आश्रम विद्यालयों की सुविधा का प्रसार और निर्माण किया जाना चाहिए तथा अधिक केजीबीवीज लड़कियों की शैक्षिक आवश्याकताओं का ध्यान रखने हेतु खोले जाने चाहिए।

12. अवसर लागत से पार पाने के लिए जनजातीय क्षेत्रों के जनजातीय विद्यार्थियों के लिए प्रोत्साहनों में वृद्धि करनी चाहिए। विद्यार्थियों को लेखन–सामग्री भी दी जानी चाहिए और उनके लिए और अधिक छात्रवृत्तियां होनी चाहिए। उच्च प्राथमिक कक्षाओं की लड़कियों को साईकिलें दी जानी चाहिए।

13. अध्यापकों को दूरस्थ जनजातीय क्षेत्रों में कार्य करने के लिए कुछ मौद्रिक प्रोत्साहन दिया जाना चाहिए। यदि उनके पास गांव अथवा इसके निकट क्षेत्र में मकान नहीं है तो उन्हें मकान उपलब्ध कराया जाना चाहिए। अध्यापकों को गांव में रहने की सुविधा मिलने से, अध्यापकों की अनुपस्थिति प्रवृत्ति घटेगी और अधिक समय पढ़ने–पढ़ाने को दिया जा सकेगा।

14. लघु अभिविन्यास कार्यक्रमों के माध्यम से अध्यापकों को जनजातीय क्षेत्र के विद्यालयों में नियुक्त करने से पूर्व जनजातीय संस्कृति और जीवनशैली से परिचित कराया जाना चाहिए।

15. अध्यापकों की सभी रिक्तियों को भरा जाना चाहिए और यदि विद्यालय में केवल संविदा अध्यापक हैं तो कम से कम एक नियमित अध्यापक प्रत्येक विद्यालय में होना चाहिए।

16. जनजातीय बच्चों की शिक्षा की नीति का पुनरीक्षण राष्ट्रीय स्तर और जनजातीय जनसंख्या वाले क्षेत्रों वाले प्रत्येक राज्य में राज्य–स्तर पर भी किया जाना चाहिए।

पुनरीक्षण में सभी पहलूओं को शामिल करना चाहिए यथा विभिन्न विभागों की भूमिका, विशेषकर जनजातीय कल्याण विभाग, वित्त, प्रोत्साहन, भाषा–संबंधी मुद्दे, केजीबीवीएस और आश्रम स्कूलों की भूमिका, व्यावसायिक पाठ्यक्रमों की आवश्यकता और विद्यालयों का अनुवीक्षण तंत्र।

4- dsjy ds'kS{kd ç'kklu dsrhu jsl o"kZ.k dsfy, çkjfEHkd vè;;u

अन्वेषक : डॉ. आर.एस. त्यागी

fu"d'kZ dk lkj

गत दो दशकों के दौरान केरल में विद्यालयी शिक्षा के प्रशासनिक ढ़ांचे और कार्यों में आए परिवर्तन को रेखांकित करने के उद्देश्य से यह अध्ययन किया गया। पूर्वनिर्मित प्रश्नावली के आधार पर आंकड़े और सूचना राज्य स्तर पर शिक्षा सचिवालय तथा सभी निदेशालयों सहित, क्षेत्रीय, जिला, ब्लॉक और संस्थात्मक स्तरों पर एकत्र की गई। अध्ययन से ज्ञात हुआ कि गत दो दशकों के दौरान केरल ने संस्थानों के स्तर से लेकर सचिवालय के स्तर तक प्रशासन के सभी स्तरों पर एक बहुत बड़े प्रशासनिक ढ़ांचे और कार्यों की स्थापना की है। इसमें प्रशासन को और अधिक प्रभावी और कुशल बनाने हेतु प्रशासन के सभी स्तरों पर ई–गर्वर्नेन्स की प्रणाली को भी शुरू किया है। यह ज्ञात हुआ कि न केवल विभिन्न शैक्षिक प्रशासन के स्तरों तथा प्राथमिक माध्यमिक और उच्च माध्यमिक सहित विभिन्न स्तरों के भीतर बल्कि शैक्षिक कार्यक्रम संचालित करने वाले अन्य विभागों यथा अनुसूचित जाति और अनुसूचित जन जाति के साथ आपसी सहयोग और एकात्मकता की कमी रही है और आगे देश के अधिकतर राज्यों की तरह, उसने भी विकास कार्यक्रमों के लिए समान्तर परियोजना प्रबंधन संरचानाएं यथा एसएसए, आरएमएसए बनाई हैं। आरटीई की व्यवस्था अभी भी एसएसए द्वारा देखी जा रही है। शिक्षा विभाग के इस कार्य के कारण आपसी असहयोग की कमी से और अधिक देरी तथा शैक्षिक प्रशासकों में जिम्मेदारी और उत्तरदायित्व की भावना की कमी हो गई है। राज्य को हजारों अनार्थिक विद्यालयों, सरकारी और सहायता प्राप्त विद्यालयों के हजारों निकाले हुए तथा अधिक अध्यापकों, अध्यापकों के स्थानान्तरण की मुख्य समस्याओं का भी सामना करना पड़ रहा है और अध्यापकों के लगभग 7000 मुकदमों के केस जो शैक्षिक प्रशासकों के बहुत बड़े समय के भाग को खा जाते हैं, वह शिक्षा अधिकारियों के सहज कार्य को बुरी तरह से प्रभावित करता है। हालांकि केरल को बहुत पहले देश में शैक्षिक रूप से अग्रणी राज्य का दर्जा प्राप्त है परन्तु यह अब भी गुणवत्तापूर्ण शिक्षा के मुद्दे का सामना कर रहा है क्योंकि ऐसा कोई विद्यालयों का शैक्षिक पर्यवेक्षण नहीं

है जिससे शिक्षा अधिकारी शिक्षा की गुणवत्ता में सुधार के लिए अध्यापन– शिक्षा प्राप्ति की प्रक्रिया को सहायता प्रदान कर सकते। अध्ययन सुझाता है कि प्रशासन के युक्ति युक्त मूल्यांकन के आधार पर दोनों निदेशालयों अर्थात विद्यालयी शिक्षा और उच्च माध्यमिक शिक्षा के निदेशालयों का एकीकरण अवश्य होना चाहिए। राज्य को राज्य स्तरीय शिक्षा सेवा की स्थापना करनी चाहिए जिससे शैक्षिक रूप से कुशल शैक्षिक अधिकारियों की समय पर उपलब्धता में मदद मिलेगी। यह सुझाव भी दिया गया कि अधि–अध्यापकों की समस्या से निपटने के लिए एक अध्यापक आयोग की स्थापना की जानी चाहिए जो निजी सहायता प्राप्त विद्यालयों के प्रबंधक द्वारा अध्यापकों की भर्ती के बजाए निजी सहायता प्राप्त विद्यालयों में अध्यापकों की भर्ती कर सके क्योंकि राज्य सरकार इन विद्यालयों में अध्यापकों के वेतन के लिए शत प्रतिशत वित्तीय सहायता प्रदान करती है। प्रशासन के विभिन्न स्तरों पर अध्यापकों के लिए कष्ट निवारण प्रकोष्ठ बनाने के साथ–साथ, राज्य को शिक्षा राष्ट्रीय नीति द्वारा सुझाए गए अनुसार शून्य स्थानान्तरण की ओर भी अग्रसर होना चाहिए। इस अध्ययन के आधार पर, देश के अन्य राज्यों और संघ राज्यों में तीसरे अखिल भारतीय सर्वेक्षण के दौरान आंकड़े एकत्र करने हेतु शोध में प्रयुक्त सामग्री का परिष्कार किया गया।

5- fcgkj esa 'kSf{kd ç'kklu dk vè;;u&lajpuk] dk;Zvkj çfØ;k

अन्वेषक : डॉ. मंजू नरूला

fu"d'kZ dk lkj

1990–91 में जब दूसरा अखिल भारतीय शैक्षिक प्रशासन का सर्वेक्षण किया गया था तब से गत दो दशकों के दौरान बिहार में स्कूली शिक्षा के शासन में व्यापक परिवर्तन हुए हैं। वर्तमान रिपोर्ट में बिहार राज्य में शैक्षिक प्रशासन के क्षेत्र में व्यापक रूप से हुए विभिन्न परिवर्तनों को शामिल किया गया है। यह शैक्षिक प्रशासन में संरचना, कार्यों, प्रक्रिया एवं कार्यविधियों सहित नीतिगत पहलों की जांच करती है और विभिन्न स्तरों यथा सचिवालय, निदेशालय, क्षेत्रीय, जिला, ब्लॉक और संस्थागत स्तरों पर प्रशासन और प्रबंधन प्रणाली में परिवर्तनों का सीमांकन भी करती है। सर्वेक्षण रिपोर्ट शिक्षा के विधिक आधार, शैक्षिक नीतियों और कार्यक्रमों, शिक्षा का प्रशासन एवं संगठन, स्थानीय निकायों की भूमिका, कार्मिक प्रबंधन, शैक्षिक योजना की प्रक्रिया, निरीक्षण एवं पर्यवेक्षण तथा शिक्षा सहायक निकाय के बारे में सूचित करते हुए राज्य के बारे में सामान्य जानकारियों का विवरण प्रस्तुत करती है। रिपोर्ट में संस्थान के मुखिया के कार्यों का विवरण दिया गया है। रिपोर्ट में भावी विकास की संभावनाओं और शिक्षा के प्रबंधन में आने वाली समस्याओं की भी चर्चा की गई है।

6- ekè;fed f'k{kk esa yMfd;ksa ds fy, d stUæ }kjk çk;ksftr jk"Vªh; çksRlkgu ;kstuk dk ewY;kadu

अन्वेषक : डॉ. वी.पी.एस. राजू

fu"d'kZ dk lkj

केन्द्र द्वारा प्रायोजित ‘माध्यमिक शिक्षा के लिए लड़कियों हेतु राष्ट्रीय प्रोत्साहन योजना’ का मूल्यांकन मानव संसाधन विकास मंत्रालय द्वारा प्रस्तावित मानदण्डों और सिद्धांतों के अनुसार जनवरी, 2014 में आरम्भ किया गया था। जब से द्वितीय स्रोत प्राप्त हुए हैं, देश के सभी क्षेत्रों–उत्तर, पूर्व, दक्षिण, पश्चिम, केन्द्रीय तथा उत्तर–पूर्व को सम्मिलित करने हेतु अरुणाचल प्रदेश, बिहार, हिमाचल प्रदेश मध्य प्रदेश, पंजाब, पुदुच्चेरी, तमिलनाडु और पश्चिम बंगाल आठ सैम्पल राज्यों का चुनाव किया गया है। यह निर्धारित किया गया है कि मूल्यांकन द्वितीय और प्राथमिक आंकड़ों का उपयोग करते हुए वर्णनात्मक सर्वेक्षण पद्धति का प्रयोग करके किया जाएगा। कुल 16 जिलों के कम से कम 219 विद्यालयों और 2008–09 से 2011–12 तक की अवधि के दौरान कक्षा 9 में नामांकित 1889 चयनित छात्राओं को सैम्पल के रूप में लिया गया है। इसी बीच, लड़कियों, प्रधान अध्यापकों और कार्मिकों के लिए अलग–अलग प्रश्नावलियों/अनुसूचियों का प्रयोग करके क्षेत्र–सर्वेक्षण किया गया, जिसमें संख्यांकन, अनुक्रमण, कोड प्रदान करने, सारणीयन, व्याख्या करने और विश्लेषण के भागों को सफलतापूर्वक सम्पन्न, किया गया। एक सूक्ष्म अध्ययन के पश्चात, मूल्यांकन से ज्ञात हुआ कि साधनहीन परिवारों की बहुत सी लड़कियां जो आर्थिक एवं अन्य सामाजिक विवशताओं के कारण अपनी शिक्षा बीच में ही त्याग देती थीं, उन्हें ये योजना बेहतर लगी। यह मूल्यांकन संपूर्ण भारत में इस योजना के निर्बाध क्रियान्वयन के लिए मंत्रालय को सुझावों और संस्तुतियों के एक नोट के साथ पूरा हुआ।

,u,lvkbZth,lbZ;kstuk dk çHkko

एनएसआईजीएसई योजना से निर्धन परिवारों को अपने बच्चों की उच्च शिक्षा जारी रखने की प्रक्रिया में अपने बच्चों को माध्यमिक शिक्षा के लिए भेजने में सहायता मिली। इस योजना के माध्यम से विद्यार्थियों की संभावनाओं और प्रतिभा को भी अभिभावकों और अध्यापकों की ओर से पहचान मिली।

यह योजना प्रोत्साहन प्राप्तकर्ता को अपनी शिक्षा जारी रखने और अपने शैक्षिक लक्ष्यों के बारे में बहुत ही स्पष्ट होने के लिए अभिप्रेरणा के रूप में कार्य करती है। यह योजना निर्धन लड़कियों को स्कूली वर्षों के दौरान उनकी शैक्षिक मैरिट को ही नहीं बढ़ाती है बल्कि उनमें से बहुतों को बेहतर करियर को पाने के लिए उच्च शिक्षा की आकांक्षा और प्रतिस्पर्धा की भावना को भी उनमें भर देती है। इसका उनके छोटे भाई–बहनों, पड़ोसियों और रिश्तेदारों पर भी शिक्षा के संबंध में प्रेरणादायक प्रभाव पड़ता है। उनकी प्रेरणात्मक भूमिका के अतिरिक्त, लाभार्थी अन्यों का आवेदन करने के संबंध में ठोस मार्गदर्शन भी करते हैं।

इस योजना के माध्यम से प्राप्त वित्तीय सहायता अभिभावकों को अपने बच्चों को उच्च कक्षाओं, विशेषकर व्यावसायिक पाठ्यक्रमों में भेजने, पुस्तकें और लेखन–सामग्री खरीदने के योग्य बनाती है। कुछ बच्चे तो कम्प्यूटरों में कौशल विकास से संबंधित विशेष प्रशिक्षण और अन्य कार्यों के लिए चयनित होने पर अच्छे निष्पादन की आवश्यकता और अपनी पढ़ाई के बारे में बहुत ही विवेकशील हो जाते हैं। साथ ही, बहुत थोड़ी राशि होने, और अपने खुद के खाते में इसके जमा होने में लगने वाली अत्यधिक देरी के कारण भी लाभार्थी प्रोत्साहन राशि प्राप्त करके नाखुश रहते हैं।

सभी संस्थानों के प्रधानों ने बताया कि एनएसआईजीएसई योजना से माध्यमिक कक्षाओं, विशेषकर कक्षा 8 से 9 तक की लड़कियों को अभिप्रेरणा प्राप्त हुई। ऐसे लाभार्थियों में, जो नियमित रूप से विद्यालयों में उपस्थित हो रहे थे और इस दृढ़ विश्वास के साथ कि भविष्य में उन्हें लाभ होगा अपने शैक्षिक निष्पादन में अच्छा कर रहे थे, एक शानदार बदलाव दिख रहा था।

उदाहरणार्थ, पंजाब में विद्यालयों में लड़कियों का प्रवेश बढ़ गया है जबकि दूसरी ओर बच्चियों को मिलने वाले मौद्रिक प्रोत्साहन के रूप में आगे पढ़ाई जारी रखने के लिए मिलने वाली जरूरी प्रेरणा के कारण स्कूल छोड़ने की दर में कमी आई है।

7- v Ur jkZVªh; ckMkZl s la) fo| ky; ksa dk v è; ; u

अन्वेषक : प्रणति पांडा

fu "d 'kkZd k l kj

"भारत में अन्तर्राष्ट्रीय विद्यालय" के विषय पर इस अध्ययन को मानव संसाधन विकास मंत्रालय (एमएचआरडी) द्वारा भारत में अन्तर्राष्ट्रीय विद्यालयों की संख्या में तेजी से हुई वृद्धि को ध्यान में रखते हुए शुरू किया गया था। भारतीय विद्यालयों को विदेशी बोर्डों से संबद्ध करने से संबंधित नीति बनाने का शुरूआती प्रयास एमएचआरडी द्वारा किया गया था। वर्तमान अध्ययन में, परिभाषित टीओआर के आधार पर, अन्तर्राष्ट्रीय बोर्डों के साथ संबद्धता/प्राधिकृत करने और पंजीकरण संबंधी अन्तर्राष्ट्रीय पाठ्यक्रमों की मांग, विदेशी अध्यापकों को रोजगार, वृद्धि की प्रवृत्ति आदि को समझने का प्रयास किया गया है। वर्तमान में, अन्तर्राष्ट्रीय विद्यालयों, उनकी विविध बोर्डों से संबद्धता, अन्तर्राष्ट्रीय अध्यापकों और विद्यार्थियों की संख्या, शुल्क संरचना इत्यादि के संबंध में कोई डाटाबेस उपलब्ध नहीं है।

गत दो दशकों के दौरान, भारत में अन्तर्राष्ट्रीय विद्यालयों की कई गुणा वृद्धि हुई है। इन्टरनेशनल स्कूल, वर्ल्ड स्कूल, ग्लोबल स्कूल आदि के रूप में पहचाने जाने वाले ये विद्यालय मुख्य रूप से तीन विदेशी बोर्डों – इन्टरनेशनल बैककॉलॉरेट (आईबी) जिसका मूल जेनेवा में है कैम्ब्रिज इन्टरनेशनल एक्जामिनेशन (सीआईई), कैम्ब्रिज विश्वविद्यालय का एक भाग और ऐडेक्सल, पीयर्सन कम्पनी का एक भाग, से संबद्ध हैं। इन तीन अन्तर्राष्ट्रीय बोर्डों से संबद्ध लगभग 478 अन्तर्राष्ट्रीय विद्यालय हैं। गत पांच वर्षों के दौरान, भारत के बहुत सारे निजी विद्यालयों ने स्वेच्छा से अन्तरर्राष्ट्रीय बोर्डों से संबद्धता मांगी थी। अन्तर्राष्ट्रीय विद्यालयों की कवरेज केवल 19 राज्यों तक सीमित है। सी आई और आई बी दोनों द्वारा भारत में प्राधिकृत विद्यालयों की सबसे बड़ी संख्या महाराष्ट्र में है। अन्तर्राष्ट्रीय बोर्डों से संबद्ध विद्यालयों ने दो एकदम भिन्न मार्ग अपनाए हैं। आई बी प्राधिकृत 102 विद्यालयों (चार दूतावासीय विद्यालय को छोड़कर) में से 67 विद्यालयों ने सीधा रास्ता अपनाया अर्थात विद्यालय स्थापित करने की आज्ञा राज्य से लेने के पश्चात उन्होंने आई बी से सीधे प्राधिकृत करा लिया। कुल सीआईई प्राधिकृत 139 विद्यालयों ने यही रूट अपनाया दूसरा मार्ग यह है कि सीबीएसई, सीआईएससीई और राज्य बोर्डों से पहले से संबद्ध विद्यालयों ने स्वयं को अन्तर्राष्ट्रीय बोर्डों से संबद्ध करा लिया। 95 प्रतिशत से अधिक अन्तरर्राष्ट्रीय विद्यालय दोहरा पाठ्यक्रम उपलब्ध कराते हैं (अन्तर्राष्ट्रीय और राष्ट्रीय पाठ्यक्रम यथा सीबीएसई, आईसीएसई अथवा राज्य बोर्ड अथवा आईबी, सीआईई और राष्ट्रीय बोर्डों द्वारा प्रस्तुत संयुक्त कार्यक्रम)। अध्ययन के मुख्य, निष्कर्ष और सुझाव, प्रश्नावलियों, साक्षात्कारों और विद्यालयों के दौरों आदि के माध्यम से एकत्रित आंकड़ों पर आधारित हैं।

हाल ही के वर्षों में जो ध्यानाकर्षी वृद्धि हुई है वह वृद्धि तुलनात्मक रूप से अस्थायी, अनियोजित और बेढ़ंग रही है।

गत पांच वर्षों में अन्तर्राष्ट्रीय विद्यालयों में बहुत अधिक वृद्धि हुई है। अन्तर्राष्ट्रीय विद्यालयों की संघटना विविधतापूर्ण और जटिल होती है। अन्तर्राष्ट्रीय विद्यालय सभी अन्तर्राष्ट्रीय विशेषताओं यथा प्रवासी विद्यार्थियों और अध्यापकों की बहुलता के साथ अन्तर्राष्ट्रीय पाठ्यक्रम वाले विद्यालयों से लेकर घरेलू विद्यार्थी और अध्यापकों वाले अन्तर्राष्ट्रीय बोर्ड की संबद्धता/असंबद्धता वाले विद्यालय होते हैं। अन्तर्राष्ट्रीय विद्यालय विभिन्न श्रेणियों के यथा इन्टरनेशनल डे स्कूल/इन्टरनेशनल डे–कम–बोर्डिंग स्कूल/इन्टरनेशनल बोर्डिंग स्कूल होते हैं। इनमें "ऐतिहासिक स्वतंत्रता पूर्व के विद्यालयों" को भी शामिल किया जा सकता है। अन्तर्राष्ट्रीय बोर्ड अपने लोगों का प्रयोग करने की आज्ञा विद्यालय को उचित पंजीकरण और प्राधिकृत किए जाने के बाद देता है। अन्तर्राष्ट्रीय विद्यालयों को अपने विद्यालयों के नाम में कोई भी शब्द यथा इन्टरनेशनल, ग्लोबल/वर्ल्ड का प्रयोग करने में उनकी स्वयं की पसंद और स्वततंत्रता होती है। भारतीय विद्यालयों को अन्तर्राष्ट्रीय बोर्डों द्वारा संबद्धता प्रदान करने/प्राधिकृत करने/पंजीकृत करने की नीति और रीति अन्य देशों के समान होती है। अन्तर्राष्ट्रीय बोर्ड विद्यालयों के विभिन्न आकार (छोटे, बड़े), संदर्भ (ग्रामीण, शहरी) अथवा इस उद्देश्य के, किसी धार्मिक प्रबंधन वाले विद्यालयों को प्राधिकृत करने के संबंध में कोई विशिष्ट अधिमान नहीं देते हैं।

अन्तर्राष्ट्रीय बोर्ड से प्राधिकृत किए जाने की इच्छा रखने वाले निजी विद्यालयों की विधिक स्थिति के बारे में दोनों बोर्डों (आईबी और सीआईई) की अपेक्षाएं भिन्न हैं। सीआईई पंजीकरण के मामले में विधिक मुद्दों को विद्यालयों की जिम्मेदारी माना जाता है जबकि आईबी अथॉराईजेशन के लिए, विद्यालय को स्थानीय/प्रान्तीय/राज्य प्राधिकारी से विद्यालय के शैक्षिक संस्थान के रूप में मान्यता प्राप्त होने की पुष्टि संबंधी संगत दस्तावेज प्रस्तुत करने की अपेक्षा होती है। आईबी और सीआईई दोनों गैर–लाभ अन्तर्राष्ट्रीय बोर्ड हैं। तथापि, अन्तर्राष्ट्रीय बोर्डों से संबद्धता/प्राधिकार/पंजीकरण लेने, विद्यालयों को प्राधिकृत किए जाने, परीक्षाओं, स्टाफ के व्यावसायिक विकास और निरीक्षण से संबंधित अनेक शुल्कों का भुगतान करना होता है। दोनों अन्तर्राष्ट्रीय बोर्ड जोर देकर कहते हैं कि निर्धारित पाठ्यक्रम, अध्यापन–शिक्षा प्राप्ति प्रक्रिया, मूल्यांकन एवं जांचने की प्रक्रियाएं उनके कार्यक्रमों की मुख्य शक्ति है तथा अन्य राष्ट्रीय एवं संवैधानिक मूल्यों तथा अन्य भारतीय संदर्भों को संयोजित करने की जिम्मेदारी विद्यालयों की है।

भारत में अन्तर्राष्ट्रीय विद्यालयों की तेजी से हुई वृद्धि अन्तर्राष्ट्रीय मांग के स्थान पर उनके घरेलू कारणों से प्रभावित है। भारत में सामान्यतया प्रवासी परिवार, व्यापारी वर्ग और बहुराष्ट्रीय व्यवसायी अपने बच्चों के लिए अन्तर्राष्ट्रीय विद्यालयों को बहुत अधिक पसंद करते हैं। हाल ही के वर्षों में, भारतीय मध्यवर्गीय परिवारों ने अन्तर्राष्ट्रीय विद्यालयों को सामाजिक प्रतिष्ठा के मामले के तौर पर, अन्तर्राष्ट्रीय गुणवत्ता की शिक्षा की आकांक्षा और अन्तर्राष्ट्रीय कार्यक्रमों को विदेश में पढ़ने के लिए मार्ग खुलने के तौर पर मानते हुए अपनाते हैं।

माध्यमिक शिक्षा का अन्तर्राष्ट्रीय सामान्य प्रमाणपत्र (आईजीसीएसई, सीआई) और डिप्लोमा कार्यक्रम (डीपी, आईबी) भारत में सबसे अधिक लोकप्रिय कार्यक्रम हैं। दोनों बोर्डों के संबद्ध विद्यालयों की प्रवेश नीति और शुल्क–संरचना एक जैसी नहीं है। अन्तर्राष्ट्रीय विद्यालयों की शुल्क संरचना में व्यापक भिन्नताएं हैं।

विश्व के विभिन्न देशों की अन्तर्राष्ट्रीय विद्यालयों के संबंध में नीतियां अलग–अलग हैं। कुछ देशों ने "अहस्तक्षेप की अभिवृत्ति" को अपनाया है तो अनेक दूसरे देशों ने विनियमीकरण के मानदण्ड बनाएं हैं। बहुत अधिक विभिन्नताओं के साथ, जिस तरह से इस प्रकार के विद्यालयों की अनियोजित तथा असंरचनात्मक ढ़ंग से स्थापना में वृद्धि हुई है, उससे नीति–निर्माताओं और योजनाकारों को शीघ्र ध्यान देने की आवश्यकता है। भारत में चल रहे इन अंतर्राष्ट्रीय विद्यालयों का किसी प्रकार का कोई "डाटाबेस" उपलब्ध नहीं है। अन्तर्राष्ट्रीय विद्यालयों की विविधता के कारण उन विद्यालयों की गुणवत्ता और मानदण्डों से संबंधित सार्थक मुद्दे उठे हैं। अन्तर्राष्ट्रीय विद्यालयों के इस प्रसार से कोई भी देश अछूता नहीं रह सकता। दूसरी ओर, इस वैश्वीकृत युग में शायद ही कोई अन्तरर्राष्ट्रीय विद्यालयों की आवश्यकता को चुनौती दे सकता है परन्तु इसके लिए सरकार द्वारा योजनाबद्ध पहल तथा एक बहुत ही पारदर्शी नीति विकसित किए जाने की आवश्यकता है।

यह सिफारिश की जाती है कि भारत सरकार को विद्यालयी शिक्षा के भाग के रूप में, अन्तर्राष्ट्रीय विद्यालयों की स्थापना और विनियमीकरण से संबंधित नीतिगत ढ़ांचा तैयार करने के संबंध में उचित कदम उठाने की पहल करनी चाहिए। परिणामस्वरूप, अन्तर्राष्ट्रीय विद्यालयों के लिए एक विनियामक तंत्र तुरंत विकसित किए जाने की आवश्यकता है। इस संबंध में यह सिफारिश की जाती है कि भारत में अन्तर्राष्ट्रीय विद्यालयों के लिए एक विनियामक प्राधिकरण – भारत में अन्तर्राष्ट्रीय विद्यालय विनियामक प्राधिकरण (आई एस आर ए) की स्थापना

मानव संसाधन विकास मंत्रालय के तहत की जाए। प्राधिकरण अन्तर्राष्ट्रीय विद्यालयों से पंजीकृत/प्राधिकृत किए जाने की मांग करने वाले विद्यालयों द्वारा पूरे किए जाने वाले मानदण्डों को और केन्द्र और राज्य सरकारों की परिभाषित भूमिका को निर्धारित करेगा। विद्यालयों को अन्तर्राष्ट्रीय बोर्डों/प्रदाताओं को आवेदन नियामक प्राधिकरण के माध्यम से प्रस्तुत करने की आवश्यकता होगी। प्राधिकरण के उद्देश्यों, संघटन और कार्यों को प्राधिकरण को स्थापित करने संबंधी तैयार किए गए नीति–लेख में स्पष्ट रूप से दिया जाना चाहिए। प्रत्येक अन्तर्राष्ट्रीय विद्यालय को विद्यालय से संबंधित सभी अपेक्षित विवरणों से युक्त अद्यतन केवल एक वेबसाइट रखना आवश्यक होना चाहिए। अन्तर्राष्ट्रीय विद्यालयों को विनियमित करने की अत्यावश्यकता को ध्यान में रखते हुए एक तात्कालिक उपाय के रूप में एक 'प्रकोष्ठ' की स्थापना विद्यालय शिक्षा और साक्षरता विभाग, मानव संसाधन विकास मंत्रालय के तहत अन्तर्राष्ट्रीय विद्यालयों के प्रसार और कामकाज का अनुवीक्षण करने हेतु की जाए। भारतीय संदर्भ में एक अन्तर्राष्ट्रीय विद्यालय की विशेषताओं को स्पष्ट करना किसी सरकार के लिए सबसे अधिक महत्वपूर्ण है। अन्तर्राष्ट्रीय विद्यालय क्या है? एक अन्तर्राष्ट्रीय विद्यालय को यह नाम देने के लिए क्या मानदण्ड निर्धारित किए जाने चाहिए? यह सिफारिश की जाती है कि अन्तर्राष्ट्रीय विद्यालय संबंधी नीतिगत ढ़ांचे में अन्तर्राष्ट्रीय विद्यालय के आवश्यक घटकों – किसी विदेशी बोर्ड से संबद्ध अन्तर्राष्ट्रीय पाठ्यक्रम विद्यार्थियों के संघटन में एक सार्थक (>20%) अन्तर्राष्ट्रीय मिश्रण और शिक्षक वर्ग में (>20%) सार्थक अन्तर्राष्ट्रीय मिश्रण (सार्थक >20% एक मनमानी आंकड़ा है जिसे तर्कसंगत रूप से बढ़ाया जा सकता है, परन्तु कम नहीं किया जा सकता) को स्पष्ट रूप से निर्धारित किया जाना चाहिए।

विद्यालयों द्वारा अन्तर्राष्ट्रीय पाठ्यक्रमों और इनके अभ्यास में भारतीय विशिष्ट तत्वों यथा भारत का इतिहास और संस्कृति, कला, संगीत, भारतीय भाषाओं और भारतीय राष्ट्रीय दिवसों, उत्सवों आदि को सम्मिलित करना चाहिए। एनसीईआरटी को विभिन्न स्तरों पर अन्तर्राष्ट्रीय पाठयक्रमों का पुनरीक्षण करने और भारतीय विशिष्ट तत्वों एवं संवैधानिक मूल्यों को एकीकृत करने का सुझाव देने की जिम्मेदारी सौंपा जानी चाहिए। अन्तर्राष्ट्रीय/विदेशी अध्यापकों की भर्ती के मामले में अन्तर्राष्ट्रीय विद्यालयों में भारतीय और विदेशी अध्यापकों के अनुपात को विभिन्न राष्ट्रीयताओं वाले अन्तर्राष्ट्रीय अध्यापकों के वेतन तथा कार्य–अनुज्ञापत्र एवं वीजा संबंधी नीति को निर्धारित करने की आवश्यकता है। यह सुझाव दिया जाता है कि मानव संसाधन विकास मंत्रालय विदेश मंत्रालय तथा श्रम एवं रोजगार मंत्रालय के साथ मिलकर विभिन्न राष्ट्रीयताओं वाले अन्तर्राष्ट्रीय अध्यापकों की वेतन–संरचना तथा कार्य अनुज्ञापत्र एवं वीजा से संबंधित नीति तैयार करे।

प्रस्तावित प्राधिकरण को प्रदान की जा रही शिक्षा की गुणवत्ता का अनुवेक्षण करते समय, शिक्षा शुल्कों और विद्यालय के खर्चों के अनुरूप अन्य प्रभारों को भी विनियमित करना पड़ेगा। प्राधिकरण को शुल्कों और अन्य प्रभारों का समय–समय पर पुनरीक्षण करना होगा। यह भी संस्तुति की जाती है कि प्रस्तावित विनियामक प्राधिकरण ने अन्तर्राष्ट्रीय विद्यालयों के कामकाज विशेषकर भारतीय विशिष्ट तत्वों को उनके निर्धारित पाठ्यक्रमों में शामिल करने, विद्यार्थियों के प्रवेश की नीति, शुल्क संरचना, संरचनात्मक सुविधाओं इत्यादि से संबंधित, का अनुवीक्षण करने हेतु एक स्थाई तन्त्र बनाना चाहिए।

8- gfj;k.kk vk§ jkt LFkku esa iwZ&çkFkfed f'k{kk dh ekax ds lkekftd igywa dk vè;;u

अन्वेषक : डॉ. मधुमिता बंद्योपाध्याय

fu"d"kZd kl kj

यह शोध अध्ययन विद्यालय–पूर्व शिक्षा के निर्बाध कार्य के संबंध में आपूर्ति पहलों का अध्ययन करने और क्या वे मांग की संगति में है, इसका अध्ययन करने के लिए किया गया। इसमें विभिन्न प्रबंधन संघों द्वारा संचालित प्री–स्कूलों द्वारा प्रदत्त भौतिक और शैक्षिक सुविधाओं, विद्यालय–पूर्व शिक्षा प्राप्त करने वाले बच्चों की सामाजिक–आर्थिक पृष्ठभूमि, बच्चों के प्री–स्कूल से प्राथमिक विद्यालय तक के संक्रमण की स्थिति विद्यालय–पूर्व शिक्षा और आस–पड़ोस के क्षेत्रों में विद्यालय–पूर्व शिक्षा हेतु उपलब्ध केन्द्रों और विद्यालयों के कामकाज के बारे में अभिभावकों की राय का अध्ययन शामिल है। अध्ययन प्राथमिक और द्वितीय आंकड़ों पर आधारित था। प्राथमिक आंकड़े 3280 प्री–स्कूल विद्यार्थियों को सम्मिलित करते हुए 84 विद्यालयों और 72 आंगनवाड़ियों से पहले ही एकत्र किए जा चुके हैं। ये आंकड़े 84 विद्यालयों के प्रधानों, 67 विद्यालय–पूर्व विद्यालयों के अध्यापकों, 72 आंगनवाड़ी कार्यकर्ताओं और सहायकाओं, 1132 सैम्पल अभिभावकों का साक्षात्कार लेकर भी एकत्रित किए गए हैं। प्री–स्कूल से प्राथमिक विद्यालय तक संक्रमण की स्थित और आरम्भिक ग्रेड में बच्चों की शैक्षिक स्थिति का मूल्याकन करने हेतु कक्षा 1 और कक्षा 2 में नामांकित लगभग 3500 (अनुमानित) बच्चों से संबंधित स्कूल रोस्टर डाटा एकत्रित किया गया

है। आंगनवाड़ी और विद्यालय सर्वेक्षण से यह ज्ञात हुआ है कि प्री–स्कूल शिक्षा तक पहुंच के संबंध में हरियाणा, राजस्थान की तुलना में बेहतर स्थिति में है।

हरियाणा में जबकि सभी सरकारी विद्यालयों में कम से कम एक नर्सरी ग्रेड था, राजस्थान के किसी भी सरकारी विद्यालय में प्री–प्राईमरी अनुभाग नहीं है तथा निजी विद्यालयों के अलावा, केवल एडब्ल्यूडब्ल्यू ही विद्यालय–पूर्व शिक्षा प्रदान कर रहे हैं। यह भी ज्ञात हुआ कि दोनों राज्यों के सैम्पल निजी विद्यालय विद्यालय–पूर्व शिक्षा प्रदान करने से संबंधित सुविधाओं से युक्त हैं। हालांकि आंगनवाड़ियों और कुछ सरकारी विद्यालयों में भी कार्य की गुणवत्ता संतुष्टि कारक नहीं है। यह ज्ञात हुआ कि अनेक विद्यालयों के अध्यापक इन बच्चों को पढ़ाने हेतु प्रशिक्षित नहीं हैं और आंगनवाड़ी और सरकारी विद्यालयों में अध्यापन एवं शिक्षा ग्रहण की प्रक्रिया की घटिया गुणवत्ता के कारण बहुत सारे बच्चों में अभी आधारभूत लिखने, पढ़ने और उच्चारित करने का कौशल्य विकसित किया जाना शेष है।

9- i at kc esa v è; ki d ka d h d k; Z r fLFkfr ; ka d k v è; ; u % u hfr v k\$ j hfr ; ka d k j \$ kkad u

अन्वेषक : डॉ. अनुपम पचौरी और प्रो.विमला रामचन्द्रन

fu "d 'kkZd k l kj

पंजाब के अध्यापकों की कार्यगत स्थितियों का अध्ययन एक गुणात्मक शोध अध्ययन था। इस अध्ययन में पंजाब के नियमित और संविदा अध्यापकों के संबंध में भर्ती तैनाती नीतियों एवं परम्पराओं, वेतन सेवा लाभ तथा कार्यगत स्थितियों के साथ–साथ अध्यापकों की तैनाती, स्थानान्तरण, पहली और बाद की तैनातियां, व्यावसायिक वृद्धि, विकास और मूल्यांकन को दर्ज एवं विश्लेषित किया गया है। प्रथम चरण में दस्तावेजों को एकत्रित करना और डेस्क रिव्यू शामिल था दूसरे चरण में चिह्नित मुद्दों और आगे खोज करने हेतु एक जिला (मोहाली) और राज्य के स्तर के मुख्य कार्मिकों के साथ मुद्दों और विषयवस्तु (थीम) आधारित साक्षात्कार शामिल थे। तीसरे चरण में दूसरे चरण के अनुक्रम में प्राथमिक और माध्यमिक विद्यालयों में पंजाब में अध्यापन करने वाले नियमित और संविदा अध्यापकों की अनेक श्रेणियों के साथ केन्द्रित समूह चर्चाओं के माध्यम से मुद्दों का और आगे समन्वेषण किया।

अध्ययन के निष्कर्षों से निर्देशित होता है कि पंजाब में शुरू की गई योजनाओं और कार्यक्रमों के अनुसार अध्यापकों को श्रेणियों में बांटने से, समुचित संसाधनों रहित प्रबंधन और प्रशासनिक ढ़ांचों के दोहराव के कारण बरबादी की गुंजाइश उत्पन्न हो गई है।

इसके कारण अध्यापकों की कुछ श्रेणियों के लिए करियर विकास के मार्ग की स्पष्ट कमी हो गई है। इस प्रकार, जबकि तंत्र में कुल मिलाकर खर्च वृद्धमान है और आरटीई अधिनियम, 2009 का बेहतर अनुपालन है, इसमें असंतुष्ट अध्यापकों का जमावड़ा भी है। इस स्थिति से निपटने के लिए सभी योजनाओं और निधियों को पंजाब राज्य सरकार के शिक्षा विभाग के एक छत्र के तहत मिलाकर एकस्थ कर दिया जाए और अध्यापकों का एक एकीकृत कैडर बना दिया जाए। इस एकीकरण से असमानताएं कम हो जाएंगी।

10- u k\$&j kT; ka d s ç kFkfe d v k\$ e kè; fe d fo | ky ; h v è; ki d ka d h d k; Z fLFkfr ; ka d s fo"k; i j v è; ; u

अन्वेषक : प्रो. विमला रामचन्द्रन, डॉ. प्रेरणा गोयल चटर्जी, श्री निखिल माथुर और सुश्री अपर्णा रवि

fu "d 'kkZd k l kj

इस अध्ययन को भारतीय शिक्षा के इतिहास के एक प्रासंगिक समय पर संकल्पित और क्रियान्वित किया गया। शिक्षा का अधिकार अधिनियम (आरटीई), 2009 ने अध्यापक विद्यार्थी अनुपात और अध्यापकों की योग्यताओं को अधिदिष्ट कर दिया है और अध्यापन तथा शिक्षा प्राप्ति के लिए अनुकूल वातावरण के बारे में कुछ संकेत भी दिए हैं। आरटीई अधिनियम और जस्टिस वर्मा समिति द्वारा सभी अध्यापकों, चाहे संविदा अथवा ग्रेड में हों, के लिए भर्ती में प्रथम चरण के रूप में अध्यापक पात्रता परीक्षा को अधिदिष्ट करना भी समान रूप से महत्वपूर्ण हैं। इसके अलावा, अनेक राज्य सरकारों ने संविदा अध्यापकों से संबंधित अपनी नीतियों का पुनरीक्षण किया है और कुछ अन्य ने यह विचार किए बिना कि दीर्घावधि में उनका क्या होगा संविदा अध्यापकों को काम पर रखा है। ये वो समय है जब हमारे विद्यालयों की गुणवत्ता में सुधार करने और हमारे बच्चों की शिक्षा प्राप्ति को सुनिश्चित करने का बहुत अधिक दबाव भी है।

उपर्युक्त को ध्याान में रखते हुए न्यूपा (अध्यापक प्रबंधन एवं विकास से संबंधित चेयर के तत्वधान के तहत) ने भारत के नौ राज्यों यथा झारखण्ड, कर्नाटक, मध्य प्रदेश, मिजोरम, ओडिशा, पंजाब, राजस्थान, तमिलनाडु और उत्तर प्रदेश में प्राथमिक और माध्यमिक विद्यालयों के अध्यापकों की कार्य स्थितियों को समझने हेतु एक अध्ययन की पहल की थी। विश्व बैंक को तकनीकी साझेदार के रूप में इस अध्ययन से जुड़ने के लिए आमंत्रित किया गया।

यह अध्ययन प्राथमिक और माध्यमिक स्तरों के सरकारी विद्यालयी अध्यापकों पर केन्द्रित है। माध्यमिक स्तर पर सरकार द्वारा सहायता प्राप्त विद्यालयों के अध्यापकों को इसलिए सम्मिलत किया गया है क्योंकि इस क्षेत्र के इस भाग में उनका दखल अधिक है। इस शोध में अध्यापकों की सभी श्रेणियां– नियमित, संविदा और पार्ट–टाईम अध्यापक शामिल हैं। यह निर्णय लिया गया है कि 'अध्यापक प्रबंधन' की हमारी समझ बनाने के लिए निम्नलिखित मुद्दों की खोजबीन करनी होगी : भर्ती संबंधी नीतियां और रीतियां तैनाती और पुनः तैनाती (स्थानान्तरण/तैनाती) नीतियां और रीतियां वेतन, गैर–वेतन लाभ और सेवा की शर्तें (पेन्शन, अन्य/दीर्घावधि के लाभ) अध्यापकों की भौतिक कार्य–स्थितियां अध्यापकों की भूमिकाएं, कार्य, जिम्मेदारियां व्यावसायिक विकास के मार्ग और अध्यापकों के सेवाकालीन प्रशिक्षण का प्रबंधन स्वायत्तता, उत्तरदायित्व, वर्तमान मूल्यांकन प्रणाली और अध्यापकों के अधिकार, शिकायत निवारण तंत्र (गत 2 वर्षों में दायर किए गए विधिक केसों के डेस्क रिव्यू, के माध्यम से) और अध्यापकों की यूनियनों के अधिदेश।

यह अध्ययन भर्ती किए गए अध्यापकों की गुणवत्ता और क्षमता के विषय में टिप्पणी नहीं करना चाहता कि वे हमारे विद्यालय में कितने प्रभावी तरीके से काम कर रहे हैं। इसके बजाए यह अध्ययन यह जानने के लिए है कि क्या सरकार जहां आवश्यक हो अध्यापकों की भर्ती और तैनाती करने में सक्षम है, क्या कार्य रीतियां नीतियों के अनुरूप हैं और क्या ये कार्य पारदर्शी तरीके से किया जा रहा है।

v è; ; u rhu Lrjksa i j l pkfy r fd ; k x ; k %

(i) अध्यापक प्रबंधन और विकास के विषय पर उपलब्ध सामग्री का डेस्क रिव्यू;

(ii) चिह्नित मुद्दों की गहन खोजबीन और

(iii) राज्य और जिला स्तरों पर हितधारकों के साथ वार्तालाप

नीतिगत तथा अन्य दस्तावेजों के अवलोकन और हितधारकों के साथ साक्षात्कारों के माध्यम से अपनायी गई कार्य प्रणाली प्राथमिक तौर पर गुणात्मक प्रकृति की थी। तथापि, जिस संदर्भ में अध्ययन को करना था उसके परिग्रहण हेतु आंकड़ों का गहन विश्लेषण किया गया।

l aLrqfr ; ka

इस अध्ययन ने दर्शाया है कि राष्ट्रीय स्तर पर तैयार किए गए विस्तृत मार्गनिर्देशों (यथा एनसीटीई द्वारा अध्यापकों के लिए अर्हताएं निर्धारित करना और यूडीआईएसई डाटाबेस को तैयार करना) ने अध्यापक प्रबंधन से संबंधित मुद्दों के बारे में चर्चा को संभव बनाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई है और आगे भी निभाता रहेगा।

ये सब कहने के पश्चात, अध्यापकों की बहुत बड़ी संख्या राज्यों के कर्मचारी के रूप में है, और अंत में राज्यों को ही अध्यापकों की भर्ती और तैनाती की नीतियों का निर्धारण, वेतन की वित्त व्यवस्था करना, पदोन्नति के मानदडों का निर्णय करना होता है और इन अध्यापकों को व्यावसायिक विकास तथा शिकायत निवारण संरचनाओं के रूप में सहायता उपलब्ध कराना है।

इस अध्ययन से जो एक अभिभूतकारी संदेश उभरकर आया है, वह है कि प्रत्येक राज्य के लिए एक गहन अध्यापक प्रबंधन नीति को विकसित करना अत्यावश्यक है – जिसमें स्पष्ट रूप से निर्धारित भर्ती प्रोटोकॉल, स्थानान्तरण शासन–पद्धति और अध्यापकों की शिक्षेत्तर कार्यों (यथा ब्लॉक अथवा कलस्टर स्तर के प्रशासनिक कार्मिक) पर प्रतिनियुक्ति जैसे मामलों के संबंध में स्पष्ट दिशा–निर्देश, शिक्षा संबंधी कार्यों (डीआईईटी, सीआरसी और बीआरसी में मुख्य संसाधक के रूप में) और पदोन्नति (प्रधानाध्यापक के रूप में) शामिल हों। परन्तु एक विस्तृत नीति ही काफी नहीं है बल्कि एक ऐसे ढ़ांचे की आवश्यकता होती है जिस में कार्य पारदर्शी तरीके से होते हों, अपारदर्शी प्रक्रियाओं से जुड़े तनाव, देरी और उलझन कम हों।

इस अध्ययन में पांच मुख्य अध्यापक प्रबंधन मुद्दों को चिह्नित किया गया है, जिन पर राज्य सरकारों को अपने विद्यालय शिक्षा तंत्रों में सुधार करने हेतु ध्यान केन्द्रित करना चाहिए। पांचों मुद्दे सह–संबंधित हैं एक में परिवर्तन दूसरों को प्रभावित करेगा।

¼d½ l qO; oLFkr vkSj ikjn'khZ HkrhZ vkSj rSukrh

कर्नाटक और तमिलनाडु ने अन्य राज्यों के सामने यह उदाहरण पेश किया है कि अध्यापकों की भर्ती, तैनाती और स्थानान्तरण को अधिक पारदर्शी और प्रभावी कैसे बनाया जाए। उनकी प्रणाली में कुछ साझी विशेषताएं हैं : (1) प्रत्येक के लिए स्पष्ट नीतियां हैं (2) आधुनिक सॉफ्टवेयर और सूचना प्रबंधन प्रणाली का प्रयोग करते हुए अधिकतर प्रक्रियाएं ऑनलाईन और पारदर्शी हैं। (3) भर्ती और स्थानान्तरण की प्रक्रिया में स्पष्ट) रूप से परिभाषित सीमारेखा दी गई है, जो वर्षों से स्थिर है और (4) प्राथमिक स्तर के अध्यापक (इसी स्तर पर अन्य राज्यों में सबसे अधिक भ्रष्टाचार के मामलों की सूचना है) ब्लॉक स्तर के कैडर के होते हैं, जिससे उनको प्रथम तैनाती में काफी विकल्प मिलते हैं।

इसके आगे, भर्ती नीतियां और कार्य रीतियों को उन दो मुद्दों पर ध्यान देने की आवश्यकता है जिनके कारण अध्यापक प्रबंधन बहुत अधिक जटिल हो जाता है । पहला अध्यापकों के अनेक कैडर होने से संबंधित है। इससे कई स्थितियां जटिल बन जाती हैं। इसी समान स्तर पर जिला परिषद अथवा पीआरआई अध्यापक और कुछ परियोजना– विशिष्ट अध्यापक (आरएमएसए अथवा एसएसए की निधि से पोषित) होते हैं अथवा एक विद्यालय में, एक प्राथमिक विद्यालय के प्रधान अध्यापकों को संभवत प्राथमिक और उच्च प्राथमिक कैडर के प्राध्यापकों, दोनों से संबंधित जिम्मेदारी लेनी पड़ती है।

दूसरा मुद्दा राज्यों के भीतर, बल्कि वास्तव में जिलों और ब्लॉकों में पीटीआरएस के वितरण से संबंधित है। सभी राज्यों में दोनों बहुत कम पीटीआरएस (1:10 से नीचे) और बहुत ऊंची पीटीआरएस (1:100 से ऊपर) वाले प्राथमिक विद्यालयों की संख्या बहुत अधिक है। इसलिए राज्यों द्वारा विद्यालय स्तर पर अध्यापकों के वितरण की जांच किया जाना और तदनुसार इसे तर्कसंगत बनाया जाना अत्यावश्यक है। अध्यापकों की माध्यमिक स्तर पर जरूरत का मूल्यांकन करने हेतु राज्यों को एक माप विकसित करने की आवश्यकता है क्योंकि प्राथमिक स्तर पर प्रयुक्त किया जाने वाला मानक पीटीआर काम नहीं आता है (संभवतया इस प्रकार के माप की आवश्यकता उच्च प्राथमिक अध्यापकों के लिए भी है)।

¼[k½ vè;kidksa dks l akfèkr l gk;rk&l ajpuk rd l gt igq¡p

बीआरसी और सीआरसी की संरचनाओं को अध्यापकों के लिए एक सहकर्मी सहायता तंत्र के रूप में संकल्पित किया गया था। अध्यापकों को सहायता उपलब्ध कराने से संबंधित तीन चीजों को रेखांकित करना महत्वपूर्ण है। प्रथम, प्रधान अध्यापक/विद्यालय प्रिंसिपल की संरचनाओं को सुदृढ़ करने की आवश्यकता है। सरकारें इस भूमिका के महत्व का मान करके और सभी विद्यालयों में एक प्रधान अध्यापक की उपस्थिति सुनिश्चित करके (रिक्ति पदों की संख्या निन्दास्पद है) तथा ऐसे व्यक्ति को रखकर जो सक्षम और अभिप्रेरित हो (केवल सबसे अधिक वरिष्ठ अध्यापक को नियुक्त कर देना कोई बहुत अच्छी नीति नहीं है) शुरूआत कर सकती हैं।

सरकारों द्वारा विद्यालय के प्रधानाध्यापकों के रूप में कार्यरत सभी में सामर्थ्य निर्माण किए जाने की भी आवश्यकता है।

दूसरे, अध्यापकों के लिए एक व्यवस्थित समावेशन कार्यक्रम होना चाहिए। वर्तमान में, नए अध्यापकों से केवल अपनी कार्यगत भूमिकाओं और जिम्मेदारियों को, बहुत कम औपचारिक मार्ग निर्देशन एवं सहायता के साथ, सीखने की अपेक्षा की जाती है। आरम्भ में, राज्यों को एक ऐसी पुस्तिका तैयार करनी चाहिए, जिसमें नए अध्यापकों को अपनी भूमिकाओं, जिम्मेदारियों और अधिकारों से संबंधित जरूरी सारी सूचना उपलब्ध हो। तत्पश्चात, नए अध्यापकों के लिए एक वरिष्ठ अध्यापक को – नए अध्यापक को मदद देने एवं प्रश्नों के उत्तर के रूप में प्रतिक्रिया देने की जिम्मेदारी के साथ, ज्ञान गुरू नियत किया जाना चाहिए। और अंत में, राज्यों को नए अध्यापकों के लिए सामर्थ्य निर्माण की गतिविधियों पर ध्यान केन्द्रित करना चाहिए।

तीसरा, और अधिक स्पष्टता से, राष्ट्रीय और राज्य स्तर की सरकारों को विद्यालयों के आकार तथा विद्यार्थियों की संख्या के बारे में चर्चा करनी चाहिए। बहुत से ग्रामीण और दूरस्थ समुदायों तक विद्यालयों का फैलाव होने से बेशक बच्चों की स्कूल तक पहुंच बढ़ी है। तथापि, इससे अच्छी गुणवत्ता वाले विद्यालयों को बनाने में आवश्यक उचित संख्या में अध्यापकों की कमी (और उचित सहायता के बिना और प्राय: बिना उचित भौतिक ढ़ांचे वाले) छोटे विद्यालय पनप गए।

संख्या में कम तथा बड़े विद्यालयों में अध्यापक प्रबंधन ही सहज नहीं होगा बल्कि ऐसी पूरी संभावना है कि ऐसे विद्यालय हमारे बच्चों को बेहतर गुणवत्ता की शिक्षा प्रदान करेंगे। अध्यापक प्रभावशालीपूर्ण तरीके से निष्पादन कर पाएं इसके लिए उन्हें यह जानना आवश्यक है कि उनके व्यावसायिक हितों और महत्वकाक्षांओं की रक्षा हेतु तंत्र उपलब्ध है। भारत सरकार को विभिन्य राज्यों की अच्छी परम्पराओं को आहरित करके शिकायत निवारण तंत्र पर एक राष्ट्रीय स्तर की चर्चा आरम्भ करनी चाहिए। भारत सरकार ने सभी विद्यालयों और शिक्षा संबंधी संस्थानों यथा सीआरसी, बीआरसी, डीआईईटी, एससीईआरटी आदि को "कार्यस्थल पर महिलाओं का यौन उत्पीड़न (रोकथाम, निषेध और निवारण) अधिनियम, 2073 के अंतर्गत लाने के लिए राज्यों को उत्साहित करना चाहिए।"

¼x½ ç;kl vkSj fu'iknu dsfy, çkRlkgu

वर्तमान में पदोन्नतियां पूरी तरह से वरिष्ठता और अर्हताएं एकत्रित करने पर निर्भर करती हैं, न कि अध्यापकों द्वारा विद्यार्थियों को बेहतर शिक्षा प्राप्ति में मदद करने के वास्तविक कार्य के आधार पर। जिन राज्यों में निष्पादन को पुरस्कृत किए जाने संबंधी घोषणा की गई है (जैसेकि मध्य प्रदेश में संविदा अध्यापकों को पक्का करने के लिए), वहां पर भी हमें इस नीति को वास्तविकता में लागू किए जाने के सबूत शायद ही मिले हो।

यह महत्वपूर्ण है कि करियर प्रगति ढ़ांचों में अनुभव और अर्हताओं पर निर्भर न रहकर इसके बजाय प्रभावी निष्पादन को पुरस्कृत किया जाना चाहिए ताकि अध्यापक प्रभावी बनें।

वास्तव में, कर्नाटक को छोड़कर जहां दूरस्थ क्षेत्र में सेवा के वर्षों की गणना अध्यापक के स्थानान्तरण के अवसरों के संबंध में की जाती है, अध्यापकों को ग्रामीण और दूरस्थ क्षेत्रों में काम करने के लिए कोई सकारात्मक प्रोत्साहन नहीं मिलता। अतिरिक्त भत्तों, उसी गांव अथवा विद्यालय के परिसर में मकान, निश्चित वर्षों के पश्चात, शहरी क्षेत्र में तैनाती में प्राथमिकता इत्यादि के रूप में प्रोत्साहन बनाए जाने का विचार अच्छा हो सकता है। राज्य नीति को ग्रामीण अथवा दूरस्थ क्षेत्रों में अध्यापन को एक सकारात्मक विकल्प के रूप में देखना चाहिए, जिसे अच्छे अध्यापक चुनना चाहे, ना कि 'अच्छी' तैनाती की प्रतीक्षा में एक सही जाने वाली लाचारी के रूप में।

करियर प्रगति के विषय पर एक अंतिम बिन्दू : विविध कैडरों के होने से भी अध्यापकों के लिए अपनी व्यावसायिक प्रगति करने में अधिक कठिनाई आती है, क्योंकि प्रायः पदोन्न्ति के लिए उन्हें अपने वर्तमान कैडर को छोड़ना पड़ता है और वापसी नहीं कर सकते – इस प्रकार, एक अध्यापक और अधिक प्रभावी प्राथमिक अध्यापक बनने के लिए (प्राथमिक अध्यापक, उच्च प्राथमिक अध्यापक तथा ब्लॉक संसाधन केन्द्र दल के सदस्य के रूप में) विभिन्न प्रकार के अनुभवों को प्राप्त नहीं कर सकता। इस पर ध्यान देने की आवश्यकता है।

¼?k½ mÙkjnkf;Ro vkSj fu"iknu ijçfrfØ;k

अध्यापक मूल्यांकन संभवतया राज्य के अध्यापक प्रबंधन तंत्रों का अत्यल्प–विकसित ही नहीं बल्कि सबसे अधिक विस्मृत भाग भी है। प्रभावी मूल्यांकन तंत्र की कमी का अर्थ है कि अध्यापकों को अपने निष्पादन के संबंध में कोई फीडबैक प्राप्त नहीं होगा और न ही उनके व्यावसायिक विकास की आवश्यकताओं के संबंध में कोई मार्ग निर्देशन प्राप्त होगा और न तंत्र प्रशासक आवश्यक प्रशिक्षण कार्यक्रमों को डिजाईन अथवा इसके लिए अनुबन्ध कर सकते हैं। एक मूल्यांकन तंत्र होने से पदोन्नति को भी केवल सेवा की अवधि के बजाय अच्छे निष्पादन के पुरस्कार के रूप में प्रस्तुत किया जा सकेगा। इससे आगे एक लाभ यह होगा कि घटिया निष्पादन के बाद भी बने रहने वाले गिनती के कुछ अध्यापकों को अध्यापन के व्यवसाय से हटाया जा सकेगा। इस क्षेत्र में बहुत कार्य किए जाने की अपेक्षा है।

¼M-½ mUur vkadM+k ç.kkyh

एक पारदर्शी और योग्यता/अनुभव आधारित अध्यापक कैडर का प्रबंधन एक एकीकृत अध्यापक–एमआईएस द्वारा, जिसमें कार्मिक और तैनाती इतिहास उपलब्ध हो, प्रशिक्षण इतिहास दर्ज हो तथा अन्य अध्यापक–विशिष्ट सूचना उपलब्ध हो, बहुत ही उत्कृष्ट होगा। हालांकि बिहार इस अध्ययन में शामिल राज्यों में नहीं था, परन्तु बिहार में हाल ही में ऐसी प्रणाली विकसित की गई है जिसमें तकनीकी हल पहले से उपलब्ध हैं। एक मजबूत अध्यापक सूचना प्रणाली (क) पदोन्नति/वेतनवृद्धि/स्थाानान्तरण में प्रशासनिक अकुशलताओं यथा सेवा पुस्तिका/अध्यापक का अभिलेख के रखरखाव के कारण होने वाले विलम्ब को कम करेगी और (ख) अध्यापकों को उनकी आवश्यकताओं/पूर्व प्रशिक्षण के अनुभव के आधार पर प्रशिक्षण के लिए प्रतिनियुक्त करने में सक्षम बनाती है। यदि डीआईएसई और यूडीआईएसई अध्यापक विशिष्ट सूचना इस प्रणाली से एकत्रित करता है तो प्रशासकों और शोधकर्ताओं के लिए भी समान रूप से अत्यधिक लाभदायक होगा। राज्य और जिला के कार्मिकों को इस प्रकार की प्रणाली का प्रभावी प्रयोग अपने निर्णय लेने में करने हेतु उच्च स्तर की क्षमता की आवश्यकता होगी।

यदि एकीकृत अध्यापक–एमआईएस में अध्यापकों की व्यावसायिक क्षमताओं को कैप्चर किया जा सकता तो अध्यापकों के किसे और किसके लिए वाले उत्तरदायित्व से संबंधित बहुत से मुद्दों का निवारण हो सकता। इसे दूसरी प्रकार से कहा जाए तो – इस प्रकार के एकीकृत अध्यापक एमआईएस को विकसित किया जाना अध्यापकों और राज्य सरकार की इस आपसी समझ पर निर्भर करता है कि अध्यापकों की क्या जिम्मेदारी है और अतएव एमआईएस के माध्यम से किस प्रकार की सूचना एकत्रित की जानी चाहिए।

अंत में, जैसाकि रिपोर्ट दर्शाती है, विभिन्न राज्यों में बहुत सी प्रशासनिक समस्याएं येन–केन–प्रकारेण तैयार की गई नीतियों अथवा रीतियों (उदाहरणार्थ, सेवा नियमों में स्पष्टता की कमी के चलते अध्यापक लाभों के भुगतान में विलम्ब होना और कोर्ट केसों का उत्पन्न होना) के कारण उत्पन्न हुई थी। इस मुद्दे को हल करने का एक तरीका राज्य सरकार के लिए ये होगा कि नई नीतियों और क्रियाविधियों पर परामर्श लेने हेतु मसौदा–प्रलेख को प्रकाशित करके निश्चित अवधि के भीतर टिप्पणी आमंत्रित की जाए। इस तरीके से प्रशासनिक कुशलता में वृद्धि होने के साथ–साथ, पारदर्शिता के प्रसार का अतिरिक्त लाभ भी होगा।

tkjh vuqla/kku
v/;;u
(31 मार्च, 2015 तक)

1- rfeyukMq vkSj vksfM'kk esa vkj-,e-,l-,- ds varxZr ftyk lSdsaMjh f'k{kk ;kstukvksa ds fodkl ij fØ;k&fu"B vuqla/kku ;kstuk

अन्वेषक : प्रो. एस. एम. आई. ए. ज़ैदी, प्रो. के बिस्वाल और डॉ. एन.के. मोहंती

यह अध्ययन आर.एम.एस.ए. के अंतर्गत क्रिया–निष्ठ अनुसंधान के माध्यम से राज्यों द्वारा अपनी जिला सैकेंडरी शिक्षा योजनाएँ (परिप्रेक्ष्य और वार्षिक योजनाएँ) तैयार करने के लिए अनुसरण की जाने वाली योजना प्रक्रिया, कार्य–पद्धति और तकनीकों की आलोचनात्मक समीक्षा करने का एक प्रयास है। इसका मूल उद्देश्य योजना निर्माण के लिए वर्तमान संदर्भ स्थितियों और संस्थागत, तकनीकी और अन्य बाधाओं को समझना और यह जानना है कि आर.एम.एस.ए. संरचना को किस हद तक कार्यान्वयन के लिए समझा गया है और सैकंडरी शिक्षा की योजना और प्रबंधन के लिए जिला स्तर पर कितना लागू किया गया है।

इसके अध्ययन के अलावा जिला–स्तर पर योजना प्रक्रिया का अन्वेषण करने और डी.एस.ई.पी. के निर्माण में संस्थागत, तकनीकी और व्यावसायिक बाधाओं का आकलन करने संबंधी कोई अध्ययन उपलब्ध नहीं है। इसीलिए, अध्ययन का लक्ष्य शैक्षणिक योजना में प्रभावी डिज़ाइन और क्षमता–निर्माण गतिविधियाँ प्रदान करने हेतु प्रशिक्षकों के रूप में न्यूपा संकाय की व्यावसायिक क्षमताओं को सवंर्धित करने के लिए क्रिया–निष्ठ अनुसंधान के माध्यम में अतिरिक्त ज्ञान सृजित करना है। इस संदर्भ में, तमिलनाडु और ओडिशा में क्रिया–निष्ठ अनुसंधान कार्यान्वित किया जा रहा है। तमिलनाडू में चार जिलों (सेलम, थेनी, कुड्डुलोर, मदुरै) और ओडिशा के दो जिलों (क्योनझार और गंजाम) को अनुसंधान कार्यान्वित करने के लिए चुना गया।

अब तक, संबद्ध साहित्य की समीक्षा की जा चुकी है। अनुसंधान दल के प्रतिदर्श राज्यों में राज्य और जिला योजना दलों के साथ अंतःक्रिया के कई दौर हुए। सामान्य रूप में विद्यालय शिक्षा में, जिला योजना के और विशेष रूप में, आर.एम.एस.ए. के अंतर्गत योजना के विभिन्न पहलुओं को दर्शाने के लिए दो कार्यशालाएँ और चार परामर्शी बैठके आयोजित की गईं। संरचित डी.सी.एफ.एस. तैयार किए गए और प्रयोग से पहले संगत मात्रात्मक और गुणात्मक आँकड़े एकत्रित करने के लिए उनका परीक्षण किया गया। सामूहिक कार्य, फोकस, समूह चर्चाएं, क्षेत्र अवलोकन, औपचारिक और अनौपचारिक साक्षात्कार के साथ जिला और उप–जिला स्तरीय प्रशासनिक इकाइयों और विद्यालयों के क्षेत्र के दौरे किए गए। आँकड़ों का कूट–लेखन, उनको फीड करने (feeding) और डाटा परिमार्जन (cleaning) का कार्य किया जा चुका है। टी.एस.जी., आर.एम.एस.ए., भारतीय जनगणना, एन.एस.एस.ओ. और यू.डी.आई.एस.ई. जैसे स्रोतों से एकत्रित किए गए उन आंकड़ों को संसाधित किया जा रहा है। प्रतिदर्श राज्यों के आर.एम.एस.ए. योजना दस्तावेजों की समीक्षा की गई। क्रिया–निष्ठ अनुसंधान की प्रथम अवस्था की रिपोर्ट का प्रारूप तैयार किया गया। क्रिया–निष्ठ अनुसंधान की दूसरी अवस्था में अंतःक्षेप जारी हैं। इसके निष्कर्षों को साझा करने के लिए राष्ट्र स्तरीय कार्यशाला के आयोजन के साथ मार्च 2016 में अनुसंधान संपन्न हो जाएगा।

2- Hkkjr esa ek/;fed f'k{kk ds izlkj dh laHkkO; %izkjfHkd f'k{kk ds fo|kFkhZ&izokg iSVuZ vkSj lao/kZu {kerk dk fo'ys"k.k

अन्वेषक : प्रो. के. बिसवाल

यह अध्ययन 2009 में प्रो. कीथ लूइस (सुजैक विश्वविद्यालय, यू.के.) द्वारा और न्यूपा दल द्वारा आर.एम.एस.ए. के अंतर्गत भारत में सैकेंडरी शिक्षा के प्रसार के लिए नीति–मार्गदर्शक नोट तैयार करते समय किए गए पिछले कार्य का विस्तार है। इस अनुसंधान का लक्ष्य प्राथमिक से उच्च प्राथमिक और उच्च प्राथमिक से सैकेंडरी स्तरों में संक्रमण दरों के सम्भावित विकास को ध्यान में रख कर सैकेंडरी विद्यालय में प्रारंभिक स्तर के माध्यम से राज्यवार प्रवाह दरों का आंकलन करना है। यह लक्ष्य यू.डी.आई.एस.ई. आंकडे और अखिल भारतीय विद्यालय शिक्षा सर्वेक्षण (ए.आई.एस.ई.एस.), मानव संसाधन विकास मंत्रालय के प्रकाशनों, भारतीय जनगणना इत्यादि जैसे अन्य स्रोतों के आंकडों का प्रयोग कर प्राप्त किया जा सकता है। अध्ययन में विद्यालयी शिक्षा के माध्यम से विद्यार्थी प्रवाह का आकलन करने के

लिए ओडिसा और तमिलनाडू को दो प्रतिदर्श राज्यों के रूप में लिया गया है।

bl v è; ; u d s mn n ś; fu Eu fy f[kr gS %

(i) ग्रेड 10 को आधार बनाकर ग्रेड 1 से विद्यार्थी प्रवाह के गतिकी को समझना चूँकि ये सैकेंडरी विद्यालय के प्रसार की गतिकी और लागतों को प्रभावित करते हैं।

(ii) विद्यार्थी प्रवाह प्रतिमानों पर आधारित राज्यों और जनसंख्या उप–समूहों के समूहों की पहचान करना/पता लगाना जिन्हें नियत लक्ष्यों को प्रप्ति की संभावना के विभिन्न स्तरों को दर्शाने के लिए वर्गीकृत किया जा सकता है।

(iii) आर.एम.एस.ए. और प्रेरित विद्यार्थी प्रवाह द्वारा निर्धारित किए गए लक्ष्यों के बीच अंतराल का पता लगाना और पता लगाई गई वृद्धि पर इन्हें मुख्य बाधाओं से संबद्ध करना।

(iv) सैकेंडरी विद्यालय के प्रसार की विभेदक दरों की लागतों और निहितार्थों (आशयो) का आकलन करना और सैकेंडरी शिक्षा की क्षमता में विस्तार के लिए निवेश के वर्तमान स्तरों के साथ इनकी तुलना करना।

(v) विभिन्न समुदायों में सैकेंडरी विद्यालय की पहुँच को विस्तृत करने के लिए आपूर्ति और मांग को आकार देने वाले तथा प्रभावित करने वाले घटकों को समझने के लिए केस अध्ययनों और लक्ष्यानुसरण अध्ययनों (अवस्था 2 में) की योजना बनाना व उन्हें प्रारंभ करना।

अभी, संगत आंकड़े एकत्रित किए जा रहे हैं, और संबद्ध साहित्य की समीक्षा की जा रही है। गौण आंकड़ों के आधार पर, मुख्यतः यू.डी.आई.एस.ई. और मानव संसाधन विकास मंत्रालय के प्रकाशनों और भारतीय जनगणना, के आंकड़ो से तमिलनाडू के लिए प्रक्षेपण मॉडल के निर्माण का कार्य प्रगति पर है।

3- mPp ' k$kf. kd i zo`t u d s d kj. kksa v k$ i fj. kke ksa d s LFkkfu d i fji {; % fgekpy ; i zn's k d k d s$ v è; ; u

अन्वेषक : डॉ. सुमन नेगी

संबद्ध साहित्य की समीक्षा और आंकड़े एकत्रित करने का कार्य प्रगति पर है। गौण आंकडों के आधार पर अध्ययन क्षेत्र के सामाजिक–आर्थिक और शिक्षा प्रोफाईल के दो अध्ययनों की रूपरेखा का प्रारूप तैयार कर लिया गया है। प्रव्रजन से संबंधित आंकडे (जनसंख्या 2011 की तालिका डी2 और डी3) पूरी हो चुकी हैं। डी 4 की प्रव्रजन तालिकाओं की छंटाई का कार्य चल रहा है। सभी राज्यों के लिए अंतिम तालिकाएं बनाई जा चुकी हैं। प्रश्नावलियाँ तैयार हो चुकी हैं और कुल्लू जिले के दो गाँवों में स्वचालित है। क्षेत्र कार्य नवम्बर 2014 को पूरा हो गया था। पहले पाँच अध्यनों के प्रारूप की रूपरेखा का कार्य पूरा हो चुका है। मुख्यतः प्राथमिक आंकडे का विश्लेषण चल रहा है। दो जिलों से एकत्रित किए गए आंकड़ों से एम.एस.एक्सेल में डाल दिया गया है। एस.पी.एस.एस. में आंकड़ा परिमार्जन, छंटाई और कोडिंग का कार्य प्रगति पर है।

4- t sMj i j , d f' k{kk&, Vy l % , d ft y k&Lr j h; i zLr qfr

अन्वेषक : डॉ. सुमन नेगी और प्रो. मोना खरे

मानचित्र उपयोगी सूचना का दृश्य रूप प्रस्तुतिकरण हैं, जो विचारों और डिज़ाइनों को अभिव्यक्त करते हैं। आकड़ों की श्रृंखला (सीरिज़) के रूप में स्थानिक सूचना के प्रतिरूप और उन्हें संगठित करने के लिए ये एक प्रभावी रूपक प्रदान करते हैं। आज शिक्षा और शिक्षण संसाधनों में/के रूप में इन भौगोलिक या बिम्ब निरूपणों का प्रयोग निरंतर बढ़ रहा है। 'मानचित्र' साधन के महत्व के मद्देनज़र 'मानचित्र' के माध्यम से विभिन्न चीज़ों के लिए सूचना की प्रस्तुति की जा सकती है, इनमें एक शिक्षा और उससे संबद्ध घटक भी है जिन्हें इस माध्यम के द्वारा अभिव्यक्त किया जा सकता है।

इस शैक्षणिक आंकडे के प्रसार को आगे बढ़ावा देने के लिए सूचना प्रसार के अन्य पूरक तरीकों का भी अन्वेषण किया जा सकता है। इनमें एक है जी.आई.एस. और एटलस के रूप में मानचित्र आधारित सूचना–प्रसार, जो विश्व भर में एक प्रभावी माध्यम है।

भारत जैसे विविधता वाले देश में असंख्य विषमताओं और भेदभाव के कारण प्रतिकूल प्रभाव पड़ता है। जेंडर असमानता प्रमुख क्षेत्रों में से एक हैं, जहाँ समूचे सामाजिक–आर्थिक पहलुओं में विषमता दृष्टिगत होती है और इस प्रक्रिया में शिक्षा भी पीछे नहीं है। शैक्षणिक विकास के विभिन्न पहलुओं में संबंधित आंकड़े

पहुँच (सुलभता) और सामाजिक के संदर्भ में जेंडर में व्याप्त भिन्नताओं को दर्शाते हैं, और यह पहलू ग्रामीण जनसमूह, उपेक्षित जातियों और दूरस्थ क्षेत्रों में ज्यादा दृष्टिगत होता है।

इस संबंध में, इस अध्ययन में उन शिक्षा आंकड़ों को उपयोग करने का प्रयास किया गया है जिन्हें न्यूपा एकत्रित व समेकित करता है और पूरे भारत के विभिन्न जिलों में इन जेंडर–अंतरालों को सुव्यवथित करता है। प्रदर्शित सूचकों की पुष्टि के लिए आंकड़ा निरूपणों के अन्य रूपों के साथ एक संक्षिप्त विश्लेषणात्मक नोट भी प्रदान किया जाएगा। यह पहल शैक्षणिक योजना, नीति–निर्माण, शिक्षकों और अनुसंधान में जुड़े व्यक्तियों को बढ़ावा देने का एक प्रयास है। अनुसंधान प्रक्रिया में योगदान और इसके परिणाम मुख्यतः आँकड़ा समुच्चयों, के माध्यम में निरूपित किए गए। यहाँ हमारा उद्देश्य शैक्षणिक विकास के इन सूक्ष्म भेदों को दर्शाना और मानचित्र साधनों का प्रयोग करके इसे मानचित्रों द्वारा निरूपित करना है।

míś; vkSj visf{kr ifj.kke

अध्ययन का विशिष्ट उद्देश्य इस प्रकार हैं :

(i) जेंडर से जुड़े चयनित सूचकों को निरूपित करने के लिए डी.आई.एस.आर. और यू.डी.आई.एस.ई. आंकड़ों का प्रयोग करना।

(ii) राष्ट्रीय स्तर पर कुछ कालसापेक्ष (कालिक) प्रवृत्तियाँ को निरूपित करना।

(iii) सांख्यिकीय रूप में परिकलित आंकड़ा प्रवृत्यिों को भी निरूपित करना।

fØ;k&fofèk

यूनिसेफ द्वारा तैयार की गई डी.ई.वी.इन्फो. (DevInfo) प्रणाली का प्रयोग करके मानचित्र बनाए जाएँगे। जिला इस साफ्टवेयर में उपलब्ध सीमाओं का तीसरा और निम्नतम स्तर है और इस विशिष्ट अध्ययन में आंकड़े इस और इससे ऊपर के स्तर को निरूपित कर रहे हैं। न्यूपा के ई.एम.आई.एस. विभाग को यह सॉफ्टवेयर यूनिसेफ द्वारा प्रदान किया गया है और इस परियोजना के लिए इसे साझा करने के लिए तैयार है। डी.आई.एस.ई. और यू.डी.आई.एस.ई. आंकड़ों का प्रयोग उन विभिन्न चुने गए सूचकों को निरूपित करने के लिए किया जाएगा जो शैक्षणिक पहुँच और सहभागिता में जेंडर अंतराल को व्यक्त करते हैं। राष्ट्रीय स्तर पर सूचकों और संबद्ध सूचकों से संबंधित कालिक प्रवृत्तियों के संक्षिप्त विश्लेषण का प्रयोग निरूपण के लिए भी किया जाएगा।

fu:fir fd, x, dqN lwpd fuEufyf[kr gSa%

- विद्यालय शिक्षा में उत्तरजीविता दरें
- विशिष्ट आय समूहों में जनसंख्या वृद्धि
- प्रक्षेपित जनसंख्या और उसकी वृद्धि
- कुल नामांकन अनुपात
- निविल (नेट) नामांकन अनुपात
- विद्यार्थी उपलब्धि और पुनरावृत्ति
- जेंडर समता (समानता) सूचकांक

वर्तमान में आँकड़ा–संग्रहण के लिए अनिवार्य साधन विकसित किए गए हैं, और संगत आंकड़ों के संग्रहण का कार्य प्रगति पर है।

5- Hkkjr esa lSdsaMjh f'k{kk esa lkoZfud vkSj futh feJ.k %vkdkj] fo|ky; esa mifLFkfr lqfoèkk,a vkSj izos'k izksQkbZ

अन्वेषक : डॉ एन.के. मोहंती और प्रो. एस.एम. आई.ए. ज़ैदी

सामान्यतः शिक्षा में निजी क्षेत्र और शिक्षा सेवा प्रदान करने में सार्वजनिक–निजी सम्मिश्रण की भूमिका पर विचार–विमर्श (चर्चा) को ध्यान में रखते हुए इस बृहद स्तर के अध्ययन का लक्ष्य प्रबंधन और क्षेत्र द्वारा सैकेंडरी विद्यालय नेटवर्क के आकार और संरचना, सुविधाओं के संदर्भ में उनकी विशेषताओं कर्मचारी अभिविन्यास और देश भर के राज्यों की सामाजिक पृष्ठभूमि के संदर्भ में विद्यार्थी प्रोफाइल पर विचार करना है। आय–वर्ग के आधार पर राज्य में जनसंख्या वितरण के लिए निजी और सार्वजनिक संस्थानों में सहभागिता दरों को संबद्ध करने का प्रयास भी किया जाएगा। यह प्रबंधन द्वारा सैकेंडरी शिक्षा में सहभागिता दरों में प्रतिमान और समानता के लिए उनके निहितार्थ ज्ञात करने में सहायक हो सकता है, विशेष रूप से सैकेंडरी विद्यालयी प्रावधानों

में क्षेत्रीय असंतुलनों पर विचार करने के लिए आर.एम.एस.ए. कार्यनीतियों और राज्य भूमिका की छानबीन करने के लिए।

उदाहरण के लिए, कुछ राज्यों (पश्चिम बंगाल, उत्तर प्रदेश, महाराष्ट्र, तमिलनाडू, केरल, कर्नाटक, आंध्र प्रदेश) में सैकंडरी विद्यालय नेटवर्कों के बाजार प्रेरित निर्माणों के बजाय सांस्थनिक रूप से प्रेरित निहितार्थों में जाँचने में सहायक होगा। यह अध्ययन विभिन्न राज्यों में जिस तरह से सैकेंडरी शिक्षा को व्यवस्थित और प्रदान किया जाता है, उससे संबंधी अंतर्दृष्टि प्रदान करेगा।

विशिष्ट रूप से अध्ययन के निम्नलिखित उद्देश्य हैं:

(i) प्रांरभिक और सैकेंडरी स्तरों पर संस्थागत मिश्रण (निजी और सार्वजनिक) के पैटर्न को स्थापित करना;

(ii) विद्यालय में उपलब्ध प्रावधानों, कर्मचारी अभिविन्यास और प्रवेश विशेषताओं द्वारा निजी और सार्वजनिक संस्थानों को रूपरेखा बनना;

(iii) विद्यालयों के मिश्रण के संदर्भ में व्यापक पहुँच के लिए आर.एम.एस.ए. हेतु निहितार्थ और समता के संभावित प्रभावो का पता लगाना; और

(iv) आर.एम.एस.ए. के तहत योजना के लिए निहितार्थ निकालना और संसाधनों का आबंटन।

अध्ययन में प्रमुख राज्यों में सैकेंडरी विद्यालय नेटवर्क की रूपरेखा बनाने का प्रयास किया जाएगा और राज्यों में सैकेंडरी शिक्षा प्रदान करने के लिए विभिन्न मॉडलों के प्रति संस्थागत और उत्तरदायी कारको का पता लगाने का प्रयास करेगा (उदाहरण के लिए, सरकारी असहायता प्राप्त संस्थानों या सहायता प्राप्त संस्थानों या सरकार द्वारा प्रबंधित संस्थानों का बड़ा हिस्सा)। यह सरकारी सहायता प्राप्त और निजी संस्थानों की रूपरेखा भी तैयार करेगा। (सैकेंडरी स्तर पर प्रवेश आकार, विद्यालय में उपलब्ध सुविधाओं और सहभागिता दरों और समूह की सामाजिक–आर्थिक विशेषताएँ के संदर्भ में)। राज्यों में सैकेंडरी शिक्षा वितरण प्रणालियों और समता व गुणवता को बेहतर बनाने के लिए उनके निहितार्थों के संबंध में अंतर्दृष्टि (जानकारी) प्रदान करेगा।

सैकेंडरी आंकड़ा विश्लेषण के आधार पर राज्यों के चयन का कार्य पहले से ही पूरा हो चुका है। संबद्ध साहित्य की समीक्षा की जा रही है। यू.डी.आई.एस.ई., एन.एस.एस.ई. और भारतीय जनगणना से प्राप्त आंकड़ों का विश्लेषण किया जा रहा है।

6- 'kSf.kd iz'kklu dk rr̀h; vf[ky Hkkjrh; losZ{k.k

अन्वेषक : डॉ. आर.एस. त्यागी

राष्ट्रीय शैक्षणिक योजना और प्रशासन विश्वविद्यालय (न्यूपा) दो शैक्षणिक प्रशासन सर्वेक्षण कर चुका है (पहला, 1973 में और दूसरा 1990 में), जिसमें सभी राज्यों और संघ शासित राज्यों को शामिल किया गया था। सर्वेक्षण का मूल प्रयोजन शैक्षणिक प्रशासन की प्रतिस्थिति और प्रणाली की परिवर्तनशील मांगों के प्रति अनुक्रियाशीलता की छानबीन करना था। पिछले दो दशकों के दौरान कई नीति पहलों और शैक्षणिक कार्यक्रमों की शुरूआत की गई जिनके परिणामस्वरूप विभिन्न स्तरों अर्थात राज्य, क्षेत्रीय, जिला, उप–जिला और संस्थागत स्तरों, पर प्रशासनिक संरचनाओं और कार्य प्रणाली में सुधार एवं बदलाव हुए हैं। इन पहलों और अंतःक्षेपों से शैक्षणिक शासन में नए आयाम जुड़े हैं। विभिन्न स्तरों पर शैक्षणिक प्रशासन की स्थिति की छानबीन करने के लिए और शैक्षणिक शासन में परिवर्तनों की योजना बनाने के लिए तथा शैक्षणिक प्रशासन और शासन के विभिन्न पहलुओं को शामिल करते हुए कई विषय संबंधी अध्ययनों के लिए न्यूपा ने 2013 में तीसरा अखिल भारतीय शैक्षणिक प्रशासन सर्वेक्षण प्रारंभ किया।

losZ{k.k ds fof'k"V mís'; bl izdkj gS%

- सभी राज्यों और संघ राज्यों क्षेत्रों की संरचनाओं, पद्धतियों और प्रक्रियाओं के संदर्भ में शैक्षणिक प्रशासन की वर्तमान प्रतिस्थिति का निरीक्षण करना;
- शैक्षणिक प्रशासन को ज्यादा प्रभावी बनाने के लिए लिए पद्धति–निर्मित करने हेतु कार्यनीतियाँ तैयार करने के लिए प्रमुख मुद्‌दों और अंतक्षेप क्षेत्रों की पहचान करना; और
- राष्ट्रीय, राज्य और संघ राज्य क्षेत्र स्तर पर विद्यालय–शिक्षा के शासन में सुधार के लिए उपाय सुझाना।

,d cM+s ¼c`gÙkj½ losZ{k.k ds :Ik esa fuEufyf[kr vè;;u vkSj xfrfofèk;k¡ dh xbZ%

- डॉ. आर.एस. त्यागी द्वारा केरल शैक्षणिक प्रशासन पर प्रायोगिक/अग्रगामी अध्ययन;
- डॉ. मंजू नरुला द्वारा बिहार में शैक्षणिक प्रशासन पर प्रायोगिक अध्ययन; अंतिम रूप दिए जाने की अवस्था में।
- इन प्रायोगिक अध्ययनों के आधार पर तीसरे सर्वेक्षण के लिए साधनों को अंतिम रूप दिया जा रहा है; और
- प्रो. कुमार सुरेश द्वारा मध्य प्रदेश और बिहार में प्रारंभिक शिक्षा के प्रबंधन में स्थानीय निकायों के दायित्वों और क्षमता पर अध्ययन।

अब तक, राज्यों के साथ संस्थागत व्यवस्थाएँ की गई हैं और सर्वेक्षण करने के लिए आंकड़ा संग्रहण साधन विकसित कर लिए गए हैं। केरल और बिहार में अध्ययन की रिपोर्टों को बनाने का काम प्रगति पर है। बिहार और केरल में प्रारंभिक अध्ययन किए गए। आजकल राज्यों में सर्वेक्षण चल रहा है।

7- eè; izns'k vkSj fcgkj esa izkjafHkd f'k{kk ds izca/ku esa LFkkuh; fudk;ksa ds lkS>s nkf;Roksa vkSj {kerk ij vè;;uA

अन्वेषक : प्रो. कुमार सुरेश

इस अध्ययन में प्रारंभिक विद्यालयों के प्रबंधन में राज्य और स्थानीय निकायो के बीच संबंध के स्वरूप की योजना बनाने के लिए प्रमुख रूप से प्रयास किया गया है। संबंध की योजना बनाने के दो स्तर हैं। प्रथम स्तर पर, इसका लक्ष्य राज्य अधिनियमों, सरकारी आदेशों और परिपत्रों के माध्यम से उन्हें प्रदत शक्ति (अधिकार) और दायित्वों के आधार पर स्थानीय निकायों की सक्षमता की जाँच करना है। जाँच के दूसरे स्तर पर यह सुनिश्चित करने का प्रस्ताव है कि आनुभविक रूप से बुनियादी स्थिति में स्थानीय निकायों के बीच शक्ति और दायित्वों को कितना साझा किया गया है।

चूँकि संगत अधिनियम, परिपत्र, सरकारी आदेश अध्ययन के सबसे महत्वपूर्ण और निर्णायक घटकों में से है, अधिकांश संबद्ध दस्तावेज़ बिहार से एकत्रित करके और समीक्षा कर ली गई है। प्रारंभिक शिक्षा के प्रबंधन में राज्य और स्थानीय निकायों के बीच संबंध से संबंधित संगत आकड़े एकत्रित करने के प्रयोजन से प्रतिदर्श राज्यों में क्षेत्र दौरे किए गए। संगत आंकड़ें और सूचना को संसाधित किया जा चुका है। मसौदा रिपोर्ट लिखने का कार्य चल रहा है।

8- vkaèkz izns'k vkSj mÙkj izns'k esa izkjafHkd voLFkk esa eqfLye cPpksa ds xSj&ukekadu vkSj i<+kbZ@Ldwy chp esa gh NksM+us (Drop-out) ds dkj.k %,d rqyukRed vè;;u

अन्वेषक : डॉ. वी.पी.एस. राजू

इस अध्ययन का मुख्य लक्ष्य भारत के दो राज्यों में प्रारंभिक अवस्था में मुस्लिम बच्चों के गैर–नामांकन और पढ़ाई बीच में ही छोड़ने के कारणों का पता लगाना है। तदनुसार प्रारंभिक अवस्था में मुसलमानों में गैर–नामांकन और स्कूल बीच में ही छोड़ने के कारणों के मुद्दे पर विचार करके शोध/शैक्षिक कार्य के स्वरूप का प्रारंभिक आकलन करने के लिए उपलब्ध साहित्य की समीक्षा का कार्य पूरा हो गया है। साहित्य समीक्षा दर्शाती है कि कोई भी ऐसा सारगर्भित अनुसंधान या शैक्षिक साहित्य नहीं मिला जिसमें प्रारंभिक स्तर पर मुसलमानों में ग़ैर–नामांकन और स्कूल बीच में ही छोड़ने के विषय में काम किया हो। इसके अलावा, एन.एस.एस.ओ., डी.आई.एस.ई. और जनगणना रिपोर्टों से संगत गौण आंकड़े भी एकत्रित किए जा चुके हैं। आजकल, अनुसंधान रिपोर्ट का मसौदा तैयार करने का कार्य चल रहा है।

9- Hkkjr esa bathfu;fjax f'k{kk dh o`f)

अन्वेषक : प्रो. जे.बी.जी. तिलक

बी.आर.आई.सी. देशों में उच्च शिक्षा पर अन्तर्राष्ट्रीय तुलनात्मक अध्ययन के एक हिस्से के रूप में 2009.2010 में दिल्ली, महाराष्ट्र, कर्नाटक और तमिलनाडू में भारत के लगभग 40 इंजीनियरिंग कॉलेजों और संस्थानों के बड़ी मात्रा में आंकड़े एकत्रित किए गए हैं। यह सर्वेक्षण छात्र इन संस्थानों के विद्यार्थियों की विशेषताओं, उनकी सामाजिक, आर्थिक और शैक्षिक पृष्ठभूमि, उनकी शिक्षा पर व्यय और इंजीनियरिंग शिक्षा पर गुणवत्ता संबंधी प्रत्यक्ष ज्ञान संबंधी आंकडे प्रदान करता है।

विगत में भारत में ऐसे बहुत ही कम अध्ययन हुए हैं जिनमें उच्च शिक्षा प्राप्त कर रहे विद्यार्थियों की सामाजिक–आर्थिक पृष्ठभूमि का विश्लेषण किया गया है। निर्धारित अध्ययनों में शामिल हैं 1962 में दिल्ली

विश्वविद्यालय पर वी.के.आर.वी. राव द्वारा किया गया अध्ययन, 1970 के दशको में पश्चिम बंगाल में विकास सन्याल द्वारा आई.आई.ई.पी. अध्ययन।

वित्तीयन, शुल्क, लोन और अन्य पहलुओं से संबंधित नीति–निर्माण के लिए विद्यार्थियों की पृष्ठभूमि का विस्तृत विश्लेषण काफी महत्वपूर्ण होगा। अन्तर्राष्ट्रीय तुलनात्मक अध्ययन पूरा हो चुका है और अंतिम परिणाम पुस्तक के रूप में स्टेनफोर्ड विश्वविद्यालय द्वारा प्रकाशित किए गए। भारत पर इतनी बड़ी मात्रा में एकत्रित किए गए आंकड़ो का प्रयोग करके भारत में इंजीनियरिंग शिक्षा की वृद्धि पर अध्ययन तैयार किया जा रहा है जिसमें निम्नलिखित पहलुओं पर फोकस किया गया है:

- इंजीनियरिंग शिक्षा के लिए वृद्धि : सार्वजनिक और निजी
- इंजीनियरिंग शिक्षा के क्षेत्र में कौन से विद्यार्थी जाते हैं
- इंजीनियरिंग शिक्षा की माँग के निर्धारकों की छानबीन करना
- प्राइवेट शिक्षा की वृद्धि को स्पष्ट करने वाले कारक
- इंजीनियरिंग शिक्षा की लागतें (घरेलू और निजी)

अध्ययन की रिपोर्ट लिखने का कार्य प्रगति पर है; कुछ अध्यायों के प्रारूप पूरे हो चुके है और शेष पर कार्य चल रहा है।

10- ,l-,l-,- ds varxZr fo|ky; vuqnkuksa dk mi;ksx vkSj mudsmi;ksx iSVuksZ ij vè;;u %es?kky; dk ds vè;;u ¼U;wk lsfcuk fdlh vkfFkZd lgk;rk ds½

अन्वेषक : प्रो. वाई जोसेफीन

सर्वशिक्षा अभियान इस आधार–वाक्य पर आधारित है कि प्रारंभिक शिक्षा अंतःक्षेपों को वित्तीय सहायता जारी रखी जानी चाहिए। इसके लिए केन्द्र और राज्य सरकारों के बीच वित्तीय भागीदारी पर दीर्घकालिक परिप्रेक्ष्य होना आवश्यक है। सर्व शिक्षा अभियान कार्यक्रम के तहत सहायता का अनुपात पूर्वोत्तर क्षेत्र के लिए 90:10 और शेष भारत के लिए 65:35 होगा।

केन्द्र से मेघालय और उसके जिलों को दिए गए फंडो और एस.एस.ए. के अंतर्गत विद्यालय अनुदानों के उपयोग का विश्लेषण किया गया। यह कार्य मुख्यतः राज्य से एकत्रित किए गए प्राथमिक आंकड़ो और डाईस/यू. डाईस और अन्य उपलब्ध दस्तावेजों के गौण आंकड़ों के आधार पर किया गया।

आंकड़ों और संबद्ध सूचना का प्रारंभिक विश्लेषण दर्शाता है कि एस.एस.ए. के अंतर्गत बजट प्रस्ताव वार्षिक कार्य योजना और बजट (ए.डब्ल्यू.पी. एंड बी.) के रूप में तैयार किया गया है, जिसमें एस.एस.ए. मानदंडो में विर्निदिष्ट सभी अंतःक्षेपों को शामिल किया गया है। एक वर्ष के लिए मद–वार बजट मांगें वार्षिक कार्य–योजना और बजट में शामिल हैं। ए.डब्ल्यू.पी. एंड. बी. प्रस्तावों पर दो भागों में विचार किया गया – चालू वर्ष के लिए योजना और पिछले वर्ष की प्रगति का सिंहावलोकन जिसमें चालू वर्ष की पिछली (शेष/बची) `चपससवअमत गतिविधियों को चालू वर्ष में ले जाने का प्रस्ताव शामिल है।

वित आयोग भी राज्य सरकार के जरिए समाज के कुल बजट परिव्यय के लिए सहायता अनुदान के रूप में फंड प्रदान करता है। उदाहरण के लिए, बारहवें वित आयोग ने पूर्वोत्तर राज्यों को छोड़कर अन्य प्रत्येक राज्य के एस.एस.ए. के लिए अनुमानित व्यय के 15% अनुदान की सिफारिश की थी। पूर्वोत्तर राज्य के संबंध में, 12वें वित आयोग ने वर्ष 2007–08 और वर्ष 2008–09 में प्रत्येक राज्य द्वारा दी गई औसत राशि और 10% शेयर के आधार पर जितनी राशि की उन्हें जरूरत है, के बीच अंतर की सिफारिश की, बशर्ते जो कि प्रतिवर्ष न्यूनतम 5 करोड़ रूपए हो।

अनुमोदित परिव्यय के लिए भारत सरकार और राज्य सरकार के बीच 90:10 का साझा पैटर्न वित्त आयोग द्वारा प्रदत्त सहायता अनुदान की कटौती के बाद है। पी.ए.बी. की दिनांकों के आधार पर, भारत सरकार एस.एस.ए. राज्य सोसायटी की पहली किस्त जारी करती है और आगे की किश्तें केवल तभी जारी की जाती हैं जब राज्य सरकार को उसको अनुरूपयोगी (अनुरूप) हिस्सा हस्तांतरिक कर देता है और हस्तांतरित फंडों (केन्द्र और राज्य) का कम से कम 50: व्यय कार्य योग्य हो।

चालू वर्ष में अनुमोदित बजट परिव्यय के आधार पर राज्य परियोजना कार्यालय में योजना के कार्यान्वयन के लिए जिला परियोजना कार्यालयों को इसे जारी करता है। राज्य परियोजना कार्यालय भारत सरकार और राज्य सरकार से इसकी प्राप्ति के 15 दिनों के भीतर जिलों को उनका फंड जारी करता है। जिला स्तर पर भी इसी प्रक्रिया का अनुसरण किया जाता है। जिला परियोजना कार्यालय इसे उप–जिला और खंड संसाधन केंद्र और समूह संसाधन केंद्र को जारी करता है ताकि कार्यान्वयन की जरूरतों को पूरा किया जा सके। प्रत्येक जिला कार्यालय को चालू वर्ष का जिला बजट प्रदान किया जा रहा था जिसमें फंड बजट के अनुसार खर्च किए गए थे। सिविल कार्यों, अध्ययन–अध्यापन उपकरण, विद्यालय

अनुदानों, वार्षिक अनुदानों के लिए प्रयुक्त सभी फंड सोसायटी में अपनाई गई विकेन्द्रीकरण विधि के अनुसार विद्यालय प्रबंधन समिति स्तर को हस्तांतरित कर दिए गए।अध्ययन रिपोर्ट को अंतिम रूप दिया जा रहा है।

11- f'k{kk _.kksa ij C;kt &vkfFkZd lgk;rk dh dsUnzh; &lsDVj ;kstuk dk ewY;kadu % ykHkkfFkZ;ksa ds lkekftd &vkfFkZd izksQkbZy dk ,d fo'ys"k.k

अन्वेषक : डॉ. गीता रानी

भारत सरकार ने अपने वर्ष 2009–10 के संघ बजट में भारतीय बैंक एसोसिएशन की शिक्षा लोन योजना के तहत अनुसूचित वाणिज्यिक बैंको में लिए गए लोनों को कवर (cover) (वसूली) करने के लिए अधिस्थगन अवधि के दौरान ब्याज आर्थिक सहायता प्रदान करने के लिए एक पूरक योजना प्रारंभ की। भारत सरकार के मानव संसाधन विकास मंत्रालय के उच्च शिक्षा विभाग ने ब्याज आर्थिक सहायता योजना प्रारंभ की जिसका मुख्य उद्देश्य आर्थिक रूप से कमजोर वर्गों की सहायता करना है। योजना के पूरक उद्देश्य है समानता सार्वजनिक जवाबदेही और नवप्रर्वतन को संवंर्धित करना। यह योजना उन विद्यार्थियों के लिए है जो आर्थिक रूप से कमजोर वर्गों के हैं (जिनकी पैतृक आय प्रतिवर्ष 4–5 लाख से कम है) और उच्च शिक्षा की आकांक्षा रखते हैं।

इस मूल्यांकन का उद्देश्य यह जानना है कि शिक्षा लोन पर केन्द्रीय सेक्टर की ब्याज आर्थिक सहायता योजना से कौन लाभान्वित होते हैं। तदनुसार इस मूल्यांकन से निम्नलिखित शोध प्रश्न उठते हैं:

- सामाजिक समूहों को प्रदान की गई (द्वारा ली गई) ब्याज आर्थिक सहायता में क्या कोई विसंगमित है?
- आर्थिक समूहों को प्रदान की गई आर्थिक सहायता में क्या कोई विसंगति है?
- राज्यों को प्रदान की गई ब्याज आर्थिक सहायता में क्या कोई विसंगति है?
- बैंकों को प्रदान की गई ब्याज आर्थिक सहायता में क्या कोई विसंगति है?

इस मूल्यांकन के उद्देश्य निम्नलिखित हैं:

- समूह द्वारा प्राप्त की गई ब्याज आर्थिक सहायता में असमानता की छानबीन करना।
- समूह द्वारा प्राप्त की गई ब्याज आर्थिक सहायता के वितरण की छानबीन करना।
- समूह द्वारा प्राप्त की गई ब्याज आर्थिक सहायता में विसंगति का आकलन करना।
- समूह द्वारा प्राप्त की गई ब्याज आर्थिक सहायता में भिन्नताओं का विश्लेषण करना।

बैंकों से प्राप्त किए गए आंकडें इसमें प्रस्तावित अनुसंधान प्रश्नों और उद्देश्यों की छानबीन करने में प्रयुक्त होंगे। अब तक संगत आंकड़े एकत्रित किए जा चुके हैं। आंकड़ा–परिमार्जन और एकरूपता की जाँच का कार्य प्रगति पर है।

12- pqus x, jkT;ksa esa eqDr vkSj vfuok;Z f'k{kk ds vf/kdkj ds varxZr fut h fo|ky;ksa esa det+ksj oxksZa vkSj lqfo/kkoafpr lewgksa ds cPpksa ds fy, 15% lhVksa ds lao/kkfud izko/kku dk v/;;u

अन्वेषक : प्रो. अविनाश कुमार सिंह

मुक्त और अनिवार्य शिक्षा के अधिकार अधिनियम (आर.टी.ई.) के कार्यान्वयन के साथ अधिनियम की धारा 12(1)(सी) के अंतर्गत राज्यों में निजी सहायता प्राप्त प्रारंभिक विद्यालयों में कमजोर वर्गों और सुविधावंचित समूहों के बच्चों के लिए 25% निःशुल्क सीटें प्रदान करनी प्रारंभ कर दी हैं। यद्यपि अधिनियम के कार्यान्वयन का यह चौथा वर्ष है फिर भी प्रावधानों से संबंधित नियमों और विनियमों को कार्यान्वित करने के संबंध में कार्याकर्ताओं को ज्यादा स्पष्ट जानकारी नहीं है। उदाहरण के लिए, बच्चों की पहचान करने और चयन के लिए पात्रता मानदंड का अनुसरण कैसे किया जा रहा है? विभिन्न राज्यों में निजी विद्यालय संविधानिक प्रतिबद्धताओं और प्रावधानों को पूरा करने के लिए नियमों और विनियमों का अनुसरण किस प्रकार कर रहे हैं? इन अधिकारो को प्राप्त करने के लिए बच्चों और अभिभावकों को किन समस्याओं और बाधाओं का सामना करना पड़ रहा है? आर.टी.ई. प्रावधान के कार्यान्वयन में अंतर और अंतरा राज्य दोनों में भिन्नताओं की सूचना है। इस संदर्भ में, देश के पाँच अलग–अलग जोनों में व्याप्त 10 चुने गए राज्यों में शिक्षा का अधिकार अधिनियम 2009 के अंतर्गत सुविधावंचित बच्चों की शिक्षा की नीति और पद्धति (प्रचलन) की समझ को विकसित करने के लिए अन्वेषी अध्ययन का आयोजन किया जा

रहा है। इस अध्ययन के मुख्य उद्‌देश्य हैं (क) नीति और पद्धति के संदर्भ में विभिन्न राज्यों में आर.टी.ई. अधिनियम के तहत आरक्षण प्रावधान के कार्यान्वयन का स्वरूप और सीमा का निर्धारण करना; (ख) सुविधावंचित और आर्थिक रूप से कमजोर वर्गों की श्रेणियों के बच्चों और माता–पिता में आरक्षण प्रावधानों संबंधी जागरूकता के स्तर का पता लगाना; (ग) विद्याालय और कक्षा में विविध सामाजिक–आर्थिक पृष्ठभूमि से आने वाले बच्चों के समायोजन से संबंधित मुद्‌दों की जाँच करना; (घ) विभिन्न राज्यों के विद्यालयों में आरक्षण प्रावधानों के कार्यान्वियन के संबंध में नवीन प्रचलनों का पता लगाना; (ड.) विभिन्न सहयोगियों (स्टैकहोल्डरो), माता–पिता, बच्चों, अध्यापकों और शिक्षा कार्यकर्ताओं को आर.टी.ई. प्रावधानों के कार्यान्वयन में जो समस्याएँ और बाधाएँ आती है उनका पता लगाना; और (च) निजी विद्यालयों में आरक्षण संबंधी आर.टी.ई. प्रावधान की योजना और कार्यान्वयन को ज्यादा प्रभावी बनाने के लिए उपुयक्त उपाय सुझाना।

उपर्युक्त अनुसंधान परियोजना कार्यान्वयन की प्रारंभिक अवस्था है जिसके अंतर्गत अनुसंधान साधनों के वर्ण्य–विषय और विकास से संबंधित साहित्य का संकलन और समीक्षा शामिल हैं।

इसके अलावा, आंकड़ें एकत्रित करने के साधनों के फॉर्मेट तैयार हो रहे हैं, निम्नलिखित साधन डिज़ाइन किए गए:

- घरेलू/पारिवारिक सूचना अनुसूचियाँ
- विद्यालय सूचना अनुसूची
- मुख्याध्यापक और अन्य अध्यापकों के लिए अनुसूची
- सुविधावंचित समूहों और कमजोर वर्गों के बच्चों के लिए अनुसूची
- इन बच्चों और अन्य समुदाय सदस्यों के माता–पिता के लिए अनुसूचियाँ
- विद्यालय संचालन समितियों के सदस्यों के लिए अनुसूचियाँ
- विभिन्न स्तरों (समूह, खंड, जिला, राज्य) पर शिक्षा कार्यकर्ताओं के लिए जाँच सूचियाँ

13- fo|ky;ksa esa *fof'k"V lh[kus dh v{kerk okys ¼vfèkxe v'kDrrk½* cPpksa ds lekos'ku ds fy, uhfr vkSj i)fr;ksa ¼iz;ksx½ dk ,d vè;;u

अन्वेषक : डॉ. वीरा गुप्ता

विद्यालय शिक्षा में बच्चों द्वारा सामना की जाने वाली अक्षमताओं के विभिन्न स्वरूप के प्रति बढ़ती जागरूकता से अधिगम अक्षमता शिक्षा और नीति सरोकार के महत्वपूर्ण क्षेत्र के रूप में उभरी है। आर.टी.ई. अधिनियम 2009 और पी.डब्ल्यू.डी. विधेयक–2012, दोनों ने समस्या से निपटने के लिए अपने कार्यक्षेत्र में अधिगम अशक्तता को शामिल किया है। यद्यपि नीति प्रयास किए जा रहे हैं तथापि निर्धारण (आकलन) और कार्यक्रम संबंधी अंतःक्षेपों के संबंध में संस्थागत और विद्यालयी स्तरी पर ज्यादा स्पष्टता नहीं है। अधिगम अक्षमता के स्वरूप और सीमा के संबंध में राज्यों में अत्यधिक भिन्नता है। अड़मान निकोबार में 0: एस.एल.डी. है जबकि गोवा में 45: एस.एल.डी है (डी.आई.एस.ई., 2011–12)। यह समझने की जरूरत है कि नीति और प्रचलनों के संदर्भ में अधिगम–विशिष्ट अशक्तता से संबद्ध वर्तमान और उभरने वाली समस्याओं से निपटने के लिए विद्यालय और संस्थागत स्तरो पर अधिगम अशक्तता की संकल्पना किस प्रकार संचालित है। प्रस्तावित अनुसंधान इस दिशा में एक वास्तविक कदम है। तथापि भारत में एस.एल.डी. पर नीति नवजात अवस्था में है, क्षेत्र में उपलब्ध सर्वोत्तम प्रचलनों के साक्ष्य एकत्रित करने के लिए समन्वेषी अध्ययनों की आवश्यकता है।

प्रस्तावित अध्ययन का लक्ष्य नीति और नीति–क्रिया–विधियों के निर्माण के लिए साक्ष्य फीड करने के उद्‌देश्य से आधारभूत स्तर पर यथार्थता का पता लगाना है। इसलिए, अध्ययन में प्रस्तावित है कि डिसलेक्सिया के विशेष संदर्भ में स्कूली शिक्षा में अधिगम अशक्तता वाले बच्चों को समावेशित करने की नीति और अभ्यास की छानबीन की जाए।

bl vè;;u ds eq[; y{; gSa%

क) अधिगम विशिष्ट अक्षमता की समस्या का स्वरूप और सीमा तथा नीतियों और पद्धतियों के संदर्भ में अनुसरणशील कार्यक्रम अंतःक्षेपों को सुनिश्चित करना।

ख) भारत के विशिष्ट राज्यों में एस.एल.डी. की पहचान, परामर्श और शैक्षिक अंतःक्षेप के लिए राज्य व जिला स्तरीय नीतियों और व्यवहारों का अध्ययन करना।

ग) एस.एल.डी. से अधिगगम परिणामों पर कार्यक्रम अंतःक्षेपों के प्रभाव और क्षेत्र में उपलब्ध सर्वोत्तम प्रचलनों संबंधी दस्तावेज का अध्ययन करना।

घ) आकलन, निदान, शिक्षण नीतियों और कार्यक्रम प्रावधानों के लिए एस.एल.डी. पर नीति–निर्धारण के लिए योगदान (आगत) प्रदान करना।

यह अध्ययन बी.आर.सी. और विद्यालय स्तर पर गौण दस्तावेजों के विश्लेषण और क्षेत्र आधारित अनुभवजन्य (आनुभविक) आंकड़े दोनों के सम्मिश्रण पर आधारित है। इसमें एस.एल.डी. की पहचान, आकलन और अंतःक्षेपों के लिए जिलों, बी.आर.सी. और विद्यालयों की संबद्ध राज्य सरकारों द्वारा जारी मार्गदर्शी निर्देशों, परिपत्रों और आदेशों का विश्लेषण किया जाएगा। इसके अलावा प्रचालन संबंधी वास्तविकताओं को सुनिश्चित करने के लिए क्षेत्र आधारित अनुभवजन्य आंकड़ा एकत्रित किया जाएगा, उसका विश्लेषण किया जाएगा। विद्यालय आधारित अनुसंधान आंकड़े चुने गए विद्यालयों से एकत्रित किए जाएंगे। आंकड़े अवलोकन और साक्षात्कार अनुसूचियों की सहायता से एकत्रित किए जाएंगे। ये अध्यापकों, परामर्शदाताओं और विद्यार्थियों के लिए तैयार किए जाएंगे। क्षेत्र आधारित आंकडे 30 विद्यालयों से एकत्रित किए जाएंगे।

आजकल संगत साहित्य कि समीक्षा की जा रही है और आंकड़ा–संग्रहण के लिए अपेक्षित साधनों को तैयार किया जा रहा है।

14- v kj-Vh-bZd sv ar xZ l erkd ki qe Z; kd u %u hfr i fj i z{; v kS y kd fi z

अन्वेषक : डॉ. नरेश कुमार

इस अध्ययन का आशय क्षेत्र के सामाजिक प्रत्यक्ष को ध्यान में रखकर समता के विचार में बहुमूल्य अंतर्दृष्टियों को जोड़ना है। इस प्रयोजन के लिए आर.टी.ई. के अंतर्गत प्रदत्त समता प्रावधान मुख्य केन्द्र बिंदु होंगे। इस मुद्दे पर अत्यधिक अस्पष्टता होने के बावजूद समता पर 'सामाजिक प्रत्यक्ष' की प्रासंगिकता का महत्व बढ़ा है। इस प्रवृति में विभिन्न प्रावधानों वाला आर.टी.ई. अधिनियम 6–14 वर्ष की आयु वर्ग के सभी बच्चों के लिए साम्यिक शिक्षा निष्पादित करने के लिए अत्यंत समग्र संरचना प्रदान करता है। विभिन्न समावेशी प्रावधानों वाला आर. टी.ई. अधिनियम शिक्षा में समानता की प्राप्ति के लिए पिछले सभी प्रयासों से सार्थक गुणात्मक रूप में हटने को प्रतिबिंबित है। स्वतंत्रता के पश्चात भारत में आर. टी.ई. अधिनियम से पहले कोई ऐसी नीति/कार्यक्रम नहीं है जो समता के विचार को इतने मूलरूप में प्रस्तुत करता है।

इस अध्ययन का लक्ष्य एक व्यापक संरचना तैयार करना और शिक्षा में समता के विषय में उत्तर देने वालों (प्रत्यर्थियों) के शैक्षिक अनुभवों और संबद्ध सामाजिक दृष्टिकोणों को ध्यान में रखना है। 'शिक्षा में समता' को सम्मिलित करने के लिए विभिन्न सहयोगियों के दृष्टिकोण (प्रत्यक्ष ज्ञान) को समझना भी शामिल है। इस तरह, इस शोध में इन प्रत्यक्ष ज्ञानों के लिए आधार बनाने वाले मानदंड का पता चल सकेगा।

सामान्यतः अनुसंधान का मुख्य लक्ष्य नीति परिप्रेक्ष्यों और सामाजिक प्रत्यक्ष ज्ञान के अध्ययन में शिक्षा में समता की तुलनात्मक जानकारी तक पहुँचना और विशिष्ट संदर्भों में आर.टी.ई. के अंतर्गत समता प्रावधानों पर सामाजिक प्रत्यक्ष को समझना है। इस अध्ययन के विशिष्ट उद्देश्य निम्नलिखित हैं:

- सामाजिक प्रत्यक्ष ज्ञान से आर.टी.ई. के अंतर्गत 'साम्यिक शिक्षा' के विचार को समझना
- आर.टी.ई. प्रावधानों (सम्मिश्र कक्षा, समीपस्थ शिक्षा/स्कूल) और शिक्षा में समता के बीच संबंध को समझना
- 'आर.टी.ई. अधिनियम' द्वारा दिए गए और 'लोगों द्वारा अपेक्षित' के रूप में समता के अर्थ में अंतर को समझना
- साम्यिक शिक्षा नीति से लोगों की मुख्य अपेक्षाओं का पता लगाना।

अब तक संबद्ध साहित्य की समीक्षा की जा चुकी है। परियोजना वर्ण्य–विषय से संबद्ध दस्तावेज की पृष्ठभूमि तैयार हो चुकी है। मार्गदर्शी अध्ययन के लिए प्रश्नावली तैयार हो चुकी है।

15- v PNs fo| ky ; ksa d h r y k'k esa % 1000 fo| ky ; ksa d h v u qla èkku i fj ; kst u k

अन्वेषक : डॉ. नरेश कुमार

औपचारिक संगठन और वह स्थान जो विद्यार्थियों को सबसे अच्छी संभावित शिक्षा प्रदान करेगा, इस रूप में विद्यालय के अध्ययन पर एक अच्छा अनुसंधान भारत में नहीं हुआ है। विद्यालय संबंधी कुछ निर्णायक मुद्दों, चुनौतियाँ और विविध गुणवत्ता सूचकों पर टुकड़ों (खंडशः) ढंग में अध्ययन किया गया है। सरकारी, सहायता प्राप्त और प्राइवेट (मान्यता प्राप्त और अ–मान्यता प्राप्त) विद्यालयों की विद्यालय शिक्षा को प्रबंधन का आकलन (निर्धारण) विभिन्न सहयोगियों द्वारा अलग–अलग नज़रियों से किया गया है। फिर भी, विद्यालयों में कार्यान्वित सभी चुनौतियाँ यह बताने में असफल रही कि ''विद्यालय बच्चों के लिए सही/अच्छा कर रहा है या नहीं''। विद्यालय को इस नज़रिए से देखने के व्यापक निहितार्थ हैं। अक्सर नीति–निर्माता शोधकर्ता, जनता और माता–पिता के लिए एक ही स्थान पर स्थित समान विद्यार्थी–समूह

और अध्यापक वाले विद्यालयों में निष्पादन, संस्कृति और बच्चों के अधिकार में अंतर एक कूट पहेली है।

पिछले दो दशकों में विद्यालयी प्रक्रिया में 'विद्यालय विकल्प (पसंद)' और 'परिवर्तनशील अपेक्षाओं' के कारण प्राइवेट विद्यालय की ओर लोगों का झुकाव काफी बढ़ा है। हालांकि प्राइवेट विद्यालय 20: विद्यार्थियों को शिक्षा प्रदान कर रहे हैं, जबकि सरकारी विद्यालय में 80: से ज्यादा बच्चों को शिक्षा प्राप्त कर रहे हैं। फिर भी सरकारी स्कूलों को 'गुणवत्ता के अभाव वाले विद्यालय' की संज्ञा दी जाती है। सरकारी स्कूल जनता के विश्वास और माता–पिता की पसंद के प्रति अपनी विश्वसनीयता को सिद्ध करने में पीछे ही रहे हैं।

प्रारंभिक स्तर पर 1412178 स्कूलों और सैकेंडरी स्तर पर 128370 स्कूलों में पर्याप्तता और सुविधाओं में विविधीकृत संदर्भ और अंतर गुणवत्तापूर्ण विद्यालयों के कई परिदृश्यों और प्रतिपादनों को प्रस्तुत करते है। विद्यालयों की प्रभाविता संबंधी साहित्य में इस धारणा को चुनौती दी गई है कि विद्यालयों के बीच भिन्नताओं का विद्यार्थी शैक्षिक उपलब्ध पर कोई प्रभाव नहीं पड़ता।

अंतर्राष्ट्रीय रूप में, विद्यालयों को सूचकों और विद्यार्थियों के परिणामों के आधार पर सफल और उच्च निष्पादन वाले विद्यालयों के रूप में वर्गीकृत किया जाता है। भारत में अनेक ऐसे सरकारी स्कूल है जिसे विभिन्न सहयोगियों द्वारा 'अच्छे विद्यालयों' के रूप में स्वीकृत किया व मान्यता दी गई है। अतः बहुपरिप्रेक्ष्य से विविध संदर्भ में स्थित अच्छे विद्यालयों का केस विवरण तैयार करने की आवश्यकता है। इस तरह, परियोजना का लक्ष्य राज्य भर के विभिन्न विद्यालयों की संदर्भीकृत कार्य–पद्ध तिष्को समझने के लिए सहयोगियों की दृष्टि से अच्छे स्कूलों का पता लगाना है और शिक्षा क्षेत्र के कार्मिकों तथा ज्यादा से ज्यादा जनता को इसके बारे में बताना है ताकि सरकार द्वारा प्रबंधित विद्यालय शिक्षा के पक्ष में जनता का विश्वास पुनः प्राप्त किया जा सके।

bl ifj;kstuk ds eq[; mn~ns'; g S%

- बहु परिप्रेक्ष्यों के माध्यम से 'अच्छे/श्रेष्ठ विद्यालयों', की पहचान करना;
- संदर्भ विनिर्दिष्ता से संबद्ध करके 'समग्र (संपूर्ण) विद्यालय का दस्तावेज तैयार करना;
- जनता के दृष्टिकोण को बदलने के लिए विभिन्न सहयोगियों और सार्वजनिक मीडिया से अच्छे विद्यालयों के विवरण का आदन–प्रदान; और
- 'अच्छा स्कूल कौन से हैं' की मुख्य विशेषता और समझ को प्राप्त करना।

अब तक, विभिन्न स्रोतों (अभिभावकों, अध्यापकों, गैर सरकारी संगठनों इत्यादि) से सुझाए गए अच्छे विद्यालयों की व्यापक सूची तैयार की जा चुकी है। आंकड़ों को एकत्रित करने का कार्य चल रहा है।

16- Hkkjr ds 'kgjh Lyeksa ds cPpksa dh f'k{kk esa lgHkkfxrk dk leh{kkRed vkdyu ¼eSfVªd½

अन्वेषक : डॉ. सुनीता चुघ

इस अध्ययन में भारत के चुने गए दस शहरो के स्लमों में जीवन यापन कर रहे बच्चों की शैक्षणिक स्थिति का आंकलन करने का प्रयास किया गया है। इस अध्ययन में विशेष रूप से यह छानबीन करने का प्रयास किया गया है कि क्या राज्य चुने गए स्लम क्षेत्रों में रहने वाले बच्चों के लिए पर्याप्त गुणवत्तापूर्ण शिक्षा की व्यवस्था कर रहा है या नहीं, विशेषतौर पर आर.टी.ई. 2009 अधिनियम के संदर्भ में। इस अध्ययन से अपेक्षा है कि इसमें उन मुद्दों/व्यवधानों का पता लगाया जाए जो आर.टी.ई. 2009 अधिनियम के अधिदेश को पूरा करने में बाधक हैं।

- शहरी क्षेत्रों और स्लम क्षेत्रों दोनों में सुलभता (पहुँच) और गुणवत्ता प्रावधान पर केन्द्रित करते हुए प्रारंभिक शिक्षा की वर्तमान स्थिति की जानकारी हासिल करना;
- चुने गए स्लम क्षेत्रों में रह रहे बच्चों के लिए समीपस्थ (नजदीकी) विद्यालयी में कितनी सुविधाएं उपलब्ध है छानबीन करना;
- प्रावधान और विद्यालयों में बच्चों की सहभागिता में विविधता का अन्वेषण करना;
- विविधीकृत प्रावधान में बच्चों की सहभागिता को प्रभावित करने वाले कारकों की पहचान करना;
- शिक्षा के सरकारी और प्राइवेट क्षेत्रों के प्रति अभिभावकों की मनोवृत्ति का पता लगाना;
- विद्यालय से बाहर के बच्चों को मुख्यधारा में लाने के लिए विशेष प्रशिक्षण प्रावधान का पता लगाना;
- प्रारंभिक शिक्षा चक्र (सत्र) में नामांकन, प्रतिधारण और समापन को सुनिश्चित करने में एस.एम.सी. की भूमिका की छानबीन करना।

चूँकि यह अध्ययन शहरी क्षेत्रों से संबंधित है, अतः जनगणना, एन.एस.एस.ओ. जैसे गौण स्रोतों से एकत्रित

किए गए आंकड़े और गौण स्रोतों पर आधारित चुने गए शहरों का शैक्षिक प्रोफाईल तैयार किया गया है। संगत अध्ययनों की समीक्षा की जा रही है और काफी अध्ययनों की समीक्षा की जा चुकी है।

आंकड़े एकत्रित करने में सहायता के लिए शहर के स्तर पर कुछ नोडल संस्थान और मुख्य व्यक्तियों की पहचान की गई है। आंकड़ा–संग्रहण के साधन तैयार किए जा रहे हैं। आंकड़ा–संग्रहण के लिए प्रतिदर्श डिज़ाइन और साधनों को अंतिम रूप देने के लिए सारे नगर समन्वयकों के साथ परामर्शी बैठक आयोजित की जा रही है।

अब तब, संबद्ध साहित्य की समीक्षा पूरी हो चुकी है। आंकड़ा–संग्रहण के लिए साधन विकसित किए जा चुके हैं। क्षेत्र कार्य प्रगति पर है।

17- mPp f' k{kk e safo Ùkh; u v k\$ l ke F; Z¼ vt h- l h- l s Q aM i kIr ½

अन्वेषक : प्रो. सुधांशु भूषण

विस्तार और गुणवत्ता सुधार के परिणामस्वरूप, जब सामर्थ्य का मुद्दा आता है तब उच्च शिक्षा में नीति एक कठिन कार्य हो जाता है। एक ओर सार्वजनिक व्यय निर्णायक है और निर्धनों के लिए संसाधन जुटाने और लक्ष्य आर्थिक सहायता प्रदान करने के तरीकों का पता लगाना होगा, यहाँ उच्च शिक्षा के प्राइवेट वित्तीय का प्रश्न उठता है। उच्च शिक्षा के पारिवारिक वित्तीयन को निजीकरण की ओर बढ़ती प्रवृत्तियों के मद्दे नज़र महत्व प्राप्त हुआ है। उच्च शिक्षा के निजीकरण के कारण शुल्क बढ़ने की प्रवृत्तियों से उच्च शिक्षा में पैसा लगाने के कारण पारिवारिक बोझ बढ़ा है।

इसी से सामर्थ्यता का मुद्दा उठता है। इसके बदले सामर्थ्यता से पहुँच तथा विषयों की पसंद और पर इसका प्रभाव पड़ा है। भिन्न–भिन्न सामाजिक और आर्थिक समूहों में सामर्थ्य के संबंध में भी अलग–अलग प्रवृत्तियाँ हो सकती हैं। शहरी और ग्रामीण संदर्भों व विभिन्न व्यवसाय श्रेणियों में अंतर हो सकता है। उपर्युक्त को देखते हुए, अनुसंधान परियोजना का मुख्य लक्ष्य निजीकरण की बढ़ती प्रवृत्ति के संदर्भ में सामर्थ्य का अध्ययन करना है।

आजकल, अनुसंधान रिपोर्ट का प्रारूप तैयार किया जा रहा है।

18- Hkkjr h; mPp f' k{kk l aLFkku ksa e sa Lo k; Ùkr k

अन्वेषक : डॉ नीरू स्नेही

उच्च शिक्षा संसधानों की स्वायत्तता का मुद्दा भारतीय उच्च शिक्षा पद्धति में सुधारों को प्रस्तुत करने के लिए कार्यसूची का एक महत्वपूर्ण हिस्सा बन गया है। स्वायत्तता प्रदान करना ऐसा सूचित करता प्रतीत होता है कि स्वायत्तता असंख्य समस्याओं का सामना करने वालों के लिए रामबाण है। इस परियोजना का लक्ष्य इस बात का अन्वेषण करना है कि सामान्य रूप में स्वायत्तता किस हद तक भारतीय उच्च शिक्षा संस्थानों में प्रचलित है अर्थात विशेष रूप से स्नातकपूर्व कॉलेजों। कितनी स्वायत्तता प्रदान की जानी चाहिए; क्या कॉलेजों के लिए स्वायत्तता होनी चाहिए; किस वर्ग–प्रबंधन, अध्यापक, विद्यार्थी को स्वायत्ता को दी जानी चाहिए और केन्द्र, राज्य, विश्वविद्यालय, यू.जी.सी. किससे स्वायत्तता?

इन्हीं लक्ष्यों को ध्यान में रखते हुए इन अध्ययन को मुख्य उद्देश्य है उच्च शिक्षा संस्थानों की कार्य–पद्धति में स्वायत्तता की भूमिका को जानना है। विशिष्ट रूप में स्नातकपूर्व संस्थानों में, स्नातकपूर्व संस्थानों को स्वायत्तता प्रदान करने में स्टैकहोल्डरो की भूमिका की छानबीन करना, संबद्ध कॉलेजों व स्वायत्त संबद्ध कॉलेजों की कार्यपद्धति का विश्लेषण व तुलना करना, और स्वायत्त और गैर–स्वायत्त संबद्ध कॉलेजों की कार्य–पद्धति के अनुभवों के प्रलेख देना।

इस परियोजना की कार्य–पद्धति उच्च शिक्षा संस्थानों में स्वायत्तता की संकल्पना, स्वायत्तता प्रदान करने में स्टैकहोल्डरो की भूमिका, विभिन्न संस्थानों की कार्य–पद्धति में विद्यमान स्वायत्तता के प्रभाव को समझने के लक्ष्य पर आधारित है। अध्ययन में विषयवस्तु विश्लेषण और तुलनात्मक अध्ययन का मिश्रण है। इस संबंध में विश्वविद्यालय और उनके कॉलेजों के अधिनियमों, संविधियों और अध्यादेशों के साथ–साथ विश्वविद्यालयों के लिए राज्यों के अधिनियमों और संविधियों का विश्लेषण किया जा रहा है। इसके अलावा, उच्च शिक्षा पद्धति में स्वायत्तता की संकल्पना के विकास का विश्लेषण किया जा रहा है।

इस संबधं में गौण आंकड़ों की समीक्षा जारी है जिसमें राष्ट्रीय और अंतर्राष्ट्रीय जर्नलों, शोध–लेखनों और विभिन्न पुस्तकों की विषयवस्तुओं का विश्लेषण करना भी शामिल है। इसके अलावा, क्षेत्र कार्य भी इस परियोजना की अनिवार्यता है जिसके लिए प्रश्नावलियों का पहला

सैट तैयार किया जा रहा है। गौण आंकड़ों के विश्लेषण का कार्य प्रगति पर है।

19- Mh-vkbZ-,l-bZ- vkadMksa dk iz;ksx djrs gq, izkjafHkd f'k{kk ij vuqla/kku dk;ZØe

अन्वेषक : प्रो. अरुण सी. मेहता

यह शोध ई.एम.आई. के विभाग द्वारा किया जा रहा है। अनुसंधान कार्यक्रम डी.आई.एस.ई. आंकड़ों का प्रयोग करते हुए केवल प्रारंभिक शिक्षा पर लघु अनुसंधान करने के लिए विश्वविद्यालय, आई.सी.एस.एस.आर. अनुसंधान संस्थाओं इत्यादि में काम करने वाले अनुसंधानकर्ताओं को वित्तीय सहायता प्रदान करने के अवसर प्रदान करना है। लगभग 40 अनुसंधान प्रस्ताव अब तक प्राप्त हो चुके हैं। विभागीय समिति द्वारा प्रस्तावों की समीक्षा करके 10 प्रस्तावों की सूची तैयार की गयी। न्यूपा ने एक दिवसीय कार्यशाला का आयोजन किया और सुझावों के आधार पर सभी शोधकर्ताओं ने अपने.अपने प्रस्तावों को संशोधित किया। अनुसंधान कार्यक्रम के लिए फंड एन.यू.पी.ए. द्वारा दिया जाता है। पहली किश्त जारी कर दी गई है।

20- fo|ky; f'k{kk dh Hkw&LFkkfud lwpuk iz.kkyh ij ,d iz;ksxkRed v/;;u

अन्वेषक : अनुगुला एन.रेड्डी

विद्यालय शिक्षा के लिए भू–स्थानिक सूचना प्रणाली विकसित करने की इस प्रायोगिक परियोजना के दो लक्ष्य हैं। पहला लक्ष्य विद्यालयों को भू–स्थानिक आंकड़ों को एकत्रित करने और शैक्षणिक योजना और मॉनीटरिंग में उनका प्रयोग करने हेतु विद्यालय शिक्षा के लिए भू–स्थानिक सूचना प्रणालियाँ विकसित करने में विभिन्न राज्य सरकारों के अनुभवों की समीक्षा करना। दूसरा उद्देश्य खंडों में विद्यालय शिक्षा के लिए भू–स्थानिक सूचना प्रणाली का आदि रूप विकसित करना और स्थानीय स्तर पर शैक्षणिक योजना में भू–स्थानिक आंकड़ों की पद्धति और अनुप्रयोग दर्शाना। जी.आई.एस. वेबसाइटों पर जाकर और वेबसाइटों की विषयवस्तुओं की छानबीन करके और विद्यालय के स्थान की योजना बनाने और मानीटरिंग के लिए प्रयोग किए जा सकने वाले विभिन्न साधनो ंकी वेबसाइटों पर उपलब्धता की समीक्षा की जा रही है।

इसके बाद विद्यालय शिक्षा के लिए जी.आई.एस. विकसित करने के लिए अपनायी गई पद्धतियों और योजना व मॉनिटरिंग में इनका प्रयोग करने पर गहन विचार–विमर्श करने हेतु राज्यों के दौरे किए जाएंगे। आद्य रूप भौगोलिक सूचना प्रणाली विकसित करने के प्रयास किए जा रहे हैं। हरियाणा से एकत्रित किए गए विद्यालयों के भू–स्थानिक आँकड़ें पहले से ही सुलभ हैं। इन आंकड़ों की सहायता से आद्य रूप जी.आई.एस. विकसित करने और उसे आरंभ करने की योजना बनायी गई है। अब तक, क्षेत्र कार्य पूरा हो चुका है, और आँकड़ा–विश्लेषण का कार्य चल रहा है।

21- vuqlwfpr tkfr ds cPpksa esa f'k{kk % jktLFkku ds nks xkaoksa dk xgu v/;;u

अन्वेषक : प्रो. बी.के. पांडा

स्वतंत्रता के बाद, संविधानिक लोकतंत्र ने सामाजिक–आर्थिक सीढ़ी पर आगे बढ़ने के मार्ग प्रशस्त किए है, क्योंकि अवसर की समता और सामाजिक न्याय को स्वतंत्र भारत की विकास योजना के मार्गदर्शी सिद्धांत के रूप में स्वीकार किया गया था। संविधानिक संरक्षण और बेहतर शैक्षणिक आर्थिक सुविधाओं के कारण है यह आशा की जाती है कि यह ऊर्ध्वमुखी सामाजिक गतिशीलता के लिए प्रेरक कारक का कार्य करेगा और अनुसूचित जातियों और अनुसूचित जनजातियों के सदस्यों की गैर अनुसूचित आबादी के बराबर लाएगा।

अतः प्रश्न उठता है कि विद्यालय किस हद तक इन समुदायों की सामाजिक और आर्थिक स्थितियों को बेहतर बनाने में समर्थ रहे हैं और यदि विद्यालय इन समुदाय के बच्चों को आकृष्ट करने की स्थिति में नहीं हैं तो कौन से कारक हैं जो इन समुदायों के बच्चों की शिक्षा अर्जित करने में बाधक हैं। ऐसी मान्यताओं के आधार पर अध्ययन के लिए निम्नलिखित उद्देश्यों की पहचान की गई:

राजस्थान राज्य के अनुसूचित जाति के विद्यार्थियों में शिक्षा को प्रभावित करने वाले कारणों को जानना;

- अनुसूचित जाति परिवारों की तुलना में समुदायों और शिक्षा के लिए उनकी वरीयता/आकांक्षा को विस्तार से समझना;
- अनुसूचित जाति के परिवारों के बच्चों में शिक्षा प्राप्त करने में आने वाले विभिन्न सामाजिक–आर्थिक व्यवधानों का पता लगाना; और
- राज्य नीतियों के उन प्रावधानों को जानना जो अनुसूचित जाति के विद्यार्थियों को शिक्षा प्राप्त करने के योग्य बनाते हैं।

अब तब, समीक्षा और साधनों को विकसित करने का मूलभूत कार्य किया गया है और साधनों को आज़माने और आधारभूत आंकड़े एकत्रित करने का कार्य किया जा चुका है। अध्ययन रिपोर्ट को तैयार किया जा रहा है।

22- fnYyh 'kSy&iwoZ f'k{kk iznku djus esa fut h erkf/kdkfj;ksa (Franchises) dk v/;;u

अन्वेषक : डॉ. सविता कौशल

इस अध्ययन का उद्देश्य चुने गए निजी मताधिकारियों (विशेषाधिकारियों) की शैक्षिक और प्रशासनिक संरचना व शासन का विश्लेषण करना है। इसके अलावा, चयनित निजी फ्रैंचाइज शालापूर्व विद्यालय में प्रवेश प्रक्रियाओं और प्रदान की गई आधारभूत सुविधाओं की छानबीन भी की जाएगी।

इन विद्यालयों में आने वाले बच्चों की पृष्ठभूमि का भी अध्ययन किया जाएगा। इसमें प्रतिदर्श विद्यालयों में अध्यापकों द्वारा अपनाई गई पाठ्यचर्या तकनीकों का अन्वेषण किया जाएगा और प्राइवेट फ्रेंचाइज शालापूर्व विद्यालयों की कार्य पद्धति से संबंधित उपलब्धियों या कमियों, यदि कोई हों तो, का पता लगाया जाएगा।

अब तब, शालापूर्व विद्यालयों के आंकड़ें एकत्रित किए जा चुके हैं। आंकड़ों का विश्लेषण हो चुका है; और अध्ययन रिपोर्ट तैयार करने का कार्य चल रहा है।

23- vkfMlk esa lSdsaMjh Lrj ij vuqlwfpr tkfr ds cPpksa esa Nk=ofÙk ;kstuk vkSj 'kSf.kd xfr'khyrk dk v/;;u

अन्वेषक : डॉ. एस.के. मलिक

संविधान को अपनाने के बाद में, हम उच्च प्राथमिक शिक्षा की सर्व–व्यापकता का प्रयास कर रहे हैं। हमने नब्बे के प्रारंभिक दशक में डी.पी.ई.पी. कार्यक्रम प्रारंभ किया और 21वीं शताब्दी के प्रारंभ मं सर्व शिक्षा अभियान की शुरुआत की ताकि देश में प्रारंभिक शिक्षा का सर्व–व्यापकीकरण किया जा सके। स्कूल बीच में छोड़ने की दर अत्यधिक है, शिक्षा की गुणवत्ता संतोषजनक नहीं हैं, विद्यालय–बाह्य (Out-of-School) बच्चों की संख्या निरंतर बढ़ रही है। सभी सुधारों के बावजूद दर अभी भी पीछे है। जहाँ तक शैक्षणिक सूचकों का संबंध है सुविधावंचित वर्गों के बच्चे अन्य समूहों से पीछे हैं। आर.टी.ई. अधिनियम के अंतर्गत प्रत्येक प्रारंभिक विद्यालय के लिए एस.एम.सी. निर्धारित करना अनिवार्य है। इसी तरह आर.एम.एस.ए. ने योजना, कार्यान्वयन, मॉनीटरिंग और मूल्यांकन प्रक्रिया में विद्यालय प्रबंधन समितियों और अभिभावक–अध्यापक संघ जैसे निकायों के माध्यम से सैकेंडरी शिक्षा के प्रबंधन के लिए पंचायतीराज संस्थानों और निकायों, समुदाय, अध्यापकों, अभिभावकों और अन्य सहयोगियों को शामिल किया। आर.एम.एस.ए. के अंतर्गत यह सुझाव है कि राज्य लड़कियों, अनुसूचित जाति, अनुसूचित जनजाति, अन्य पिछड़ा वर्गों और अल्पसंख्यक समुदायों जैसे सुविधावंचित समूहों के विद्यार्थियों को मुफ्त (निशुल्क) वास और आवास सुविधाएँ, छात्रवृत्ति और नकद प्रोत्साहन प्रदान करने के लिए केन्द्र द्वारा प्रायोजित स्कीमों, केन्द्रीय सेक्टर की स्कीमों और राज्य स्कीमों का लाभ उठाया जाना चाहिए। अब यह अध्ययन करना महत्वपूर्ण है कि सैकेंडरी स्तर पर अनुसूचित जाति के बच्चों की शिक्षा के लिए छात्रवृत्ति कितनी सहयोगी (मददगार) है।

v/;;u ds fof'k"V mn~ns'; fuEufyf[kr gS%

(क) सैकेंडरी स्तर की शिक्षा समाप्त हो जाने पर छात्रवृत्ति की प्रभाविता और उच्च ग्रेडों के लिए अनुसूचित जाति के बच्चों की शैक्षणिक गतिशीलता का अध्ययन करना;

(ख) समापन दर और संक्रमण दर के संदर्भ में, योगदान और परिणामों के संबंध में स्कीमों के प्रभावी कार्यान्वयन को सुनिश्चित करना;

(ग) छात्रवृत्ति योजनाओं के कार्यान्वयन में कार्यकर्ता जिन समस्याओं व व्यवधानों का सामना करते हैं, उनका पता लगाना

(घ) अनुसूचित जाति के बच्चों द्वारा सैकेंडरी शिक्षा पूरा न कर पाने के कारणों का पता लगाना;

(ड.) छात्रवृत्ति योजनाओं के प्रभावी कार्यान्वयन के लिए उपयुक्त उपायों की छानबीन करना।

यह अध्ययन ओड़ीसा राज्य में किया जा रहा है। इसमें 30 जिले हैं। इन 30 जिलों में से अनुसूचित जाति की ज्यादा आबादी वाले दो जिलों को चुनकर अध्ययन किया गया। दो जिलों में से छह खंडो का चयन किया गया। गहन अध्ययन के लिए प्रत्येक खंड में से 10 सरकारी सैकेंडरी विद्यालयों को चुना गया। इस अध्ययन के

प्रत्यर्थियों में अध्यापक, मुख्यध्यापक, विद्यार्थी, प्रशासक और अभिभावक हैं।

इस अध्ययन के अंतर्गत 31 मार्च 2015 तक संबंधित साहित्य का अध्ययन पूरा कर लिया गया, आंकड़ा संग्रह के लिए आवश्यक उपकरण तैयार किए गए और अध्ययन क्षेत्र का दौरा किया गया।

24- fofoèkrk vkSj HksnHkko %ukxfjd vfèkxe vkSj yksdrkaf=d dk;Zdsfy, mPp f'k{kk

जाँचकर्त्ता : डॉ. निधि एस. सब्बरवाल और डॉ. मलिश सी.एम.

यह अनुसंधान परियोजना छह राज्यों के 11 उच्च शिक्षा संस्थानों का केस अध्ययन है। इस अनुसंधान का लक्ष्य कॉलेज परिसरों में विविधता और भेदभाव के मुद्दे की जानकारी हासिल करना है ताकि युवाओं में लोकतांत्रिक कार्य और नागरिकता का सवंर्धित करने के लिए नीति और पद्धतियाँ विकसित की जा सके।

अनुसंधान परियोजना में गुणात्मक और मात्रात्मक दोनों विधियों का प्रयोग करके चुने गए 11 उच्च शिक्षा संस्थानों की गतिविधियों में विविधता की छानबीन की गई है।

इन केस अध्ययनों में बिहार, दिल्ली, कर्नाटक, केरल, महाराष्ट्र और उत्तर प्रदेश के राज्य विश्वविद्यालयों और संबद्ध सरकारी कॉलेजों दोनों के केस अध्ययन शामिल हैं।

यह परियोजना कार्यान्वयन अधीन है और अब तक इस अनुसंधान परियोजना की संपन्न हो चुकी गतिविधियाँ हैः

(i) अनुसंधान प्रस्ताव तैयार किया गया;

(ii) अनुसंधान प्रस्ताव पर चर्चा के लिए अनुसंधान सलाहकार समिति की बैठक का अयोजन;

(iii) छह अनुसंधान टीमें गठित की गई;

(iv) अनुसंधान दस्तावेज विकसित किए गए;

(v) अग्रगामी अध्ययन आयोजित किया गया;

(vi) अनुसंधान क्रिया–विधि कार्यशाला के लिए सामग्री तैयार की गई;

(vii) छह अनुसंधान टीमों के साथ अनुसंधान क्रिया–विधि कार्यशाला आयोजित की गई; और

(viii) अनुसंधान परियोजना की शुरुआत की गई।

यह परियोजना छह राज्यों – बिहार, दिल्ली, कर्नाटक, केरल, महाराष्ट्र और उत्तर प्रदेश में कार्यान्वित है।

25- Hkkjr esa lkoZtfud mPp f'k{kk laLFkkuksa dk foÙkh;u %QaMksa ds izokg vkSj muds mi;ksx dk ,d dsl vè;;u

अन्वेषक : डॉ. जीनुशा पाणिग्रही

इस अनुसंधान का उद्देश्य संसाधन आबंटन; भारतीय संदर्भ में आय सृजन गतिविधियों के जरिए और अनुदानों के रूप में प्राप्त संसाधनों की उपयोगिता के पैटर्नों का अध्ययन करना है। अध्ययन के लक्ष्य हैं; नव उदारवादी विपणन सिद्धांत की पृष्ठभूमि में उच्च शिक्षा संस्थानों के विविधीकृत फंडो के स्रोतों का अध्ययन करना; संसाधनों की पर्याप्तता या अपर्याप्तता का विश्लेषण करना; विविध उच्च शिक्षा संसथानों द्वारा अतिरिक्त संसाधनों को जुटाने में आने वाले सापेक्षिक चुनौतियों को जानना, उन गतिविधियों का पता लगाना जो निधि की कमी के कारण आयोजित नहीं की जा सकी, उच्च शिक्षा संस्थानों द्वारा संसाधनों के व्यय और उपयोग करने के पैटर्न का विश्लेषण करना।

यह परियोजना पाँच राज्यों – बिहार, ओड़ीसा, पंजाब, तेलंगाना और उत्तरांचल, के 10 उच्च शिक्षा संस्थानो का केस अध्ययन है।

यह परियोजना कार्यन्वित है और इस अनुसंधान परियोजना के अंतर्गत संपन्न हो चुकी गतिविधियाँ निम्नलिखित हैंः

(i) अनुसंधान प्रस्ताव तैयार किया गया

(ii) जनवरी 2015 में परियोजना के लिए विशेषज्ञ समिति की बैठक आयोजित की गई। इस क्षेत्र के प्रसिद्ध विशेषज्ञ – जो शिक्षक और नीति–निर्माता हैं, विशेषज्ञ समिति के हिस्से थे।

(iii) परियोजना के लिए गुणात्मक और मात्रात्मक प्रपत्र विकसित किए गए

(iv) मार्च 2015 में आयोजित प्रपत्रों की बैठक में प्रपत्रों पर चर्चा की गई

(v) परियोजना को प्रारंभ करने से पूर्व अग्रगामी अध्ययन आयोजित किया गया। यह अध्ययन दिल्ली विश्वविद्यालय के घटक कॉलेजों (सरकारी मान्यता प्राप्त) में से एक कॉलेज में किया गया

(vi) अनुसंधान परियोजना प्रारंभ की गई।

अब, आंकड़ा–संग्रहण के साधनों के विकास का कार्य प्रगति पर है।

26- Hkkjr esa mPp f'k{kk dk 'kklu vkSj izca/ku

अन्वेषक : डॉ. गरिमा मलिक

इस अनुसंधान का लक्ष्य राष्ट्रीय और राज्य स्तरीय उच्च शिक्षा कार्यों का शासन और प्रबंधन कैसे किया जाता है तथा उच्च शिक्षा संस्थान के शासन व प्रबंधन को जानना है।

vuqla/kku ifj;kstuk ds fof'k"V mís'; gSa%

(i) राष्ट्रीय, राज्य और संस्थागत स्तर पर शासन संरचना और प्रक्रियाओं के विकास पर विचार–विमर्श करना;

(ii) राज्य स्तर पर महत्वपूर्ण कार्यकर्ताओं और उनकी भूमिकाओं का अध्ययन करना और शिक्षा मंत्रालय, उच्च शिक्षा निदेशालय, उच्च शिक्षा राज्य परिषदें और उच्च शिक्षा संस्थान परस्पर मिलकर कैसे कार्य करते हैं, इसका अध्ययन करना; और

(iii) विश्वविद्यालय और कॉलेजों में शासी निकायो की भूमिका और कार्य–शैली का अध्ययन करना।

संस्थागत स्तर पर उच्च शिक्षा के प्रबंधन का अध्ययन करना है।

ifj;kstuk dk;kZRed gSa vkSj vuqla/kku ifj;kstuk ds varxZr iwjh dh xbZ xfrfof/k;k¡ fuEufyf[kr gSa%

(i) अनुसंधान प्रस्ताव तैयार किया गया

(ii) 4 दिसंबर, 2014 को आयोजित विशेषज्ञ समिति बैठक में प्रस्ताव की समीक्षा की गई

(iii) गुणात्मक और मात्रात्मक प्रपत्र तैयार किए गए

(iv) अनुसंधान क्रिया–विधि कार्यशाला की सामग्री तैयार की गई

(v) अनुसंधान क्रिया–विधि कार्यशाला आयोजित की गई

यह परियोजना पाँच राज्यों – हरियाणा, महाराष्ट्र, राजस्थान, तमिलनाडू और उत्तर प्रदेश में कार्यान्वित है।

27- Hkkjr esa mPp f'k{kk dh xq.koÙkk % laLFkkxr Lrj ij 'kgjh vkSj vkarfjd xq.koÙkk vk'oklu dk v/;;u

अन्वेषक : डॉ. अनुपम पचौरी

यह अनुसंधान अध्ययन एक बहु–राज्य, बहु–संस्थागत अध्ययन है और इसका लक्ष्य बाह्य गुणवत्ता आश्वासन (ई.क्यू.ए.) और आंतरिक गुणवत्ता आश्वासन (आई. क्यू.ए.) की संरचना और कार्य, उनके परस्पर संबंध और मिश्रित–विधियों की उपागम के जरिए पाँच राज्यों – कर्नाटक, मध्य प्रदेश, मेघालय, राजस्थान और तैलांगना के 10 उच्च शिक्षा संस्थानों में संस्थागत स्तर पर गुणवत्ता आश्वासन के सहभागियों की सहभागिता को जानना है।

परियोजना कार्यान्वित है और अनुसंधान परियोजना के अंतर्गत पूरी की गई गतिविधियाँ निम्नलिखित हैं :

(i) अध्ययन के लिए अनुसंधान प्रस्ताव तैयार किया गया और 24 सिंतबर, 2014 को आयोजित आंतरिक (पी.आर.एम.ई.) (विभागीय) संकाय की बैठक में प्रस्तुत किया गया।

(ii) प्रतिपुष्टि और साहित्य समीक्षा के बाद प्रस्ताव को संशोधित करके 8 जनवरी, 2015 को आयोजित विशेषज्ञ समिति की बैठक में प्रस्तुत किया गया।

(iii) पाँच राज्यों के पाँच विश्वविद्यालयों और चुने गए विश्वविद्यालयों से एक–एक संबद्ध कॉलेज से पाँच संस्थागत टीमें गठित की गई।

(iv) गुणात्मक और मात्रात्मक अनुसंधान प्रपत्र तैयार किए गए जिनमें विद्यार्थी और संकाय सर्वेक्षण प्रश्नावलियाँ, संकाय और विद्यार्थियों के साथ एफ.जी.डी. के लिए फोकस समूह विचार–विमर्श वर्ण्य विषय, चुने गए विश्वविद्यालयों और संबद्ध कॉलेजों के संस्थागत नेताओं के लिए इंटरव्यू अनुसूचियाँ शामिल हैं।

(v) अध्ययन के लिए उच्च शिक्षा में बाहरी विशेषज्ञों के विशेषज्ञ समूह/उच्च शिक्षा में अनुसंधानकर्ताओं से परामर्श करके अनुसंधान प्रपत्रों का पुनरीक्षण किया गया।

(vi) अनुसंधान क्रिया–विधि कार्यशाला आयोजित की गई।

(vii) परियोजना प्रारंभ की गई।

(viii) प्रश्नावलियों को कूटबद्ध किया जा रहा है और

अनुसंधान टीमों की सुगमता के लिए कोड–पुस्तिका तैयार की जा रही है।

परियोजना पाँच राज्यों – कर्नाटक, मध्य प्रदेश, मेघालय, राजस्थान और तेलगांना में कार्यान्वित है।

28- mPp f'k{kk esa v/;;u v/;kiu ¼f'k{k.k&f'k{kk½

अन्वेषक : डॉ. सयांतन मंडल

परियोजना का लक्ष्य भारत के उच्च शिक्षा संस्थानों में अध्ययन–अध्यापन के पहलुओं का विश्लेषण करना है। यह अनुसंधान परियोजना बहु–राज्य, बहु–संस्थागत अध्ययन है और इसमें छत्तीसगढ़, गुजरात, हिमाचल प्रदेश, तमिलनाडू और पश्चिम बंगाल प्रत्येक राज्यों से (एक विश्वविद्यालय और एक इसके संबद्ध कॉलेज) चुने उच्च शिक्षा संस्थानों में विभिन्न शैक्षिक कार्यक्रमों अध्ययन–अध्यापन की छानबीन करने के लिए मिश्रित विधियों की उपागम का प्रयोग किया गया।

परियोजना कार्यान्वित है और अनुसंधान परियोजना के अंतर्गत पूरी की गई गतिविधियाँ निम्नलिखित हैं :

(i) प्रारंभिक कार्यों में अनुसंधान प्रस्ताव तैयार करना सम्मिलित है

(ii) अनुसंधान प्रपत्रों का विकास

(iii) अनुसंधान दलो ंका चयन

(iv) प्रपत्र बैठक में विशेषज्ञों के साथ विचार–विमर्श करना

(v) परियोजना की योजना बनाना

(vi) भारतीय उच्च शिक्षा में अध्ययन–अध्यापन पर कार्यशाला के लिए दस्तावेज तैयार किए गए

(vii) अनुसंधान क्रिया–विधि कार्यशाला आयोजित की गई।

यह परियोजना पाँच राज्यों – छत्तीसगढ़, गुजरात, हिमाचल प्रदेश, तमिलनाडू और पश्चिम बंगाल में कार्यान्वित है।

29- l-f'k-v- esa y{sxd lerk dsifj.kke % iwohZ fnYyh vkSj vtesj ftysdk {ks=h; dk;Z

अन्वेषक : प्रो. रत्ना सुदर्शन

प्रस्तुत क्षेत्रीय अध्ययन में यह पता करना है कि चुनिंदा जिलों में सर्व शिक्षा अभियान का बालिका शिक्षा और लैंगिक समता पर कितना और किस प्रकार से प्रभाव पड़ा है। इस अध्ययन में निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर तलाशने के प्रयास हैं:

- विभिन्न हितधारकों के बीच शिक्षा में लैंगिक समता के बारे में क्या समझ है।
- स.शि.अ. के अंतर्गत उपलब्ध सामग्री अध्ययन के संदर्भ और इसके लक्ष्य के प्रति कितना प्रासंगिक है।
- इसके लक्ष्य को प्राप्त करने में हस्तक्षेप का समग्र प्रभाव कितना कारगर है और अधिकतम सकारात्मक प्रभाव बनाने हेतु किस प्रकार की सामग्री की आवश्यकता है।

प्रस्तुत अध्ययन को परिवर्तन विधि के सिद्धांत का प्रयोग करके निरूपित किया गया है। स.शि.अ. टो.ओ.सी. नहीं बन सकता है फिर यह टी.ओ.सी. देखा जा सकता है। जो कार्यक्रम दस्तावेज पर आधारित है। विशिष्ट संदर्भों के विश्लेषण से अनुभवाश्रित पर्यवेक्षण पर आधारित परिवर्तन माडल विकसित होता है। अभिष्ट और अनाभिष्ट निष्कर्षों की पहचान कर ली गई है। साक्षात्कार और समूह चर्चा के माध्यम से आंकड़ा संग्रहित किया गया है।

क्षेत्र कार्य के लिए ऐसे क्षेत्रों का चयन किया गया जिससे प्रतिदर्श में सभी प्रकार की विविधताएं हो। अजमेर, राजस्थान जिले का पिसांगन अल्मोड़ा, उत्तराखण्ड जिले का धौलादेवी ब्लाक, पूर्वी दिल्ली से कल्याणपुरी प्रतिदर्श के क्षेत्र थे। प्रत्येक स्थान पर एक या दो माध्यमिक विद्यालयों, और केजीबीवी (पिसांगन और धौलादेवी) कक्षा 6–12 को नोडल बिंदु बनाया गया जिसके चारों ओर प्रतिदर्श चुने गए। प्रतिदर्श में स्कूल के अध्यापक 12/13 वर्ष और अधिक आयु के लड़के–लड़कियां थे। अभिभावक, भाई–बहन, और शिक्षा अधिकारी थे। पिसांगन और धौलादेवी, प्रत्येक ब्लाक में लगभग 100 प्रतिदर्श लिए गए और दिल्ली से 45 प्रतिदर्श थे।

,e-fQy- fMxzh ikBîØe djus okys fo|kfFkZ;ksa dh lwph ¼o'kZ 2014&15½

Ø-la	fo|kFkhZ dk uke	'kks/k i zca/k	i ;Zos{kd
1.	अंशुल सलूजा	नो डिटेंशन पॉलिसी एंड इट्स इंम्प्लीकेशन फार रिड्यूशिंग वेस्टेज एंड इन्हांसिंग अचीवमेंट लेवल आफ स्टूडेंट्स एट प्राइमरी लेवल : ए केस स्टडी आफ गर्वनमेंट प्राइमरी स्कूल इन फरीदाबाद डिस्ट्रिक्ट आफ हरियाणा	डॉ. एन. के मोहन्ती
2.	अमरदीप कुमार	पार्टीसिपेशन आफ महादलित स्टूडेंट्स इन हायर एजुकेशन	डॉ. वाई जोसेफिन
3.	मृदुस्मिता सिंह	द राइट टू एजुकेशन एक्ट एंड इट्स इंप्लीकेशन फार द चिल्ड्रेन आफ डिसएडवेंटज सैक्शन आफ सोसायटी इन दिल्ली स्कूल्स	डॉ. मंजू नरूला
4.	पामेला दासगुप्ता	ए स्ट्डी आन एकेडमिक सुपरविज़न इन केन्द्रीय विद्यालय संगठन स्कूल्स आफ दिल्ली एंड एनसीआर–यूपी	डॉ. आर. एस. त्यागी
5.	खुशबू रानी गुप्ता	एजूकेशन आफ द डिस्एडवेंटेज (25% रिर्जवेशन) अन्डर द राईट आफ चिल्ड्रेन टू फ्री एंड कंपलसरी एजुकेशन एक्ट, 2009: ए केस आफ स्लेक्टेड प्राइवेट अनेडेड स्कूल्स इन दिल्ली	डॉ. वीरा गुप्ता
6.	संगीता डे	प्राब्लम्स एंड कन्सट्रेंट इन अटेंडिंग अपर प्राइमरी एजुकेशन: ए केस स्टडी आफ मैंस्ट्रुअल हाइजीन प्रैक्टिसेज अमंग रूरल एडोलेसेंट्स इन रिवारी डिस्ट्रिक्ट आफ हरियाणा	डॉ. विनीता सिरोही
7.	सुमित कुमार	इंटर–स्टेट माईग्रेशन फार हायर एजुकेशन: ए केस स्टडी आफ स्टूडेंट्स फ्राम बिहार इन्रोल्ड इन यूनिर्वसिटी आफ दिल्ली	डॉ. नीरू स्नेह
8.	दिपेन्द्र कुमार पाठक	फंशनिंग आफ स्कूल मेनेजमेंट कमिटी (एसएमसी) इन एलीमेंट्री स्कूल्स	डॉ. वी.पी.एस. राजू
9.	ज्योत्सना सोनल	इंटर–ट्राइबल वेरीयेशन इन स्कूलिंग : ए कम्पेरेटिव स्टडी आफ भूटिया एंड थारू इन उत्तराखण्ड	प्रो. के सुजाथा
10.	अपराजिता गंतायत	इंडस्ट्री–एकेडमिक लिंकेज इन आईटी सैक्टर : ए केस स्टडी आफ स्लैक्ट इंस्टीट्यूशन एंड आर्गेनाईजेशन इन दिल्ली एंड एनसीआर	डॉ. आरती श्रीवास्तवा

ih&,p-Mh fMxzh ls lEekfur Nk=ksa dh lwph ¼o'kZ 2014&15½

Ø-la	fo|kFkhZ dk uke	'kks/k i zca/k	i ;Zos{kd
1.	श्री भरत चन्द्र रौत	अफरमेटिव एक्शन फार वीकर सैक्शन आफ द सोसायटी इन इंस्टीट्यूशन आफ हायर एजुकेशन इन इंडिया	प्रो. के सुजाता
2.	श्री सुधांशु शेखर पात्रा (पार्ट टाइम)	ए स्टडी इन पॉलिसीज एंड प्रैक्टिसेज रिलेटेड टू टीचर मैंनेजमेंट इन ओडिशा	प्रो. अरुण मेहता
3.	सुश्री चारू स्मिता मलिक	ए स्टडी आफ इक्विटी इन एक्सेस एंड पार्टीसिपेशन इन सेकेण्डरी एजुकेशन इन उत्तर प्रदेश	प्रो. एस. एम. आई. ए. जैदी

fnukad	oDrk	'kh"kZd
20.05.2014	प्रो. हैन्ज मेयर	मेजर ट्रैण्ड्स इन गर्वनेंस आफ हायर एजुकेशन इंटरप्रेन्यूरलिज्म, ऑटोनामी एंड डिसरपटिव इनोवेशन
27.05.2014	——	इवाल्यूशन स्टडीज इन एजुकेशन
17.07.2014	डा. अमिता गुप्ता	डिवर्स अर्ली चाइल्डहुड एजुकेशन पॉलिसीज एंड प्रैक्टिसेजः वॉयस एंड इमेज फ्राम फाइव कन्ट्रीज इन एशिया
01.09.2014	प्रो. एम.एन. पनिनि	इनइक्वालिटीज, अफ्टर इकोनोमिक रिफार्मः स्ट्रक्चर एंड प्रोसेस
15.09.2014	प्रो. वाणी के. बरूआ	इनइक्वालिटी, सेग्रेगेशन एंड लर्नर अचीवमेंट एट पोस्ट–प्राइमरी स्कूल लेवलः ए कम्पेरेटिव अनालिसिस
24.09.2014	प्रो. उषा नायर	गर्ल चाइल्ड एट रिस्क इन इंडियाः बिफोर एंड अफ्टर बर्थ
05.11.2014	प्रो. रश्मि सोमनाथन	स्कूल मील्स एंड स्टूडेंट आउटकम इन दिल्ली
13.11.2014	प्रो. रत्ना सुदर्शन	जेंडर इक्वालिटी आउटकम आफ एसएसए
11.12.2014	डा. राधिका अयंगर	एजुकेशन, ससटेनेबिलिटी एंड द पोस्ट–2015 डवलपमेंट एजेंडा
12.01.2015	डा. लुईस कब्रेरा	अम्बेडकरः ए ग्लोबल सिटीजन?
14.01.2015	प्रो. जेम्स अर्वानिटाकिस	ए स्टूडेंट इंटरएक्शन आन रिसर्च स्टडीज
15.01.2015	प्रो. आरोन बेनावोट	ग्लोबल एजुकेशन टारगेट्स पोस्ट 2015ः प्रिओरिटीज, पॉलिसीज एंड पालिटिक्स
09.02.2015	प्रोफेसर अंजेला डब्ल्यू लिटल	स्कूल क्वालिटी काउंट्सः एवीडेंस फ्राम डवलपिंग कन्ट्रीज
12.02.2015	डा. सोमेन चट्टोपाध्याय एंड दिपेन्द्र नाथ दास	एकेडमिक परफारमेंस इंडिकेटर (एपीआई)ः स्ट्रेट जैकेटिंग हायर एजुकेशन रिफार्म
18.03.2015	डा. राहुल चौधा	इंटरनेशनलाजेशन आफ अमेरिकन हायर एजुकेशन एंड इट्स इंप्लीकेशन फार इंडिया
19.03.2015	प्रो. सेल्वा रत्नम	मलेशिया पब्लिक–प्राइवेट हायर एजुकेशन सिस्टमः कैन इट अन्डरपिन इन इन्कूलसिव हायर–क्वालिटी टेलेंट टू अचीव हाई इन्कम नेशन स्टेटस बॉय 2020?

4 सहचर्या और सहभागिता

सहचर्या और सहभागिता

l gHkkfxrk i zkkyh

d nz vkSj jkT; ljdkjksa dks

sa l kf; d @ rduhd h

FkkZ vkSj ijke'kZ kjh

lsok,a

राष्ट्रीय विश्वविद्यालय ने वर्ष 2014–15 के दौरान मानव संसाधन विकास मंत्रालय, राज्यों तथा संघ क्षेत्रों के मानव संसाधन विकास मंत्रालयों/शिक्षा विभागों और केंद्र तथा राज्य स्तर के संस्थानों को व्यावसायिक/तकनीकी अनुसमर्थन प्रदान किया ताकि वे अपनी विशिष्ट क्षमता विकास की जरूरतों को पूरा कर सकें और शैक्षिक नीतियों, योजनाओं तथा कार्यक्रमों के डिजाइन, कार्यान्वयन, अनुश्रवण में सुधार हेतु उन्हें मदद मिल सके। राष्ट्रीय विश्वविद्यालय ने केंद्र सरकार के कार्यक्रमों के कार्यान्वयन और मूल्यांकन एवं शिक्षा का अधिकार अधिनियम के कार्यान्वयन को बढ़ावा देने में व्यावसायिक/तकनीकी अनुसमर्थन प्रदान किया। सर्व शिक्षा अभियान और राष्ट्रीय माध्यमिक शिक्षा अभियान और सबके लिए शिक्षा के लक्ष्य की दिशा में प्रगति आकलन हेतु राज्य/संघीय सरकारों को व्यावसायिक सहयोग प्रदान किए गए। राज्यों/संघीय सरकारों तथा केंद्र और राज्य स्तर की एजेंसियों/संस्थानों को तकनीकी/व्यावसायिक अनुसमर्थन प्रदान करने के साथ–साथ राष्ट्रीय विश्वविद्यालय ने अंतर्राष्ट्रीय संगठनों

जैसे– यूनेस्को, यूनिसेफ, विश्व बैंक और अन्य एजेंसियों को भी परामर्शकारी और व्यावसायिक अनुसमर्थन प्रदान किया। राष्ट्रीय विश्वविद्यालय के संकाय की विशेषज्ञता को मान्यता देते हुए, विभिन्न अन्तर्राष्ट्रीय सम्मेलनों/बैठकों/संगोष्ठियों में संकाय को आमंत्रित किया गया।

v aj kZVªh; fudk;ksa ds lkFk lnL;rk vkSj le>kSrs

mPprj f'k{kk uhfr vkSj vuqla/kku dsUnz

lhihvkj,pbZ&U;wk & fcfzV'k dkmafly %,d igy

दुनिया की उच्च शिक्षा की बड़ी व्यवस्था वाले देशों के नीति निर्माताओं और विशेषज्ञों को एक मंच पर लाने

के उद्देश्य से सीपीआरएचई और ब्रिटिश काउंसिल ने संवाद की श्रृंखला का आयोजन किया। इस दिशा में पहला संवाद मई 2014 में मियामी में आयोजित ब्रिटिश काउंसिल के विश्व सम्मेलन में किया गया। इसी क्रम में नई दिल्ली में 10–11 नवंबर 2014 को इन दो संस्थानों के तत्वाधान में वृहद शिक्षा व्यवस्थाओं में उच्च शिक्षा में जन भागीदारी पर अंतरराष्ट्रीय सम्मेलन का आयोजन किया गया। इसमें दुनिया के वृहद शिक्षा व्यवस्था वाले देशों– भारत, चीन, ब्राजील, इंडोनेशिया, नाइजीरिया, पाकिस्तान, रूस, अमरीका और इंगलैंड जहां उच्च शिक्षा में दुनिया का आधा नामांकन शामिल है, ने भाग लिया। इस संगोष्ठी के निम्नलिखित उद्देश्य थे:

- वृहद शैक्षणिक व्यवस्था के संचालन और प्रबंधन के अनुभवों को साझा करना।
- अपवंचित विद्यार्थी आबादी के लिए उच्च शिक्षा की पहुंच का दायरा बढ़ाते हुए गुणवत्ता सुधार की रणनीतियाँ पर चर्चा करना।
- उच्च शिक्षा की प्रभावशीलता और व्यापक भागीदारी सुनिश्चित करने के लिए वृहद शिक्षा व्यवस्थाओं के अभिशासन और प्रबंधन पर विचार–विमर्श करना।
- उच्च शिक्षा में जन भागीदारी के वित्त–पोषण की रणनीतियों पर चर्चा करना।

U;wk & ,fMucxZ fo'ofo|ky;]le>kSrk Kkiu

राष्ट्रीय शैक्षिक योजना एवं प्रशासन विश्वविद्यालय, नई दिल्ली और एडिनबर्ग विश्वविद्यालय, यू.के. ने नई दिल्ली

में दिनांक 20 फरवरी 2015 को दोनों संस्थानों के बीच आपसी शैक्षणिक सहयोग के लिए एक समझौता ज्ञापन पर हस्ताक्षर किए।

न्यूपा की ओर से प्रो. आर. गोविंदा, कुलपति, न्यूपा और एडिनबर्ग विश्वविद्यालय के कुलपति और प्राचार्य सर टिमोथी ओ 'शिया' द्वारा हस्ताक्षरित समझौता ज्ञापन में दोनों संस्थानों के बीच संतुलित विद्यार्थियों/संकाय/स्टाफ के आदान–प्रदान के अलावा साहयोगिक अनुसंधान, प्रकाशन, संयुक्त प्रकाशन और साझा पाठ्यक्रम संचालन को बढ़ावा देने पर विशेष बल दिया गया है। इस ज्ञापन में परस्पर लाभ हेतु अनुभवों, कौशलों और उत्कृष्ट कार्य व्यवहारों को साझा करने के प्रावधान हैं।

भारत और इंग्लैंड दो महत्वपूर्ण संस्थानों के बीच ऐसे समय समझौता ज्ञापन पर हस्ताक्षर किए गए हैं जब सार्वजनिक शिक्षा के सभी स्तरों पर गुणवत्ता का सरोकार विशेषकर भारतीय संदर्भ में एक प्रमुख मुद्दा बना हुआ है।

v kbZ,-v kbZbZ h-, - i fjl j fod kl e sa i xfr

वर्ष 2014–15 में बुरुण्डी में पंजीकृत भारत–अफ्रीका शैक्षिक योजना एवं प्रशासन संस्थान की स्थापना हेतु परिसर विकास और निर्माण/पुर्नस्थापन एवं अन्य भौतिक सुविधाओं में व्यापक प्रगति हुई।

संस्थान की स्थापना हेतु एवं परिसर के विकास के लिए तथा अकादमिक कार्यक्रमों के संचालन हेतु बुरुण्डी सरकार ने 36,972 वर्ग मीटर का भूखण्ड आवंटित किया। यह भूखण्ड बुरुण्डी विश्वविद्यालय, मनोविज्ञान एवं शैक्षिक विज्ञान संकाय, कैम्पस कैमन्गो के परिसर में स्थित हैं बुरुण्डी सरकार द्वारा आवंटित भूखण्ड में दो पुरानी इमारतें हैं। इसमें से एक इमारत में पुनर्निर्माण की आवश्यकता है जबकि दूसरी इमारत में व्यापक नवीकरण की आवश्यकता है जिससे कि संस्थान के अकादमिक कार्यक्रमों का संचालन किया जा सके। भवन के नवीकरण और पुर्निनिर्माण एवं अन्य भौतिक सुविधाओं हेतु लगभग 90 प्रतिशत कार्य पूर्ण हो चुका है। इनमें से एक भवन का प्रयोग प्रशिक्षण कार्यक्रमों के आयोजन के लिए किया जायेगा। इस भवन में चार कक्ष हैं– एक व्याख्यान कक्ष, एक बैठक कक्ष, पुस्तकालय हेतु बड़ा कमरा, और कंप्यूटर लैब केंद्र हेतु एक कक्ष। दूसरे भवन में निदेशक कार्यालय समेत 6–8 संकाय सदस्यों के बैठने के लिए जगह है। इसके अतिरिक्त 8–10 प्रशासनिक स्टाफ के कार्य हेतु जगह तथा संकाय की बैठकों के लिए कक्ष है। अन्य परिसर विकास गतिविधियों में संस्थान के परिसर और मनोविज्ञान तथा शैक्षिक विज्ञान संकाय के बीच दीवार का निर्माण आधा पूर्ण हो चुका है। इसके अतिरिक्त संस्थान के लिए पृथक प्रवेश द्वार का निर्माण और दोनों भवनों को बिजली तथा पानी की आपूर्ति सम्मिलित है।

संस्थान का मुख्य कार्य क्षमता निर्माण/विकास है। संस्थान की स्थापना और संचालन से संबंधित गतिविधियां चरणबद्ध तरीके से क्रियान्वित की जाएगी। अकादमिक कार्यक्रमों/गतिविधियों का प्रथम चरण 2016 के दूसरे भाग में प्रारंभ किया जायेगा। इसके अंतर्गत सम्मिलित होगाः

1. अफ्रीका संघ सदस्य देशों में शैक्षिक योजनाकारों और प्रशासकों का प्रशिक्षण

2. अफ्रीका संघ सदस्य देशों की आवश्यकताओं/परिस्थितियों के अनुसार अनुसंधान तथा केस अध्ययन

3. देश तथा क्षेत्रीय/महाद्वीपीय स्तर पर शैक्षिक विकास में प्रवृत्ति का मूल्यांकन तथा विश्लेषण

4. अफ्रीकी संघ सदस्य देशों की विशिष्ट शैक्षिक योजना तथा प्रबंधन संबंधी क्षमता निर्माण आवश्यकताओं को पूर्ण करने हेतु तकनीकी सहायता

5. प्रभावी शैक्षिक योजना एवं प्रबंधन व्यवहारों तथा शैक्षिक विकास से जुड़े केस अध्ययनों एवं नवाचार तथा अनुसंधान अध्ययनों के निष्कर्षों का प्रचार एवं प्रलेखन

